RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 7 अंक 326
नई दिल्ली, शनिवार, 5 अक्टूबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



हॉरर और एक्शन फिल्में करना चाहती हूं: सोनम

विविध-16

## सप्तम कालरात्रि



**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता। लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषा। वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥**

**माँ** दुर्गाजी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गापूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम असुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं।

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 31.4°C (-3) |
| न्यूनतम | 19.8°C (-2) |

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 37,673 | ↓ | 433 |
| निफ्टी | 11,174 | ↓ | 139 |
| सोना | 39,075 | ↑ | 210 /10g |
| चांदी | 46,490 | ↓ | 110 /kg |

## क्विक न्यूज

### माओवादियों से मुठभेड़ में दो जवान शहीद

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में शुक्रवार को तड़के करीब चार बजे माओवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में झारखंड जैगुआर के दो जवान शहीद हो गए। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक सुरक्षा बल पूरे क्षेत्र की घेरेबंदी कर माओवादियों की तलाश कर रहे थे। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनीस गुप्ता ने बताया कि आज तड़के रांची से लगभग साठ किलोमीटर दूर बुंडू में दशम झरने के निकट डोकापीढ़ी गांव में बड़ी संख्या में माओवादियो के एकत्रित होने की सूचना मिली। वहां विशेष कार्यबल के सदस्यों को भेजा गया लेकिन इससे पहले ही माओवादियों ने झारखंड जैगुआर के जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी। गुप्ता ने बताया कि इसके बाद हुई मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए।

### कर्नाटक, बिहार को बाढ़ राहत के लिए 1813.75 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने कर्नाटक और बिहार में बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान के मद्देनजर राहत कार्यों के वास्ते इन दो राज्यों के लिए 1813.75 करोड़ रुपए की अतिरिक्त वित्तीय सहायता को शुक्रवार को मंजूरी दी। गृह मंत्री अमित शाह ने सभी बाढ़ प्रभावित राज्यों में चल रहे बचाव एवं राहत कार्यों की समीक्षा के बाद अतिरिक्त वित्तीय सहायता को मंजूरी दी। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा, बाढ़ की स्थिति की गंभीरता और बिहार तथा कर्नाटक के राज्य आपदा राहत कोष खातों में निधि की स्थितियों के मद्देनजर गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय आपदा राहत से बिहार के लिए 400 करोड़ रुपए और कर्नाटक के वास्ते 1,200 करोड़ रुपए की अग्रिम राशि जारी करने को मंजूरी दी।

### चेक की क्लोनिंग कर खाते से उड़ाये एक करोड़ नौ लाख


**लखनऊ।** सात सौ से लेकर 900 रुपए की जारी चेक की क्लोनिंग कर जालसाजों ने परिसर स्थित बैंक की मिली भगत से लखनऊ विश्वविद्यालय के खाते से करोड़ों रुपए निकाल लिये हैं। हैरत की बात यह है कि जिन चेक की क्लोनिंग कर फर्मों को भुगतान किया गया है, वह चेक बैंक की तरफ से उन्नीस वर्ष पूर्व जारी हुई थी, वर्तमान में वह चेक प्रचलन में भी नहीं है। भुगतान की गयी फर्मों का भी विश्वविद्यालय से कोई संबंध नहीं है। विवि के मुताबिक अप्रैल 2018 से मई 2019 के बीच 1 करोड़ 9 लाख 82 हजार 935 रुपए 11 चेक के माध्यम से ट्रांसफर किये गये हैं।

# आरबीआई ने घटाई रेपो दर, सस्ते होंगे कर्ज

## पांचवी बार कम हुए रेट, एक दशक में सबसे निचले स्तर पर-जीडीपी ग्रोथ अनुमान घटाया

● शेयर बाजार में 434 अंक की भारी गिरावट

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



शक्तिकांत दास



**अर्थव्यवस्था** की गिरती सेहत को स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हुए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि (जीडीपी ग्रोथ)के अनुमान को 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया। इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही वृद्धि पांच प्रतिशत रही। यह आंकड़ा पिछले छह साल में सबसे कम रहा है। आरबीआई ने आज पांचवीं बार मुख्य नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की और कटौती कर दी। इस कटौती के बाद रेपो दर पिछले करीब एक दशक के निचले स्तर 5.15 प्रतिशत तक पहुंच गई। माना जा रहा है कि रेपो दर में ताजा कटौती के बाद मकान, वाहन तथा दूसरे कर्ज सस्ते होंगे।

हालांकि, शेयर बाजार में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती किए जाने के बावजूद शुक्रवार को 434 अंक की भारी गिरावट रही। शुरुआत में बाजार में तेजी का रुख था लेकिन मौद्रिक समीक्षा में आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाकर 6.1 प्रतिशत किए जाने से बाजार में तेज गिरावट आ गई।

भारतीय स्टेट बैंक सहित ज्यादातर बैंकों ने अब अपनी कर्ज की दर को बाहरी मानकों में रेपो दर से जोड़ दिया है इसलिए रेपो दर में कटौती का लाभ ग्राहकों को मिलने की उम्मीद बढ़ी है। पिछली मौद्रिक समीक्षा में रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 0.35 प्रतिशत की कटौती की थी।

रेपो दर में ताजा कटौती के बाद रेपो दर 5.15 प्रतिशत रह गई है। इसके साथ ही रिवर्स रेपो दर भी इतनी ही कम होकर 4.90 प्रतिशत, सीमांत स्थाई सुविधा (एमएसएफ), बैंक दर भी इसी अनुपात में कटौती के बाद 5.40 प्रतिशत रह गई। करीब एक दशक पहले मार्च 2010 में रेपो दर पांच प्रतिशत थी इससे पहले जनवरी 2010 में यह 4.75 प्रतिशत पर थी।

रेपो दर वह दर होती है जिस पर रिजर्व बैंक, वाणिज्यिक बैंकों को कुछ घंटों से लेकर एक दिन तक के लिए नकदी उपलब्ध कराता है जबकि रिवर्स रेपो दर पर केंद्रीय बैंक वाणिज्यक बैंकों के पास उपलब्ध अतिरिक्त नकदी को अपने पास रखता है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की चालू वित्त वर्ष के दौरान यह चौथी बैठक हुई। तीन दिन चली समीक्षा बैठक के बाद रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को इसके परिणाम की घोषणा की।

बैंक ने आर्थिक गतिविधियों में आई सुस्ती को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया। इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही वृद्धि पांच प्रतिशत रही। यह आंकड़ा पिछले छह साल में सबसे कम रहा है। जीडीपी वृद्धि का तिमाही आंकड़ा पिछले साल दूसरी तिमाही के बाद लगातार गिरावट में है। संशोधित आंकड़ों के मुताबिक 2018- 19 की दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.8 प्रतिशत रह गई थी। जबकि इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह और घटकर पांच प्रतिशत पर आ गई।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सभी छह सदस्यों ने रेपो दर में कटौती के पक्ष में मत दिया। समिति के सदस्य रविन्द्र ढोलकिया ने तो दर में 0.40 प्रतिशत कटौती की वकालत की। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि इस समय महंगाई के बजाय आर्थिक वृद्धि को लेकर बड़ी चिंता है। आर्थिक वृद्धि की गति बढ़ाने के लिए बैंक हर संभव प्रयास करेगा।

मुद्रास्फीति के मुद्दे पर मौद्रिक नीति समिति ने सितंबर तिमाही के अपने अनुमान को मामूली बढ़ाकर 3.4 प्रतिशत कर दिया जबकि वित्त वर्ष की दूसरी छमाही के लिए मुद्रास्फीति 3.5 से 3.7 प्रतिशत के दायरे में रहने का अनुमान बरकरार रखा है। द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य के साथ ही बैंक ने पहली छमाही की रिपोर्ट भी पेश की। इसमें कहा गया है कि मुद्रास्फीति 2021 के शुरुआती महीनों तक तय दायरे के भीतर बनी रहेगी। रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति दर चार प्रतिशत के भीतर रखने का लक्ष्य दिया गया है। इसके दो प्रतिशत ऊपर या नीचे यानी कम से कम दो प्रतिशत और अधिकतम छह प्रतिशत का दायरा भी तय किया गया है। आर्थिक वृद्धि की गति बढ़ाने के लिए सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों का समिति ने स्वागत किया है और इसे सही दिशा में उठाया गया कदम बताया। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि एमपीसी के रेपो दर 5.40 से घटाकर 5.15 प्रतिशत करने के फैसले पर उसने गौर किया है। उसका मानना है कि आर्थिक वृद्धि बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा हाल में किए गए उपायों में यह पूरक कदम साबित होगा।

देश के उद्योग जगत ने भी मौद्रिक नीति समीक्षा में कटौती का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि राजकोषीय और मौद्रिक स्तर पर किए जा रहे उपायों से अर्थव्यवस्था में मांग और निवेश बढ़ेगा। हालांकि, उद्योग जगत ने ( शेष पेज 10 )

मलेशिया-तुर्की को भारत की खरी-खरी

# कश्मीर के मामले में दखल से आएं बाज

**एजेंसी।** नई दिल्ली



रवीश कुमार

**भारत** ने कश्मीर मुद्दे पर तुर्की एवं मलेशिया के बयान की कड़ी निंदा करते हुए देश के आंतरिक मुद्दे से जुड़े विषय पर इन दोनों के बयान को तथ्य से परे बताया तथा मित्रतापूर्ण संबंधों की ओर ध्यान दिलाते हुए उनसे ऐसे बयान देने से बचने को कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने संवाददाताओं से कहा, जम्मू कश्मीर को लेकर हाल का भारत का निर्णय पूरी तरह से आंतरिक मामला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इस विषय पर कई बार तथ्य रख चुके हैं।

तथ्य यह है कि जम्मू कश्मीर ने भारत के साथ विलय के प्रपत्र पर हस्ताक्षर किया था। पाकिस्तान ने उस पर हमला किया और जम्मू कश्मीर के एक हिस्से पर कब्जा कर लिया। इसे संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी माना है। इसके साथ ही जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख में हाल का घटनाक्रम भारत का आंतरिक मामला है।

तुर्की को मित्रतापूर्ण देश बताते हुए कुमार ने कहा कि छह अगस्त के बाद से तुर्की सरकार और उसके विदेश मंत्रालय की ओर से जिस प्रकार के बयान आ रहे हैं, उसकी हम निंदा करते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, तुर्की का बयान तथ्यात्मक रूप से गलत, दुर्भावना से प्रेरित है। हम चाहते हैं कि तुर्की की सरकार वस्तुस्थिति के बारे में उपयुक्त समझ बनाने के बाद ही आगे कोई बयान दें। उन्होंने कहा कि जहां तक मलेशिया का सवाल है, उस देश के साथ भी भारत के मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं और हाल के वर्षो में ए और बेहतर हुए हैं। कुमार ने कहा, लेकिन मलेशिया के बयान (मलेशिया के प्रधानमंत्री का) से हमें भी आर्श्चय हुआ है और हम इसकी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा, मलेशिया के प्रधानमंत्री का बयान तथ्यों पर आधारित नहीं था। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दे को उठाते हुए मलेशिया के प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद ने आरोप लगाया था कि भारत ने जम्मू कश्मीर पर हमला बोला और कब्जा किया। उन्होंने नई दिल्ली से पाकिसतान के साथ मिलकर काम करने को कहा। तुर्की ने भी कश्मीर की स्थिति पर भारत की आलोचना की थी।

# कोर्ट ऑफ इंक्वायरी पूरी दो पर कार्रवाई: वायुसेना

हेलिकॉप्टर क्रैश मामला

● बालाकोट स्ट्राइक के बाद मिसाइल ने बनाया था अपने ही हेलिकॉप्टर को निशाना, वायुसेना प्रमुख राकेश कुमार सिंह भदौरिया ने माना बड़ी चूक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**वायुसेना** प्रमुख राकेश कुमार सिंह भदौरिया ने कहा कि इसी साल 27 फरवरी को कश्मीर में भारतीय वायुसेना के अपने ही हेलिकॉप्टर को मार गिराना बड़ी चूक थी। इस मामले में कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है और दो अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। बालाकोट हमले के बाद पाकिस्तान के साथ हवाई संघर्ष में भारतीय वायुसेना की जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल ने अपने ही लड़ाकू एमआई 17 को मार गिराया था। इस हादसे में सवार सभी छह सैन्य अफसर और जमीन पर इसकी चपेट में आने से एक आम नागरिक की मौत हो गई थी।

बीएस धनौआ के बाद बीते 30 सितंबर को भदौरिया को वायुसेना प्रमुख बनाया गया है। वायु सेना के वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में भदौरिया ने कहा कि बालाकोट हवाई हमले के एक दिन बाद 27 फरवरी की सुबह पाकिस्तानी वायुसेना के साथ हवाई संघर्ष हुआ था। इसमें पाकिस्तान का लड़ाकू विमान भारतीय हवाई सीमा में घुस आया था। उसने राजौरी सेक्टर में स्थिति भारतीय सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना बनाने की कोशिश की थी।

इसी संघर्ष के दौरान बडगाम में भारतीय वायुसेना द्वारा अपने ही एमआई-17 हेलिकॉप्टर को मार गिराया गया। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि यह हमारी तरफ से हुई बड़ी गलती थी। उन्होंने कहा कि कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी पूरी हो गई है। उन्होंने आठ अक्टूबर को आयोजित होने वाले 87वें वायुसेना दिवस से पहले कहा कि इस मामले में दो अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है ताकि ( शेष पेज 10 )

### अदालत ने आरे कॉलोनी को वन क्षेत्र घोषित करने संबंधी याचिका खारिज की

**एजेंसी।** मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय ने आरे कॉलोनी को वन क्षेत्र घोषित करने और वहां पेड़ काटने संबंधी बीएमसी के एक फैसले को रद्द करने को लेकर दायर याचिकाओं को शुक्रवार को खारिज कर दिया। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने मेट्रो कार शेड के लिए 2,600 पेड़ों को काटने की मंजूरी दी थी। मुख्य न्यायाधीश प्रदीप नंदराजोग और न्यायमूर्ति भारती डांगरे की पीठ ने गोरेगांव की आरे कॉलोनी के संबंध में एनजीओ और पर्यावरण कार्यकर्ताओं की ओर से दायर चार याचिकाओं को खारिज कर दिया। गोरेगांव महानगर का प्रमुख हरित क्षेत्र है। खंड पीठ ने आरे कॉलोनी को हरित क्षेत्र घोषित करने के संबंध में शहर के एनजीओ वनशक्ति की याचिका को भी खारिज कर दिया। अदालत ने कहा, यह मामला उच्चतम न्यायालय और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के समक्ष लंबित है।

# भाजपा 150 व शिवसेना 124 सीटों पर आजमाएगी किस्मत

● मतभेदों के बावजूद हिन्दुत्व दोनों पार्टियों को जोड़े रखने वाली समान डोर: फडणवीस

● राज्य में 21 अक्टूबर को होगा मतदान होगा, 24 को परिणामों की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

महाराष्ट्र विस चुनाव



मुंबई में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस।

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि मतभेदों के बावजूद हिन्दुत्व शिवसेना और भाजपा को जोड़े रखने वाली समान डोर है और 21 अक्टूबर को होने वाले मतदान के बाद महाराष्ट्र में हम अपनी सत्ता कायम रखेंगे। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा कि भाजपा, शिवसेना और अन्या दलों के गठबंधन महायुति को चुनाव में अभूतपूर्व जीत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा और शिवसेना हिंदुत्व के धागे से जुड़े हैं। सीट बंटवारे पर लोकसभा चुनाव के दौरान ही फैसला हो चुका था। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे को वर्ली विधानसभा सीट से सबसे अधिक मत मिलेंगे। प्रेस कांफ्रेंस में आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। अब स्पष्ट हो गया है कि विधानसभा चुनावों में भाजपा 288 सीटों में से 150 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली है। शिवसेना 124 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बाकी 14 सीटें सहयोगी दलों को दी गई हैं। यह सभी भाजपा के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेंगे। फडणवीस ने कहा कि वह भाजपा के बागी प्रत्याशियों से अगले दो दिनों में अपना नामांकन वापस लेने के लिए कहेंगे। कैबिनेट मंत्रियों सहित कुछ वरिष्ठ भाजपा नेताओं को टिकट नहीं देने के बारे में पूछने पर फडणवीस ने कहा कि किसी को भी हटाया नहीं गया केवल दूसरी जिम्मेदारी दी गई है।

उद्धव ठाकरे ने आदित्य ठाकरे के लिए सीएम पद की ( शेष पेज 10 )

## अयोध्या विवाद: न्यायालय 17 अक्टूबर को सुनवाई पूरी करेगा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद की जमीन के स्वामित्व विवाद मामले की सुनवाई पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले 17 अक्टूबर तक पूरी कर ली जाएगी। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्ईय संविधान पीठ ने 37वें दिन की बहस समाप्त पर इस विवाद में चल रही सुनवाई पूरी करने की नई तारीख 17 अक्टूबर निर्धारित की। पहले इस मामले की सुनवाई 18 अक्टूबर तक पूरी करने का कार्यक्रम था।

पीठ ने कहा कि इस विवाद में मुस्लिम पक्षकार अपनी बहस 14 अक्टूबर तक पूरी करेंगे और इसके बाद दो दिन का समय अर्थात 16 अक्टूबर तक हिन्दू पक्षकारों को इन दलीलों का जवाब देने के लिए उपलब्ध होगा। अंतिम दिन 17 अक्टूबर को इस मामले की सुनवाई पूरी कर ली जाएगी और सभी पक्षकार इस मामले में राहत के बारे में अंतिम दलीलें पेश करेंगे। इस मामले में शीर्ष अदालत का फैसला 17 नवंबर से पहले ही आने की उम्मीद है क्योंकि प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई उस दिन सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अयोध्या विवाद की सुनवाई करने वाली संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर शामिल हैं। संविधान पीठ ने इस सप्ताह रोजाना एक घंटा अतिरिक्त सुनवाई की और इस दौरान पक्षकारों को उनके लिए निर्धारित समय से बाहर नहीं जाने दिया। शीर्ष अदालत ने सभी पक्षकारों को आगाह ( शेष पेज 10 )

# निर्यात पर लगी रोक तो शेख हसीना ने बंद किया प्याज खाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में भारत-बांग्लादेश बिजनेस फोरम को संबोधित करती बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना।

● मजाकिया अंदाज में कहा, ऐसे निर्णय लेने से पहले भारत को देनी चाहिए जानकारी

**ऐसा** लगता है कि भारत में प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध का असर पड़ोसी बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के रसोई घर पर भी पड़ा है क्योंकि उन्होंने हल्के अंदाज में कहा है कि ऐसे निर्णय करने से पहले इसकी जानकारी देना चाहिए।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा कि प्याज निर्यात पर भारत की ओर से अचानक प्रतिबंध लगा दिए जाने से उनके देश वासियों को थोड़ी दिक्कत हुई है। उन्होंने हलके अंदाज में कहा, मुझे नहीं पता कि आपने प्याज (निर्यात) को क्यों रोक दिया है। तो क्या हुआ, मैने ऐसा किया कि....मैने अपने रसोईए को कहा है कि खाने में प्याज का इस्तेमाल मत करो....ऐसे फैसलों के बारे में पूर्व सूचना से मदद मिलेगी। अचानक आपने इसे रोक दिया और इससे हमारे लिए कठिनाई पैदा हो गई है। भविष्य में, अगर आप ऐसा निर्णय कर रहे हैं तो पूर्व सूचना मदद करेगी। हसीना भारत बांग्लादेश बिजनेस फोरम को यहां संबोधित कर रही थीं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री यहां पीयूष गोयल भी इस समारोह में मौजूद थे। इसका आयोजन सीआईआई और एसोचैम ने किया था। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशियाई देशों को बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक मानसिकता से आगे बढ़ना चाहिए क्योंकि बहुलवाद क्षेत्र की ताकत रही है। बांग्लादेश बिम्सटेक, बीबीआईएम, बीसीआईएम और दक्षेस जैसे समूहों के साथ क्षेत्रीय सहयोग पर जोर देता रहा है। उन्होंने कहा कि संपर्क स्थापित करने से हमें एक दूसरे के साथ सहयोग करने के लिए रास्ता मिलेगा। हसीना ने कहा कि पिछले दशक में कई उदात्त क्षेत्रीय विचारों के साथ पहलें सामने आईं जिनमें से कुछ सफल रहे जबकि कुछ नाकाम रहे। उन्होंने कहा, अगले दशक में, हमें कुछ सिद्धांतों का पालन करना चाहिए - सर्वप्रथम हमें अपने समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए शांति, स्थिरता और सौहार्द सुरक्षित करने का प्रयास करना चाहिए। हमें बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक मानसिकता से आगे बढ़ना चाहिए। बहुलवाद दक्षिण एशिया की ताकत रहा है।

हसीना ने कहा कि क्षेत्र के देशों को दक्षिण एशिया की क्षेत्रीय, जातीय और भाषाई विविधता का जश्न मनाने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा, दूसरी बात यह है कि हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि समाज में मौजूद असमानताएं और नहीं बढ़ें। उन्होंने कहा कि धन सृजन समावेशी होना चाहिए और इसे निचले स्तर तक पहुंचना चाहिए। बांग्लादेशी प्रधानमंत्री ने कहा कि अल्प विकसित देशों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए और सभी देशों के बीच आपसी विश्वास और सम्मान पर जोर दिया जाना चाहिए।

### रविदास मंदिर के लिए तलाशें वैकल्पिक स्थान: सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने दिल्ली के तुगलकाबाद वन क्षेत्र में गुरू रविदास के मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर कहा कि मंदिर के लिए दूसरी जगह तलाशी जाए, जिस पर सभी पक्ष सहमत हों। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट की पीठ ने कहा कि वह सभी की भावनाओं का सम्मान करती है लेकिन कानून का पालन तो करना ही होगा। पीठ ने कहा कि सभी संबंधित पक्ष सर्वमान्य समाधान लेकर अगली सुनवाई 18 अक्टूबर पर पेश हों।

न्यायालय के निर्देश पर दिल्ली विकास प्राधिकरण ने इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। पीठ ने कहा कि अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल भी इस मामले में पेश हो रहे हैं। सभी पक्षकार मिलकर मंदिर के लिए बेहतर स्थान खोजें और आम सहमति बनाएं।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 5 अक्टूबर 2019



# मनमानी फीस : चार स्कूलों पर जुर्माना

## 16 निजी विद्यालयों के खिलाफ अभिभावकों की शिकायतों पर हुई सुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिले में मनमाने तौर से फीस वसूलने व नियमों का पूर्ण रूप से पालन न करने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ जुर्माना लगाया गया है।

शुक्रवार को सेक्टर 27 स्थित डीएम कैंप कार्यालय में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक हुई। इस दौरान दो माह के अंदर 16 निजी स्कूलों के खिलाफ अभिभावकों द्वारा दी गई शिकायतों की सुनवाई की गई। जिले के चार स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 175000 रुपये का जुर्माना लगाया गया, साथ ही बढ़ी हुई फीस अभिभावकों को एक सप्ताह के अंदर वापस करने के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर बीएन सिंह ने स्कूलों पर की गई शिकायत पर सुनवाई की और स्कूलों को नियमों के पालन करने के लिए कहा।



स्कूल प्रबंधकों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी बीएन सिंह। फोटो: दीपक यादव

सेक्टर-34 स्थित बिलाबोंग स्कूल पर 25 हजार का जुर्माना लगाया गया। स्कूल पर डीएफआरसी जिला शुल्क नियामक समिति के नियमों का पूर्ण रूप से पालन न करने के लिए यह जुर्माना लगाया गया है। सेक्टर-11 स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल को पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों को पूर्ण रूप से लागू न करने के लिए 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है। सेक्टर-50 स्थित रामाज्ञा स्कूल पर बीच सत्र में फ ीस में इजाफा करने के लिए 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है। ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन स्थित रेयान स्कूल पर भी डीएफआरसी के नियमों का पूर्ण रूप से पालन न करने के लिए 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

### बंद होंगे बिना मान्यता प्राप्त चलने वाले विद्यालय

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अदिति सिंह एवं सीडोओ उदय सिंह ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र गुप्ता से कहा कि पिलखुवा में अवैध स्कूल का संचालन हो रहा है, जिसकी गहनता से जांच करने तथा जनपद में संचालित अवैध स्कूलों पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए।

## आईबी अलर्ट के बाद गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर बढ़ाई गई सुरक्षा

**गाजियाबाद।** आईबी के अलर्ट के बाद दिल्ली—हावड़ा ट्रैक पर सुरक्षा व्यवस्था टाइट कर दी गई है। अलर्ट को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर डॉग स्कवायड से संघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके अलावा बम निरोधक दस्ता भी तैयार रहा। जीआरपीएफ और आरपीएफ की टीम ने ईएमयू, एक्सप्रेस-वे, पैसेंजर ट्रेनों में चेकिंग की। इस दौरान यात्रियों के बैग भी चेक किए गए।

वहीं, आने-जाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी गई। रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहरी एरिया में भी लगातार सुरक्षा को देखते हुए संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। जीआरपी और आरपीएफ पूरी तरह से मुस्तैद है। सीओ रेलवे आरपी त्रिपाठी ने बताया कि त्यौहारों को देखते हुए पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# भू-माफियों के कब्जे से सरकारी जमीन मुक्त

### नगर निगम की पहल पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज।

- जमीन की बाजार में कीमत करीब सौ करोड़ रुपये है



सरकारी जमीन खाली कराते निगम अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम ने हिंडन विहार क्षेत्र में भूमाफिया द्वारा कब्जाई गई करीब 100 करोड़ की भूमि को मुक्त कराया और उस पर अपना कब्जा ले लिया।

साथ ही नगर निगम की ओर से भू-माफिया वह उसके चार किरायेदारों के खिलाफ सिहानी गेट थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने बताया कि भूमाफिया देवेंद्र ने नगर निगम के करीब 26 हजार मीटर भूमि पर न केवल अवैध कब्जा कर रखा था बल्कि टिन शेड डालकर उसे किराए पर भी दे रखा था। यह नगर निगम की जमीन थी। सिटी जोन के अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम हिंडन विहार पहुंची और कई घंटे की मशक्कत के बाद उस पर से अवैध कब्जा हटा लिया और अपने कब्जा में ले ली। उन्होंने बताया कि इस जमीन की बाजारी कीमत करीब 100 करोड़ रुपए है। सुधीर शर्मा की ओर से देवेंद्र त्यागी समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ सिहानी गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अभियान के दौरान के दौरान अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार एसडीएम खालिद अंजुम, लेखाधिकारी अरुण मिश्रा, मुख्य अभियंता मुइनुद्दीन, सिटी जोन प्रभारी सुधीर शर्मा व निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# महंगी जांचों से मरीजों को मिलेगी राहत

- एमएमजी अस्पताल की लैब होगी अपग्रेड

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



जिला एमएमजी अस्पताल परिसर में बनी संक्रामक रोग विभाग की लैब अब प्रदेश की मॉडल लैब बनने जा रही है। इस लैब में सभी संक्रामक रोगों की जांच होगी।

इसके लिए केंद्र सरकार की टीम ने निरीक्षण के बाद लैब को अपग्रेड करने की संस्तुति की है। लैब के अपग्रेड होने से जनपदवासियों को प्राइवेट लैब पर महंगी जांच करवाने से निजात मिल सकेगी। जनपदवासियों को संक्रामक रोगों जैसे हैपेटाइटिस बीए सीए डीए स्क्रब टाइफसए डिप्थीरिया समेत सभी रोगों की जांच के लिए निजी लैब पर मोटी रकम खर्च करनी पड़ती है। हालांकि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, स्वाइन फ्लू की जांच आईडीएसपी लैब इंटीग्रेटिड डिजीज सर्विलेंस प्रोजेक्ट लैब के जरिए होती है। आईडीएसपी लैब से सैंपल दिल्ली भेजा जाता है जिसकी रिपोर्ट एक या दो दिन बाद मिलती है। कुछ समय बाद ये सभी जांच भी यहीं हो सकेंगी।

जिला मलेरिया अधिकारी जीके मिश्रा ने बताया कि केंद्र सरकार की तीन सदस्यीय टीम ने गाजियाबाद की आईडीएसपी लैब का दौरा किया। टीम में दो केंद्र सरकार के सदस्य और एक आईडीएसपी लैब के सीनियर अधिकारी थे। उन्होंने यहां आने वाले सैंपलों की संख्या और व्यवस्थाओं को देखते हुए आधुनिक लैब की जरूरत महसूस की। आईडीएसपी में होने वाली पानी की विभिन्न जांचों से टीम काफी प्रभावित भी हुई। डीएमओ ने बताया कि टीम ने गाजियाबाद में आधुनिक आईडीएसपी लैब बनाए जाने की बात कही है। यहां बनने वाली लैब यूपी की मॉडल लैब होगी, जिसमें सभी प्रकार के संक्रामक रोगों और पानी की सभी प्रकार की जांच की सुविधा होगी। डीएमओ ने कहा कि इस संबंध में सरकार से संस्तुति की है और जल्द ही आईडीएसपी लैब को आधुनिक बनाने का काम शुरू करवा दिया जाएगा।

## जेवर एयरपोर्ट: मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी पर सौंपी रिपोर्ट

**नोएडा।** जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी की प्राथमिक व्यवहारिक रिपोर्ट राइट्स ने यमुना प्राधिकरण को सौंप दी हैं। प्राधिकरण रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद ट्रांसपोर्ट के बेहतर विकल्पों पर विचार किया जाएगा।

प्राधिकरण की संस्तुति के साथ रिपोर्ट को शासन के पास भेजा जाएगा। एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी अंतरराज्यीय होने के कारण शासन इस पर फैसला करेगा। जेवर एयरपोर्ट के लिए कराए गए यात्री सर्वे के अनुसार सबसे अधिक यात्री दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से होंगे। एयरपोर्ट पर हवाई सेवाओं का संचालन शुरू होने से पहले साल में ही सालाना पचास लाख यात्री मिलने का अनुमान लगाया गया है। इन यात्रियों को एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए ट्रांसपोर्ट की सुविधा मुहैया करना चुनौतीपूर्ण हैं।

ऐसे विकल्प तलाश किए जा रहे हैं, जिनके जरिये यात्री बिना किसी असुविधा के कम से कम समय में एयरपोर्ट तक पहुंच सकें। मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट की व्यवहारिक एवं विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कराने के लिए राइट्स को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इस रिपोर्ट का अध्ययन करके इसमें विकल्प व्यवहारिक व लागत के हिसाब से उन पर काम आगे बढ़ाया जाएगा। मेट्रो के लिए डीएमआरसी पहले ही अपनी रिपोर्ट प्राधिकरण को सौंप चुकी है।

# गोलियों से दहला एनसीआर, चार गिरफ्तार

- मुठभेड़ में सिपाही समेत तीन घायल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गोली बारी के दौरान घायल हुए 25 हजारी इनामी बदमाश को पुलिस वाले अस्पताल ले जाते हुए।

जिला पुलिस ने गुरुवार की देर रात में अलग-अलग स्थानों पर हुई मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। दोनों तरफ से चली ताबड़तोड़ गोलियों से दो बदमाश व एक सिपाही घायल हो गए। गिरफ्तार बदमाशों में एक 25 हजार का इनामी भी है।

पहला मामला लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में बंथला नहर पर हुई मुठभेड़ का है। नहर पर लोनी बॉर्डर पुलिस चेकिंग कर रही थी तभी बाइक पर दो युवक संदिग्ध अवस्था में आते दिखाई दिए । पुलिस ने बाइक सवारों रुकने का इशारा किया गया तो उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी की तो सागर उर्फ एप्पल पुत्र रणवीर निवासी बेहटा और आरक्षी मौहम्मद इनाम गोली लगने से घायल हो गया है। सागर पर 25 हजार का इनाम घोषित था।

इसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर मय दो जिंदा, एक खोखा कारतूस, एक चोरी की बाइक बरामद की गई है। सागर का एक साथल आशू मौका पाकर फरार हो गया। दूसरी मुठभेड़ क्राइम ब्रांच मुरादनगर पुलिस टीम तथा बदमाशों के बीच हुई। पुलिस ने ग्राम दुहाई के पास बदमाशों को घेर लिया। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर थी। जवाबी फायरिंग में सलीम पुत्र यासीन निवासी ग्राम नेकपुर गोली लगने से घायल हो गया। गिरफ्तार अभियुक्त का एक साथी मौका पाकर फरार हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रोढ शिक्षा में बढ़ी महिलाओं की भागेदारी

**गाजियाबाद।** सेवा निवृत्त शिक्षका जया बत्रा द्वारा संचालित जया प्रयास हैल्प फाउन्डेशन निस्वार्थ भाव से गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। इस संस्था के जरिये ना सिर्फ जया बल्कि वयोवृद्ध आचार्य राम सेवक शर्मा, राजेश्वरी राजा, प्रीति जैन,इन्दु पुरी,प्रियंका मित्तल, रमा यादव व अन्नपूर्णा बत्रा मिलकर स्कूल की ड्रेस व कॉपी-किताब भी उपलब्ध कराई जाती हैं। जया बताती हैं कि इन गरीब बच्चों की साक्षरता के साथ अहम जरूरत उन्हें भरपेट भोजन, दूध, फल जरूरी है। अत: इन बच्चों को रोजाना दूध व बिस्किट अवश्य मिलते हैं। यहां कक्षा 5 तक की निशुल्क पढ़ाई उपलब्ध कराई जाती है। लगभग 6 वर्ष से अधिक समय से यह अनवरत जारी है। यही नहीं गत 5 सितंबर से प्रोढ़ शिक्षा के तहत उन बच्चों की माताओं की भी पढ़ाई शुरू कर दी है, जिसका परिणाम है कि लगभग 60-70 महिलाओं ने आना शुरू कर दिया है।

### अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की कमेटी गठित

**गाजियाबाद।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा ने महानगर कमेटी के पदाधिकारियों की घोषणा की। यह जानकारी प्रेसवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर शर्मा ने दी। उन्होंने इस मौके पर पंडित राजीव शर्मा को युवा प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष, सोनी शर्मा को महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष, पूजा शर्मा को महिला प्रकोष्ठ की महानगर अध्यक्ष, बबीता शर्मा को महानगर उपाध्यक्ष, निधि शर्मा को महानगर मीडिया प्रभारी, एडवोकेट सुबोध शर्मा को युवा प्रकोष्ठ के महानगर महामंत्री, राजीव शर्मा को युवा प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री, सोनू शर्मा को युवा प्रकोष्ठ के न्यायफल उपाध्यक्ष, निशांत शर्मा को युवा प्रकोष्ठ के महानगर उपाध्यक्ष घोषित किया। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पंडित आरडी शर्मा, ओमकुमार शर्मा राज सिंह शर्मा, जगराम शर्मा, पंडित श्याम शर्मा, पंडित जगदीश मास्टर, नरेश शर्मा एवं सत्यवीर शर्मा आदि मौजूद रहे।

### लीगल प्रदेश अध्यक्ष बने सचिन गुप्ता



**हापुड।** राष्ट्रीय सशक्त हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशोर बंसल ने एडवोकेट सचिन गुप्ता को महासंघ के लीगल सेल (विधि प्रकोष्ठ) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। गुप्ता के मनोनयन पर यति नरसिंहानंद सरस्वती महाराज, हनुमानगढ़ी के महंत श्री श्री आनंदेश्वर गिरी जी महाराज, राष्ट्रीय प्रभारी सुनील मेनन, राष्ट्रीय प्रमुख संरक्षक, सर्व श्री सत्यप्रकाश गुलहरे, रणजीत बचन, राष्ट्रीय महासचिव सुषमा गर्ग, राष्ट्रीय अध्यक्ष आई.टी.सेल गिरीश मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण, प्रमुख राष्ट्रीय संयोजक धर्मेंद्र तिवारी, नीतिश सोनी, पंडित रवि आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### आलोक जैन को एक सप्ताह की रिमांड पर लेगी पुलिस

**नोएडा।** नकली सीमेंट के सबसे बड़े विक्रेता आलोक जैन को रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ करेगी। पुलिस ने न्यायालय से एक सप्ताह की रिमांड मांगी है। रिमांड अर्जी पर सुनवाई के लिए न्यायालय ने सोमवार की तिथि निर्धारित की है। आरोपित को रिमांड पर लेकर पुलिस जांच करेगी कि किन डीलरों को नकली सीमेंट की सप्लाई की गई थी। नकली सीमेंट का बड़ा मामला प्रकाश में आने के बाद उन लोगों की बेचैनी बढ़ गई है, जिन्होंने पिछले कुछ वर्ष के दौरान मकान का निर्माण कराया है। उन्हें चिता सता रही है कहीं उन्होंने नकली सीमेंट का उपयोग तो नहीं किया है।

### बैनामा लेखकों हड़ताल के समर्थन में उतरे किन्नर

**हापुड़।** रजिस्ट्री कार्यालय ग्राम चितौली में जाने के विरोध मे बैनामा लेखकों की 13 सितम्बर से चल हडताल रही । शुक्रवार किन्नर समाज में लोगों ने समर्थन दिया। किन्नर कशिश ने कहा की अगर प्रशासन ने मांगो को पूरा नही किया तो हमारा समाज धरने पर बैठ भूख हडताल करेगा। समिति के सह सचिव अमित शर्मा ने बताया सरकार हमारी जनहित की मांगो को लेकर अनदेखी कर रही है जिसको लेकर सभी ने भूख हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान उदय सिंह जंयत, अजय भास्कर, दिनेश वर्मा, मदन लाल शर्मा, महेन्द्र सिंह, रविन्द्र यादव, आशिष चौधरी, ओमवीर सिंह, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मृतक अमित सेठ की पत्नी ने अब सोशल मीडिया पर चलाई इंसाफ के लिए मुहिम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शिव सेना के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महेश आहूजा के भांजे और कारोबारी अमित सेठ की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं।

हालांकि अधिकारी हत्याकांड के दूसरे तीसरे दिन से ही हत्यारोपियों का सुराग लगने और उनकी जल्द गिरफ्तारी का दावा करते आ रहे हैं। पुलिस से नाउम्मीद हो चुकी अमित की शिक्षिका पत्नी अनुभा सेठ ने अब इंसाफ के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है। अनुभा ट्विटर के जरिये इंसाफ की न सिर्फ गुहार लगा रही हैं बल्कि इंसाफ के लिए लड़ने की मुहिम में लोगों से भी जुड़ने की अपील की है। साथ ही उन्होंने पीएम, केंद्रीय गृह मंत्री और मुख्यमंत्री के ट्विटर हैंडल पर भी पोस्ट कर इंसाफ मांगा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर उसमे लिखा है जस्टिस फॉर अमित सेठ।

आगे लिखा है कि 25 सितम्बर को मेरे पति की घर के पास गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस को सीसीटीवी से हत्यारों की फोटो भी मिल गई लेकिन फिर भी कोई गिरफ्तार नही। मेरे 8 और 12 साल के बच्चे इंसाफ के लिए पूछ रहे हैं। प्लीज हेल्प। अपनी इस पोस्ट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पीएमओ ऑफिस, गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर भी पोस्ट किया है। बता दें कि बीती 25 सितंबर को कारोबारी अमित सेठ की उनके घर के पास ही दो शूटरों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी, वह अपनी कार से घर से निकल कर कुछ ही दूर पहुंचे थे।

## कमरे में लगी आग, तीन लोग झुलसे, गंभीर

**गाजियाबाद।** ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र की सुधीर एंक्लेव कालोनी में बृहस्पतिवार देर रात मॉर्टीन कोइल से कमरे में आग लग गई। आग से झुलस की परिवार के तीनों लोग घायल हो गए।

पुलिस ने तीनों को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां गृहस्वामी की हालत गंभीर बनी हुई है। सुधीर एंक्लेव कालोनी में सन्नी पुत्र कमल परिवार के साथ रहते हैं। ट्रॉनिका सिटी थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार सिंह का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मॉर्टिन कोइल से आग लगने का मामला सामने आया है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक की मौत, दूसरा घायल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के मंडोला गांव में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

युवक की मौत से परिवार में गम का माहौल है। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेजकर अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी है। खट्टा डोला जिला बागपत में वसीम (28) अपनी पत्नी नाजमा, बेटा आतिफ, बेटी इनता के साथ रहते थे। वह मजदूरी कर परिवार का पालन करते थे। बृहस्पतिवार सुबह वह अपने चचेरे भाई शाहरूख के साथ दिल्ली निवासी अपने एक रिश्तेदार के घर गए थे। रात करीब दस बजे वह स्पलेंडर मोटरसाइकिल से घर वापस जा रहे थे। मंडोला गांव के पास अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्क मार दी। टक्क लगने से दोनों भाई घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद वसीम को मृत घोषित कर दिया।

## इमारत से गिरा प्लास्टर, लोगों में मचा हड़कंप

**नोएडा।** गौर सिटी की सिक्स एवेन्यू सोसायटी में बृहस्पतिवार को एक बहुमंजिला इमारत से प्लास्टर छूटकर गिर गया। प्लास्टर गिरने के बाद सोसायटी के लोगों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ है। प्लास्टर गिरने के बाद सोसायटी के लोगों में आक्रोश है।

वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि इमारत के निर्माण में खराब गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। निवासियों ने शुक्रवार को बैठक कर बिल्डर प्रबंधन के खिलाफनाराजगी जताई है। साथ ही बिल्डर को व्यवस्था दुरुस्त करने की चेतावनी दी है।

# नवरात्रि और दशहरा पर मिलावटखोरों के खिलाफ छापेमारी, लिए नमूने

पायनियर समाचार सेवा। हापुड़

नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधी प्रशासन विभाग टीम ने किराना की दुकानों पर छापामार की कार्यवाही की।

नगर के किराना स्टोरो से कुटु का आटा व देशी घी का नमूना लेकर जांच हेतु मुख्यालय भेजे। नगर के रेलवे रोड स्थित पतंजलि किराना स्टोर पर कार्यवाही करते हुऐ देसी घी का एक नमूना व हल्दी का एक नमूना संग्रहित किया गया। इसके भगवानपुरी में परी ट्रेडर्स भगवान पुरी पर प्रवर्तन कार्यवाही करते हुऐ बच्चों के द्वारा प्रयोग किए जाने वाले खाद्य पदार्थ आलू का लच्छा एव दाल मखानी के दो नमूने संग्रहित किए।

टीम ने मंडी पाटिया मे मैसस रघुवीर सराय राजकुमार कार्यवाही करते हुऐ कुट्टू के आटे का एक नमूना संग्रहित किया गया। जिला खाद्य सुरक्ष अधिकारी पवन कुमार ने बताया ये अभियान नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को दृष्टिगत रखते हुऐ चलाया जा रहा है। और संग्रहित किये गए सभी नमूनो को जांच हेतु राजकीय लैब लखनऊ को भेजा गया है। जाँच रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



नोएडा सेक्टर 16 की मार्केट में लगी आग का बुझाते लोग।

## सेक्टर 16 की मार्केट में लगी आग, हताहत नहीं

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 16 की मार्केट में शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। स्थानीय दुकानदारों ने जब आग देखी तो उसे अपने स्तर पर बुझाने का प्रयास किया। जब वह सफल नहीं हुए तो उन्होंने फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाना शुरू कर दिया। आग को 2 घंटे में नियंत्रित किया गया।

इस आग किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन लाखों का सामान जल कर राख हो गया। आग लगने के बाद आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई।

# दुर्गा पूजा पर बनाई 250 मीटर लंबी फ्लोर पेंटिंग

- नोएडा सेक्टर-137 के निवासियों ने दिया आपसी सौहार्द का परिचय

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सरबजनिन पूजा समिति ने सेक्टर 137 में केंद्रीय पार्क (एनेक्सी) में दिल्ली-एनसीआर की सबसे बड़ी 250 मीटर लंबी अल्पोना (फ्लोर पेंटिंग का बंगाली रूप) पर वॉल और स्ट्रीट पेंटिंग बनाकर आपसी सौहार्द का परिचय दिया।

इस दुर्गा पूजा के माध्यम से सेक्टर की आठ हाईराईज सोसाईटी के निवासियों और आसपास के अन्य क्षेत्रों के लोगों को एक साथ मिलकर सभी को जश्न मनाने का मौका मिला। पूजा के माध्यम से लोगों के बीच सकारात्मकता, विश्वास, शांति और सद्भाव की भावना पैदा होगी।

इस दौरान मां दुर्गा की 13 फीट की मूर्ति में पारंपरिक शोलार सहज होगा और इसे नई दिल्ली के सीआर पार्क निवासी व जाने-माने मूर्तिकार मानिक पाल द्वारा बनाया जा रहा है। पूजा को एक कलात्मक बनाने के प्रयास के सिलसिले में देवी दुर्गा के पृथ्वी पर आगमन का जश्न मनाने के लिए महालया की पूर्व संध्या पर कला और चित्रकला का एक और रोमांचक सत्र आयोजित किया।

इस गतिविधि में दुर्गा पूजा मैदान के सामने मां दुर्गा और 250 मीटर लंबी अल्पोना (फ्लोर पेंटिंग का बंगाली रूप) पर वॉल पेंटिंग की एक श्रृंखला शामिल थी।

देबाशीष पॉल चैधरी, नोएडा सेक्टर-137 सर्बजनीन पूजा समिति के अध्यक्ष, ने कहा कि इस उत्सव में भाग लेने के लिए सभी क्षेत्रवासियों को एक नई शहरी पूजा कला बनाने के लिए आमंत्रित किया।

### पूजा में चालीस हजार लोग होंगे शामिल

**पूजा समिति के महासचिव इंद्रनील चैधरी ने बताया कि 30,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैली हुई एवं 5 दिन चलने वाली इस पूजा में लगभग 40,000 से अधिक लोगों के सम्मिलित होने का अनुमान, यह पूजा 4 अक्टूबर से शुरू होने वाले दैनिक नाइट्स, संध्या आरती और प्रसाद, सांस्कृतिक रातों सहित कई गतिविधियों की गवाह बनेगी। 7 अक्टूबर को सांस्कृतिक रातों की झलकियां में कलाकार अमित पॉल द्वारा प्रस्तुति दी जाएंगी। साथ ही फोक डायरीज और क्रेकर्स फ्यूजन 6 और 7 अक्टूबर को बांग्ला और हिंदी में आधुनिक संगीत का प्रदर्शन करेंगे।**

# पिछले साल के मुकाबले वायु प्रदूषण में 25 फीसदी आई कमी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

प्रदूषण को लेकर एनजीटी की सख्ती का असर शहर में दिखने लगा लगा है। नोएडा प्राधिकरण व क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्रवाई के फल स्वरूप शहर की हवा फिलहाल शुद्ध बनी हुई है।

प्रदूषण फैलाने वालों पर सख्ती के चलते पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष वायु प्रदूषण में करीब 25 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, पंजाब व हरियाणा में पराली जलाए जाने की वजह से अब पीएम-10 व पीएम-2.5 में वृद्धि होने की संभावना बढ़ गई है। वायु प्रदूषण को स्थिर रखने के लिए क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ग्रेडेड रिस्पॉस एक्शन प्लान के तहत कार्रवाई करने को लेकर तैयारियां पूरी कर ली है। एनजीटी के आदेश पर नोएडा प्राधिकरण व क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्रदूषण फैलाने वाले संस्थानों पर जुर्माने की कार्रवाई कर रहा है। प्रदूषण बोर्ड ने जनवरी से अब बिल्डरों व अन्य संस्थानों पर करीब ढाई करोड़ रुपये जुर्माना लगा चुका है। प्राधिकरण भी संस्थानों पर जुर्माना लगाने के साथ सड़क पर साफ सफाई अभियान तेज कर दिया है। इस वजह से सड़कों पर धूल कम उड़ रही है। है। पिछले तीन महीने से बीच-बीच में बारिश होने से हवा में शामिल धूल के कण जमीन पर आ जा रहे हैं। अगस्त में हवा में मौजूद पीएम-10 व पीएम.2.5 का स्तर सिर्फ 4 दिन ही 100 से अधिक रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# ग्रे लाइन शुरू, नजफगढ़ से द्वारका 6.20 मिनट में

## केंद्रीय मंत्री पुरी और सीएम केजरीवाल ने मेट्रो को दिखाई हरी झंडी, भावुक हुए मंत्री-सांसद

● पीक आवर में ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी साढ़े 7 मिनट होगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली के नजफगढ़ और उसके आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए दिल्ली के अन्य इलाकों में आनाजाना आसान हो गया है। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को मेट्रो भवन में द्वारका-नजफगढ़ ग्रे लाइन मेट्रो ट्रेन को झंडी दिखा रवाना कर इसका उद्घाटन किया।

यह मेट्रो लाइन लोगों का सफर कितना आसान कर देगी। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि महज 6.20 मिनट में लोग द्वारका से नजफगढ़ या नजफगढ़ से द्वारका पहुंच सकेंगे। अभी ट्रैफिक जाम और खराब सड़क की वजह से 4.2 किलोमीटर की दूरी तय करने में 15 से 20 मिनट या कई बार आधा घंटा तक लग जाता है।

इस रूट पर पीक आवर में ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी साढ़े 7 मिनट तय की गई है यानी प्लेटफार्म से एक ट्रेन के निकल जाने के बाद दूसरी ट्रेन साढ़े 7 मिनट के अंतराल पर मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ग्रे लाइन मेट्रो के उद्घाटन अवसर पर कहा कि दिल्ली मेट्रो के पहले खंड की शुरूआत वर्ष 2002 में हुई थी और 17 साल में इसका दायरा बढ़ कर 377 किलोमीटर हो गया है।

वहीं केजरीवाल ने कहा कि द्वारका से नजफगढ़ के लिए मेट्रो लाइन के लिए 21 साल से संघर्ष हो रहा था। अब इस लाइन के शुरू होने से लोगों को कितनी खुशी मिली है।

उसे परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के आंखों को देखकर समझा जा सकता है। जब इस क्षेत्र के विधायक इतने खुश हैं तो आम जनता की खुशी को आसानी से समझा जा सकता है। दुनिया में दो-तीन ही शहर हैं जहां मेट्रो का इतना बड़ा नेटवर्क है। इस काम को करने में डीएमआरसी बड़ी भूमिका अदा की है।



मेट्रो भवन में ट्रेन को झंडी दिखाते केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, सीएम केजरीवाल व मंत्री कैशाला गहलौत फोटो रंजन डिमरी।

### एक तिहाई बिजली का इंतजाम सौर ऊर्जा से

केजरीवाल के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण कम करने में भी मेट्रो का बड़ा योगदान है। दिल्ली सरकार इसके लिए तमाम कदम उठा रही है। मेट्रो का विस्तार उनमें एक है। दिल्ली में 25 प्रतिशत प्रदूषण कम भी हुआ है। जैसे जैसे मेट्रो का दायरा बढ़ेगा। प्रदूषण का स्तर कम होता जाएगा। बाहरी दिल्ली के लोगों के मन में एक मलाल था कि वह विकास से दूर है। लेकिन अब ऐसा नहीं है। नजफगढ़ में रहने वाले लोग अब एक घंटे में दिल्ली एनसीआर के किसी कोने में आ जा सकते हैं। दिल्ली में मौजूद बिजली का पांच प्रतिशत मेट्रो को चाहिए। नजफगढ़ मेट्रो स्टेशन पर इस्तेमाल के एक तिहाई बिजली का इंतजाम सौर ऊर्जा से किया गया है। यह अच्छी पहल है।

### 70 गांव और 400 कॉलोनियों के लोगों को होगा फायदा

परिवहन मंत्री और नजफगढ़ के विधायक कैलाश गहलोत ने बताया कि इलाके लोग वर्षों से मेट्रो की मांग कर रहे थे। विधानसभा चुनाव के दौरान केजरीवाल ने वादा किया था कि मुख्यमंत्री बनने पर नजफगढ़ को मेट्रो की सौगात देंगे वह आज पूरा कर दिया। वह भले ही परिवहन मंत्री हैं लेकिन उससे पहले यहां के विधायक हैं। इस कारण उन्हें इलाके के लोगों के दर्द का पता है। आज लोगों की आंखों में खुशी के आंसू हैं। इस मेट्रो लाइन से बाहरी दिल्ली के करीब 70 गांव और 400 कालोनियां जुड़ गई हैं। लाखों लोग अब मेट्रो में सफर कर सकेंगे। पहले बाहरी दिल्ली के लोगों को मेट्रो के लिए द्वारका मोड़ जाना पड़ता था। इससे उनका काफी समय बर्बाद होता था। अब नजफगढ़ से 50 मिनट में नोएडा और वैशाली पहुंच सकेंगें। शुरुआत में इस रूट पर 3 ट्रेन चलेंगी और बाद में इनकी संख्या बढ़ाकर चार कर दी जाएगी। इस कॉरिडोर पर ट्रोनों की फ्रिक्वेंसीं 7 मिनट 30 सेकंड होगी। इस लाइन के



जुड़ने के बाद अब मेट्रो में 274 स्टेशन हो गए हैं। ट्रेनों की संख्या भी बढ़कर 336 हो गई है। इस लाइन का अगला स्टेशन ढ़ांसा बस स्टैंड होगा। जिसके निर्माण का काम चल रहा है। यह दिसंबर 2020 तक पूरा होगा।

# नई दिल्ली से लोहियां खास तक चली सरबत दा भला एक्सप्रेस

● रेल मंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रेल मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को यहां नई दिल्ली से लोहियां खास जाने वाली सरबत दा भला एक्सप्रेस ट्रेन को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

पहले नई दिल्ली-लुधियाना इंटरसिटी के नाम से जानी जाने वाली यह ट्रेन अब पवित्र शहर सुल्तानपुर लोधी होते हुए जालंधर में लोहियां खास तक जाएगी। समारोह में केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन और हरसिमरत कौर बादल मौजूद थे। ट्रेन को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से शुक्रवार को प्रात: 6.30 बजे रवाना किया गया। यह ट्रेन सुल्तानपुर लोधी अपरान्ह 2.38 बजे पहुंचेगी।

गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व के अवसर पर ट्रेन का नया नामकरण करने का अनुरोध केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने किया था। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि



कल ही वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत की गई जो श्रद्धालुओं को माता वैष्णो देवी तक लेकर जाएगी और आज यह ट्रेन तीर्थयात्रियों को सुल्तानपुर लोधी तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा तीर्थों से जोड़ने से अधिक पवित्र कार्य और कुछ नहीं हो सकता।

बादल ने ट्रेन का नाम बदलने के प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए गोयल को धन्यवाद दिया और कहा कि पंजाब के लोगों के लिए यह भावनाओं ने जुड़ा हुआ मुद्दा है। उन्होंने कहा कि सरबत दा भला या सभी का कल्याण गुरु नानक देव की शिक्षा का मूल है, इसीलिए ट्रेन का यह नामकरण किया गया। बठिंडा से सांसद बादल ने कहा कि सिखों के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर लोधी में गुरु नानक ने अपने जीवन के 14 वर्ष गुजारे थे और सभी समुदायों के एक होने की शिक्षा दी थी।

स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा कि यह ट्रेन दिल्ली के निवासियों के लिए उपहार है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली स्टेशन से एयरपोर्ट मेट्रो और येलो लाइन को जोड़ने के लिए स्काईवॉक पुल बनाया जाएगा।

# रेलवे कर्मियों का तेजस के खिलाफ प्रदर्शन

**नई दिल्ली/गाजियाबाद।** रेलवे यूनियनों ने देश की पहली निजी ट्रेन आईआरसीटीसी की तेजस एक्सप्रेस के खिलाफ गाजियाबाद और नई दिल्ली स्टेशनों पर प्रदर्शन किया।

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से इस ट्रेन को शुक्रवार सुबह रवाना किया। अखिल भारतीय रेलकर्मी संघ (एआईआरएफ) ने कहा कि वह पहली निजी ट्रेन तेजस तथा 150 और ट्रेनों को निजी क्षेत्र को देने के खिलाफ विरोध दिवस मना रहा है।

तेजस एक्सप्रेस की शुरुआत को काला दिवस बताते हुए रेलवे संघों के सदस्य हाथों में बैनर लिए हुए और नारेबाजी करते हुए यहां मंडल रेलवे कार्यालय के सामने इकट्ठा हुए। तेजस एक्सप्रेस लखनऊ से दिल्ली की दूरी करीब सवा छह घंटे में तय करेगी।

# मंत्री इमरान ने प्याज की जमाखोरी पर अंकुश लगाने का दिया निर्देश

● अधिकारी सुनिश्चित करें बिचौलिए, एजेंट, आढतिये संकट का फायदा न उठा सके

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने प्याज की जमाखोरी पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया है।

उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि इस संकट का थोक विक्रेता, बिचौलिए, कमीशन एजेंट, आढतिये फायदा नहीं उठा सकें। ऐसे में जमाखोरी, कालाबाजारी और मुनाफाखोरी जैसी अनियमित एवं असामान्य गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए उनकी बाजार गतिविधियों पर लगातार नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने यह बात शुक्रवार को आयुक्त खाद्य एवं आपूर्ति, राजस्व विभाग, दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, कृषि विपणन बोर्ड, के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्याज वितरण की समीक्षा बैठक में कही। इमरान हुसैन ने कहा कि दिल्ली की सभी 70 विधान सभा क्षेत्रों में प्याज की बिक्री के लिए लगाई गई 390 उचित दर दुकानों एवं मोबाइल वाहनों को प्याज की नियमित एवं पर्याप्त आपूर्ति समय से सुनिश्चित करने हेतु सभी एजेंसियां एक दूसरे के साथ तालमेल बनाकर काम करें। सरकार प्याज की कीमतों में उतार चढ़ाव पर नियमित रूप से नजर बनाये हुए है।

# निगरानी समिति और एसटीएफ के रवैये से सुप्रीम कोर्ट नाराज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में अनधिकृत निर्माण के बारे में कानूनों को लागू करने और अतिक्रमण हटाने के लिए गठित निगरानी समिति और विशेष कार्य बल के बीच झगड़े को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नाराजगी व्यक्त की और कहा कि यह अच्छी बात नहीं है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि दोनों समितियां ही एक-दूसरे के काम में बाधा डाल रही हैं और वह चीजों को इस तरह चलने की इजाजत नहीं देगा। न्यायमूर्ति अरूण मिश्रा और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ ने बेहद सख्त रुख अख्तियार करते हुए कहा कि दिल्ली में प्रशासन को लेकर प्राधिकार आपस में लड़ रहे हैं। उनके बीच कोई तालमेल नहीं है। राजधानी में अनधिकृत निर्माणों की सीलिंग के काम की निगरानी के लिए शीर्ष अदालत के आदेश के तहत निगरानी समिति काम कर रही है निगरानी समिति की रिपोर्ट पर पहले दाखिल अपने जवाब में केंद्र ने इस समिति को ही खत्म करने का अनुरोध किया था।

केंद्र का कहना था कि विशेष कार्यबल पहले से ही काम कर रहा है और ऐसी स्थिति में न्यायालय द्वारा गठित निगरानी समिति को अब काम नहीं करना चाहिए।

# डेढ़ लाख मरीजों का मुफ्त इलाज : सत्येंद्र जैन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार ने दावा किया है कि ढाई साल में 1.42 लाख मरीजों का मुफ्त इलाज कराया गया है। इसमें हाई एंड डायग्नोस्टिक टेस्ट, सर्जरी और दुर्घटना, आग से जलने वाले और एसिड अटैक से पीड़ित मरीज भी शामिल हैं। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 2017 में सभी के लिए मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को व्यापक बनाने के मकसद से दिल्ली आरोग्य कोष की घोषणा की थी। इसमें इन तीन योजनाओं को शामिल किया गया था। जिसमें मुफ्त हाई एंड डायग्नोस्टिक स्कीम, नि:शुल्क सर्जरी योजना और सड़क दुर्घटनाओं, तेजाब हमलों और थर्मल बर्न इंजरी के पीड़ितों के लिए इलाज की व्यवस्था की गई थी। स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार सभी को मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुहैया करना चाहते हैं। साथ ही रोगियों के लिए समय पर उपचार सुनिश्चित करते हुए सरकारी अस्पतालों पर बोझ को कम करने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। सर्जरी योजना में, यह रोगी पर निर्भर है कि वह निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम में इलाज कराना चाहता है या नहीं। क्योंकि कुछ लोग यात्रा पर होने वाले खर्च को बचाना चाहते हैं जबकि अन्य अस्पताल के नाम को अधिक प्राथमिकता दे सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



स्वस्थ भारत मीडिया सम्मान-2019 के लिए सम्मानित होते प्रभांशु ओझा।

### हंसराज कॉलेज के प्राध्यापक प्रभांशु ओझा सम्मानित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज महाविद्यालय में प्राध्यापक प्रभांशु ओझा को गांधी शांति प्रतिष्ठान दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में स्वस्थ भारत न्यास द्वारा स्वस्थ भारत मीडिया सम्मान-2019 प्रदान किया गया। पर्यावरण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी विषयों पर विभिन्न पत्रिकाओं में लेखों के लिए उन्हें ये पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय आईआईएमसी के पूर्व निदेशक के जी सुरेश वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद सैनी प्रोफेसर अनिल निगम और स्वस्थ भारत न्यास के प्रमुख आशुतोष सिंह उपस्थित रहे।

### एएसआई के परिवार को 96 लाख मुआवजा

**नई दिल्ली।** सड़क हादसे में मारे गए दिल्ली पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की पत्नी तथा पांच बच्चों को 96.16 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा। यह आदेश मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने शुक्रवार को जारी किया। यह हादसा छह अप्रैल 2018 को उस समय हुआ था जब दिल्ली पुलिस में एएसआई मामचंद तोमर अपनी कार में सवार होकर दिल्ली से गाजियाबाद जा रहे थे। रास्ते में एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी कार को टक्कर मार दी जिससे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

### पेट शॉप के लिए लाइसेंस और पंजीकरण का विरोध

**नई दिल्ली।** कुत्तों के प्रजनन और विपणन नियमों की संवैधानिकता को चुनौती देने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। याचिका पालतू पशु बिक्री की दुकान चलाने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत अनिवार्य पंजीकरण को भी चुनौती दी गई है। पालतू पशु दुकान के मालिकों के एक संगठन ने यह याचिका सबसे पहले उच्चतम न्यायालय में दायर की थी।

### नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन



**नई दिल्ली।** पटेल गार्डन स्थित दीपालय कंप्यूटर सेंटर में राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के सहयोग से नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 50 महिलाओं के स्तन, मुंह और गर्भाशय के कैंसर की जांच की गई। साथ ही बीमारी से बचाव के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में आए लोगों को कई प्रकार के कैंसर की पहचान व उपचार के विषय में जानकारी साझा की गई। संस्था अक्टूबर में कैंसर जागरूकता अभियान चला रहा है। इस प्रकार के नि:शुल्क जांच शिविर द्वारका, तिलक नगर समेत विभिन्न इलाकों में लगाए जाएंगे।

# वाहन फ्री होगी कृष्णा नगर लाल क्वाटर मार्केट, मिलेगी राहत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

त्योहारी सीजन में बाजार में भीड़भाड़ और वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने कृष्णा नगर लाल क्वाटर मार्केट को 7 से 11 अक्टूबर तक वाहन फ्री करने की योजना बनाई।

इस योजना के छाची बिल्डिंग से गोंडली चौक तक कृष्णा नगर लाल क्वाटर मार्केट की करीब 1.25 किलोमीटर लंबी मुख्य सड़क को पैदल यात्रियों के अनुकूल बनाएगा जाएगा। निगम सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक इस मार्ग को वाहन फ्री करने का ट्रायल करेगा।

ईडीएमवी से की आयुक्त डॉ दिलराज कौर के अनुसार इस योजना के क्रियान्वयन के साथ ही लाल क्वाटर मार्केट पूर्वी दिल्ली की पहली वाहन मुक्त और पैदल लोगों के अनुकूल मार्केट होगी। सहायक आयुक्त और प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी अमन राजपूत के अनुसार प्रोजेक्ट के सफल रहने के के बाद क्षेत्र की पार्किंग की समस्या का भी समाधान हो सकेगा। साथ ही भीड़ भी व्यस्थित हो सकेगी।

### एमबी व जेड मोड़ के बीच 17 तक यातायात प्रतिबंधित

**नई दिल्ली।** सीवर लाइन और मैनहोल के निर्माण के चलते इग्नू रोड से एमबी रोड और जेड मोड़ के बीच 3 से 17 अक्टूबर तक यातायात प्रतिबंधित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड ने इग्नू रोड से एमबी रोड की ओर जाने वाहन चालक पर्यावरण कांप्लेक्स निकट बीकानेर स्वीट और कारियप्पा मार्ग से सैनिक फार्म जाने वाले वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करने की सलाह दी है। जलबोर्ड ने असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।


उत्तरी दिल्ली नगर निगम

कार्यालय अधिशासी अभियंता (एम-II)केपीजेड
शक्ति नगर एक्सटेंशन, दिल्ली-110052

नि.आ.सू. सं. ईई(एम-II)/केपीजेड/टीसी/2019-20/43 दिनांक: 30.09.19

निविदा दस्तावेज की बिक्री के लिए आरंभ तिथि : 30.09.19 को अप. 18.01 बजे तक
निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : 21.10.19 को अप. 12.00 बजे तक
बोली जमा करने की अंतिम तिथि : 21.10.19 को अप. 12.15 बजे तक
वित्तीय बोली का खुलना : 21.10.19 को अप. 12.30 बजे

| क्र. सं. | कार्य का नाम | खाता शीर्ष | निविदा राशि | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | कार्य पूर्णता अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड सं. 68 कोहाट एंकलेव मे, संदेश विहार मे म.सं. 109 से 92 तक आरएमसी के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार/विकास। एफ.टी.सी. कोड: 14/66/XL/VIII-S(d) | XL-VIII-S(d) | ₹27,27,174 | ₹29,48,900 | ₹54550/- | 3 माह |
| 2. | वार्ड सं. 68 कोहाट एंकलेव मे, संदेश विहार मे म.सं. 201 से 74 तक आरएमसी के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार/विकास। एफ.टी.सी. कोड: 14/66/XL/VIII-S(d) | XL-VIII-S(d) | ₹32,67,893 | ₹35,33,600 | ₹65400/- | 3 माह |
| 3. | वार्ड सं. 68एन कोहाट एंकलेव मे, लोक विहार बी-ब्लॉक मे म.सं. 154 से 380 तक आरएमसी के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार/विकास। एफ.टी.सी. कोड: 14/66/XL/VIII-S(d) | XL-VIII-S(d) | ₹46,13,665 | ₹49,88,700 | ₹92300/- | 3 माह |
| 4. | वार्ड सं. 68 कोहाट एंकलेव मे, संदेश विहार मे म.सं. 122 से 74 तक आरएमसी के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार/विकास। एफ.टी.सी. कोड: 14/66/XL/VIII-S(d) | XL-VIII-S(d) | ₹32,67,893 | ₹35,33,600 | ₹65400/- | 3 माह |

टिप्पणी 1 : क्र.सं. 1 से 4 तक उपरोक्त प्रत्येक कार्य के लिए निविदा का मूल्य : ₹500/- है और दरों की वैधता अवधि 6 माह है।

टिप्पणी 2 : दि.न.नि. के अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों के लिए बोली हेतु यह निविदा वेबसाइट http://mcdetenders.com पर भी उपलब्ध है। ईई(एम-II)/केपीजेड के पास किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार है।

आर.ओ.सं. 114/डीपीआई/उत्तरी/2019-20 अधिशासी अभियंता (एम-II)केपीजेड



# ब्राह्मण नेता को टिकट नहीं मिलने पर ब्राह्मणों ने जताया रोष

## विस चुनाव को लकर गुरुग्राम की सभी ब्राह्मण संस्थाओं ने की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-29 जिमखाना क्लब में एकत्रित ब्राह्मण संस्थाओं के प्रतिनिधि।

**गुड़गांव** के हुड्डा जिमखाना क्लब सेक्टर चार में गुड़गांव की एक दर्जन से भी ज्यादा ब्राह्मण संस्थाओं ने बैठक की और विस चुनाव में गुरुग्राम से किसी भी ब्राह्मण नेता को टिकट नहीं दिए जाने पर रोष जताया।

बैठक की अध्यक्षता वयोवृद्ध नेता विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री पंडित योगेश कौशिक ने की। ब्राह्मण विकास परिषद सेक्टर-4 के महासचिव पंडित मनोज भारद्वाज ने कहा कि जो ब्राह्मण का सम्मान करेगा वही देश पर राज करेगा। पंडित योगेश कौशिक ने कहा कि आज किसी भी राष्ट्रीय पार्टी ने ब्राह्मण समाज के प्रत्याशी को मैदान में गुरुग्राम से नहीं उतारा है। इस बात का समस्त ब्राह्मण समाज में दुख व रोष है। विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष पंडित कुलदीप वशिष्ठ ने कहा कि आज हमारा समाज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। हम जिसके साथ भी लगेंगे। तन मन और धन से लगेंगे। हमें केवल जरूरत है अच्छे नेतृत्व की। प्रदेश को-ऑर्डिनेटर पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि समाज को आज राजनीति की सख्त जरूरत है। आगामी एक सप्ताह के अंदर समस्त ब्राह्मण समाज फैसला करेगा कि गुड़गांव का विधायक अगला कौन होगा।

ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि आज हमें अच्छे वक्ता और शीर्ष नेतृत्व की जरूरत है। आज ब्राह्मण समाज समाज बिना नेता के पिछड़ा हुआ है। हमें एक अच्छे नेता की तलाश करनी चाहिए। जिसको सारी संस्थाओं का प्रमुख बनाना चाहिए। वह व्यक्ति फैसला लेगा की समस्त ब्राह्मण समाज किधर जाएगा। आज गुरुग्राम में 80000 ब्राह्मण हैं। जो कि अलग-अलग टुकड़ों में बटा हुआ है। उनको हम एक मंच पर लेकर आएंगे और आगामी विधायक ब्राह्मण समाज के आशीर्वाद से बनेगा।

# भारतीय त्योहारों में गोवर्धन पूजा का बहुत महत्व: बाल योगी

## राजेंद्रा पार्क के रतन गार्डन में चल रही है श्रीमद् भागवत कथा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



रतन गार्डन में श्रीमद् भागवत कथा सुनाते बाल योगी जी महाराज।

**भारतीय** त्योहारों में गोवर्धन पूजा का बहुत ही महत्व है। दीपावली की अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस त्योहार का भारतीय लोकजीवन में काफी महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा संबंध दिखाई देता है। यह बात कथा वाचक बाल योगी महाराज ने यहां राजेंद्रा पार्क के रतन गार्डन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन गोवर्धन पूजा का वर्णन करते हुये कही।

उन्होंने कहा कि इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। गोवर्धन पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गो माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं।

# दो दिन तक हरियाणा का दौरा करेगा भारत निर्वाचन आयोग का दल

## नौ व दस अक्टूबर को लेंगे चुनाव तैयारियों का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान मौजूद अधिकारी।

**भारत** निर्वाचन आयोग का एक दल नौ व दस अक्टूबर को हरियाणा का दौरा करेगा। यह दल प्रदेश में विधानसभा चुनाव करवाने की तैयारियों का जायजा लेगा। आयोग के दल के हरियाणा दौरा को लेकर आयोग के उपचुनाव आयुक्त संदीप सक्सेना और हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने प्रदेश के सभी जिलों के आयुक्तों, उपायुक्तों, पुलिस आयुक्तों तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग बैठक करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग का यह दल नौ अक्टूबर को चंडीगढ़ पहुंचेगा और वहीं पर सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा पुलिस अधीक्षकों व मण्डलायुक्तों तथा पुलिस आयुक्तों से चुनाव की तैयारियों के बारे में रिपोर्ट लेगा। इसमें जिला में मतदान प्रतिशत बढाने से लेकर मतदाताओं व मतदान केंद्रों की संख्या, नैतिकता से मतदान करना, स्वीप गतिविधियों, चुनावी खर्च पर निगरानी रखने, सी-विजिल ऐप के संचालन, सुरक्षा प्रबंधों, दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुविधा आदि पर चर्चा होगी। स्वीप गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए चंडीगढ़ में एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें प्रत्येक जिला से स्टॉल होंगे और जिला के अतिरिक्त उपायुक्त उन स्टॉलों पर मौजूद रहकर आयोग के दल को मतदाता जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताएंगे। यही नहीं, इस बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी अपने जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किए जा रहे उपायों तथा नई पहल के बारे में आयोग के दल को अवगत करवाएंगे।

### 3674 दिव्यांग मतदाताओं के लिए केंद्रों में बनेंगे रैंप

**इस** बैठक में गुरुग्राम के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमित खत्री ने बताया कि गुरुग्राम जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 3674 है, जिनके लिए मतदान केंद्रों पर रैम्प की व्यवस्था होगी। इसके अलावा मतदान केंद्र पर व्हील चेयर भी उपलब्ध होगी और जिला रेडक्रॉस सोसायटी तथा धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों की तरफ से वॉलेंटियर मौजूद होंगे, जो दिव्यांगजन तथा ज्यादा वृद्ध मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने में मदद करेंगे। यही नहीं, यदि किसी मतदाता को ट्रांसपोर्ट की आवश्यकता होगी तो वह सुविधा भी जिला प्रशासन द्वारा मतदान के दिन उपलब्ध करवाई जाएगी, लेकिन इस सुविधा के लिए संबंधित व्यक्ति को अपने क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को पहले सूचित करना पड़ेगा। जिला में 3674 दिव्यांगजन मतदाताओं में से सबसे ज्यादा 1151 मतदाता 77-गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र में हैं और 78-सोहना विधानसभा क्षेत्र में ऐसे मतदाताओं की संख्या 900 है। इसी प्रकार 75-पटौदी विधानसभा क्षेत्र में 764 तथा 76-बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांगजन मतदाताओं की संख्या 859 है।

# कुश्ती में सबीना ने नेहा को हराया

## श्री जगदंबा देवी पंखा दंगल कमेटी की ओर से विजय दशमी के उपलक्ष्य में दंगल का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



कुश्ती जीतने के लिए जोर आजमाइश करते पहलवान।

**श्री जगदंबा** देवी पंखा दंगल कमेटी की ओर से विजय दशमी के उपलक्ष्य में शुक्रवार को रामलीला मैदान में दंगल की शुरुआत की गई। पहले दिन कुश्ती के लगभग 60 मुकाबले खेले गए। पहलवानों ने खूब जोर आजमाइश की और एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए पूरा जोर लगाया। समाजसेवी रामकिशन ने पहले दिन के मुकाबलों का उद्घाटन किया।

रामकिशन ने कहा कि कुश्ती हरियाणा की मिट्टी से जुड़ा पारंपरिक खेल है। परंपराओं को जीवित रखने के लिए श्री जगदंबा देवी पंखा दंगल कमेटी का प्रयास सराहनीय है। कमेटी के प्रधान रामधन कांबोज व रामचंद पाला पहलवान ने कहा कि रामलीला मैदान में दंगल की परंपरा 71 सालों से चली आ रही है। हर साल विजय दशमी के नजदीक तीन दिवसीय दंगल का आयोजन किया जाता है। देश के विभिन्न राज्यों से पहलवान दंगल में अपना दम दिखाने पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि पांच और छह अक्तूबर को गुर्ज की कुश्ती होगी। बड़ी संख्या में दर्शक पहलवानों की जोर आजमाइश देखने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर रामचंद पाला पहलवान, नर सिंह, मदन लाल, फूल सिंह, राजिंद्र, इंद्र सिंह, विनोद कुमार, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे। रेफरी की भूमिका संजय ने अदा की। निर्णायक मंडल मं विनोद कांबोज व आशीष शामिल रहे।

### ये रहे परिणाम

**75 किलोग्राम** भार वर्ग में दीवेश मधुबन ने मनोज सालवन को हराया। दीपक करनाल ने अमित जड़ौली को मात दी। लड़कियों के मुकाबलों में सबीना बड़ौता ने नेहा तोमर तथा शबनम बड़ौता ने मन्नु उचाना को हराया। 55 किलोग्राम से कम भार वर्ग में जतिन ने सत्यम, निशांत ने सागर, यश ने यश बड़ौता व साहिल ने पीयूष को मात दी।

# संक्षिप्त समाचार

### होटल में घुसकर जानलेवा हमला

**गुरुग्राम।** थाना पालम विहार के अंतर्गत एक होटल संचालक के साथ-साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। इसके बाद उस कमरे में बंद कर दिया। उनके हाथों में फरसानुमा चीज भी थी, जिसे वे लहराते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे थे। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार डूंडाहेड़ा गांव निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र खजान सिंह ने पालम विहार थाना में शिकायत देकर कहा है कि वह डिस्पेंसरी के सामने फूड जंक्शन के नाम से एक होटल/रेस्टोरेंट की देखभाल करता है। यह होटल मुकेश कुमार पुत्र सूरजभान का है। बीती 26 सितम्बर 2019 का रात को करीब साढ़े 10 बजे होटल पर हंसराज पुत्र केहर सिंह, हंसराज का बेटा सुधीर व विरेंद्र राज उर्फ बिल्लू के लड़के अजय एवं विजय तथा संदीप पंडित अन्य 10-12 लोगों के साथ जबरदस्ती होटल में घुसे। ये सभी डूंडाहेड़ा के ही रहने वाले हैं। होटल में घुसते ही सभी ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। अंदर कमरे में भी बंद कर दिया। होटल में काफी तोड़फोड़ की। तोड़फोड़ के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर, ऑनलाइन ऑर्डर करने का सिस्टम और एक सेटअप बॉक्स उखाड़ा और अपने साथ ले गये। वहां काम करने वाले वर्कर्स के फोन तंदूर में डाल दिये। जाते समय धमकी भी दे गये कि आज तो छोड़ दिया है, आगे जान से भी मार देंगे। नरेंद्र ने आरोप लगाया है कि यह सब विरेंद्र राज उर्फ बिल्लू के कहने पर ही किया गया है। नरेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### रेडक्रास ने किया तीन दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन



**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय कृष्ण नगर में शुक्रवार को तीन दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ सुमन यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस शिविर में सर्वप्रथम प्राचार्या ने इस प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद रैडक्रास इंचार्ज डॉ सुभाष जौली ने विद्यार्थियों को रेडक्रास के बारे में बताया। इसके साथ ही इस प्रशिक्षण की आवश्यकता के बारे में बताया कि हर दिन सड़कों पर दुर्घनाएं होती रहती हैं। इन दुर्घनाओं से होने वाली हानियों से बचने के लिए इस प्रशिक्षण की आवश्यकता है। इसके बाद जिला रेडक्रास प्रशिक्षण अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा ने दुर्घटनाओं के समय पर दी जाने वाली प्राथमिक उपचार व अन्य विधियों का डेमो देकर विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक समझाया। जिला रेडक्रास प्रशिक्षण अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा का महाविद्यालय में पहुंचने पर रेडक्रास इंचार्ज (महिला) निर्मला यादव ने हार्दिक स्वागत किया। इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक नरेश कुमार, सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे।

### जिलाधीश ने चुनाव होने तक लगाई धारा 144

**करनाल।** जिलाधीश विनय प्रताप सिंह ने 21 अक्तूबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के तहत पूरे जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत चुनाव प्रक्रिया के सम्पूर्ण होने तक के लिए आपराधिक अधिनियम 1973 की धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश ने यह आदेश चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के उद्देश्य से जनहित में जारी किये हैं। जारी आदेशों में कहा गया है कि जिला करनाल में 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर इक्कठे होने पर प्रतिबंध रहेगा, किसी भी व्यक्ति के अग्निशस्त्र, तेज हथियार, लाठी, भाला, बरछा, जेली, गंडासा, चाकू आदि अन्य घातक हथियारों को लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी। आदेशों में कहा गया है कि चुनावी माहौल में शांति व्यवस्था बिगड़ने की संभावना बनी रहती है, ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार के दंगा होने पर मानव जीवन पर खतरा तथा सम्पत्ति के नुकसान होने के साथ-साथ सामाजिक शांति भंग होने का भी अंदेशा बना रहता है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों की अनुपालना ना करने वाले व्यक्ति पर भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# गुरुग्राम की गौरिका सांगवान ने तीरंदाजी में जीता रजत पदक



**गुरुग्राम।** डीएवी नेशनल स्पार्ट्स-2019 के दिल्ली-एनसीआर जोन में अंडर-19 लड़कों व लड़कियों की तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-14 गुरुग्राम की 11वीं कक्षा की छात्रा गौरिका सांगवान ने रजत पदक हासिल कर नेशनल में जगह बनाई है।

विद्यालय की तीरांदाजी कोच सिंपल दत्ता के अनुसार डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स-2019 के अंतर्गत दिल्ली एनसीआर जोन के अंडर-19 लड़कों व लड़कियों की तीरांदाजी प्रतियोगिता फरीदाबाद में तीन व चार अक्टूबर को आयोजित करवाई गई थी। इस प्रतियोगिता में गुरुग्राम के सेक्टर-14 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा गौरिका सांगवान ने अच्छा प्रदर्शन किया। पहले स्थान पर रही दूसरी खिलाड़ी और गौरिका के बराबर अंक थे। दोनों को 265-265 अंक मिले, जिसके बाद प्रतियोगिता टाई होने के कारण दोनों को एक-एक राउंड अतिरिक्त दिए गए। इसमें गौरिका एक अंक से पिछड़ गई जिसके कारण उसे रजत पदक मिला है। सिंपल दत्ता ने बताया कि अब दिल्ली एनसीआर जोन में रजत पदक मिलने के बाद गौरिका सांगवान का चयन डीएवी नेशनल प्रतियोगिता के लिए हो गया है।

गुरुग्राम जिला से डीएवी नेशनल के लिए केवल गौरिका का ही चयन हुआ है जिस पर विद्यालय की प्राचार्या ने उसे बधाई दी है। गौरिका सांगवान गुरुग्राम के सेक्टर-45 स्थित द्रोणाचार्य तीरंदाजी अकादमी में कोच कपिल कौशिक के मार्ग दर्शन में खेलती है। इससे पहले भी एसजीएफआई की राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में गौरिका द्वितीय स्थान पर रही टीम की सदस्य थी।

# देश में नौवां को-वर्किंग स्पेस प्रस्तुत करके स्पेसेज ने नोएडा में प्रवेश किया

## यह वर्कप्लेस देश के एक अग्रणी कमर्शियल रियल इस्टेट में 5500 वर्गफीट में विस्तृत

पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली

**आईडब्लूजी** के एम्सटर्डम बॉर्न क्रिएटिव वर्कस्पेस प्रोवाइडर पार्ट, स्पेसेज ने नोएडा में पहले कोवर्किंग स्पेस-स्पेसेज मैक्स टॉवर्स की शुरुआत की घोषणा की है। दिल्ली-एनसीआर के बाजार के लिए इसने अपनी विस्तार योजनाओं के बारे में भी बताया। मैक्स वन टॉवर्स में स्थित, स्पेसेज नोएडा को-वर्किंग वर्कस्पेसेज में रुचि रखने वाले व्यवसायों एवं लोगों के लिए उत्तम स्थान है। स्पेसेज काम करने के तरीके को बदलना चाहता है और इसने पूरी दुनिया में थिंकर्स, अचीवर्स एवं इमेजिनर्स का समुदाय विकसित कर लिया है।

समकालीन स्टैंडर्ड यूरोपियन स्टाईल में डिजाइन किया गया स्पेसेज मैक्स टॉवर्स 55,000 वर्गफीट के हिस्से में फैला है और यह 500 से ज्यादा लोगों को सीटिंग की क्षमता प्रदान करेगा। इंटीरियर में नैचुरल वूड का भरपूर उपयोग, विशेष यूरोपियन स्टाइल तथा लाऊंज के क्षेत्र में ढेर सारे पौधे एक स्वच्छ, खूबसूरत एवं पर्यावरण के लिए मित्रवत वातावरण का निर्माण करते हैं।

हर्ष लांबा, कंट्री मैनेजर - इंडिया, आईडब्लूजी ने कहा, आधुनिक कार्यबल लचीले तरीके से काम करने को महत्व देता है और जो कंपनियां काम करने का लचीलापन देती हैं, वो उद्योग में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को आकर्षित करती हैं। जिस युग में कर्मचारी बंद ऑफिस में सुबह 9 से शाम 6 बजे तक काम करते हैं, अब उसका अंत हो रहा है, जिसके कारण कोवर्किंग स्पेसेज में तेजी से वृद्धि हो रही है, जो कमर्शियल ऑफिस स्पेस में तेजी से परिवर्तन ला रहा है। भारत में दिल्ली-एनसीआर को-वर्किंग सेक्टर के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। स्पेसेज नोएडा के साथ हम क्षेत्र में अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं और एमएनसी एवं लोगों को विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रदान कर रहे हैं, ताकि वो आकर्षक विशेषताओं से युक्त अगली जनरेशन के भवनों में लचीले काम का आनंद ले सकें।

साहिल वचलानी, एमडी, मैक्स वेंचर्स एण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा, हम मैक्स टॉवर्स को एक रोचक स्थल बनाना चाहते हैं, जहां लोग आराम से बैठकर काम कर सकें, थकान मिटा सकें और ईको-फ्रेंडली वातावरण में वीकेंड का काम निपटा सकें। इस दृष्टिकोण को हम वर्क वैलज् (अच्छे से काम करें) कहते हैं। हमने मैक्स टॉवर्स में स्पेसेज को इसलिए बुलाया क्योंकि वो लचीले कार्यस्थलों की बढ़ती मांग को पूरा करते हुए हमारे इस सिद्धांत में विश्वास रखते हैं।

मुख्य दिल्ली-नोएडा डायरेक्ट फ्लाईवे पर नोएडा के सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट के गेटवे पर स्थित, मैक्स टॉवर्स राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में काफी लोकप्रिय व्यवसायिक पता बन जाएगा।

# छठे नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने की मां कात्यायनी की पूजा अर्चना

**गुरुग्राम।** साइबर सिटी में मां दुर्गा के नवरात्रों की धूम मची हुई है। शारदीय नवरात्रों के छठे दिन शुक्रवार को शहर के मन्दिरों में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों में से छठे स्वरूप मां कात्यायनी की श्रद्धालुओं ने पूरे विधि विधान के अनुसार पूजा अर्चना की।

श्रद्धालुओं पर नवरात्रों का रंग पूरी तरह से चढ़ा हुआ है। शहर के सभी मंदिर जगमगा रहे हैं। उन पर विशेष प्रकाश व्यवस्था की गई है। वहीं शहर के माता शीतला मंदिर में भी नवरात्रों के छठे दिन भीड़ दिखाई दी। दूरदराज क्षेत्रों से श्रद्धालु माता के दर्शन करने व अपनी मनोकामना पूरी कराने के लिए माता मंदिर पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं को चौबीसों घंटे माता के दर्शनों की व्यवस्था शीतला माता मंदिर में की गई है। अधिकांशत: श्रद्धालु रात्रि में ही माता के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना करते देखे गए। दुर्गा मां के इस पर्व को मनाने के लिए शहर के कई मंदिरों ने 9 दिन तक विशेष अनुष्ठानों का भी आयोजन किया है।

# स्वच्छता ही सेवा के तहत निकाली जागरुकता रैली

## सभी से स्वच्छता कार्य में भागीदारी करने का किया आह्वान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में स्वच्छता को लेकर जागरुकता रैली निकालते नगर निगम कर्मी एवं संस्थानों के सदस्य।

**जिस** प्रकार देश के सैनिक सरहदों पर बाहरी ताकतों से हमारी रक्षा करते हैं, उसी प्रकार स्वच्छता प्रहरी भी गंदगी और प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करके बीमारियों से हमारी सुरक्षा करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज की स्थापना करने के लिए प्रयासरत हैं। हमें सभी को स्वच्छता कार्य में भागीदारी करनी चाहिए। यह बात नगर निगम के संयुक्त निगमायुक्त (मुख्यालय) इन्द्रजीत सिंह कुल्हड़िया ने व्यक्त किए।

शुक्रवार को सेक्टर-34 स्थित इनफोसिटी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम की स्वच्छता शाखा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित विभिन्न संस्थानों के लगभग 150 वालंटियरों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने तथा पॉलीथिन का इस्तेमाल नहीं करने की शपथ ली। कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से स्वच्छता रखने और पॉलीथीन का इस्तेमाल नहीं करने का संदेश दिया गया। संयुक्त निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छता हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। यह एक सेवा का कार्य है तथा हम सभी को इस कार्य में भागीदारी करनी चाहिए। सभी लोग अपने घर की स्वच्छता के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र की सफाई का भी ध्यान रखें तथा अगर कोई कचरा फैलाता है, तो उसे ऐसा करने से रोकें। उन्होंने कहा कि सामाजिक भागीदारी स्वच्छता कार्य में बहुत ही आवश्यक है। पॉलीथिन के बारे में उन्होंने कहा कि यह सैकड़ों वर्षों तक खत्म नहीं होती और पर्यावरण के लिए बहुत ही हानिकारक है। हम सभी को पॉलीथिन का उपयोग बिलकुल ही बन्द करना होगा, तभी हम स्वच्छ, सुंदर एवं पॉलीथिन मुक्त समाज की स्थापना करने में सफल होंगे।

# भरत मिलाप देख दर्शक हुए भावुक

## 14 वर्षीय भरत के अभिनय से दर्शकों की आंखें नम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला के दृश्य।

**बेटा** हो तो राम जैसा जिसने पिता की आज्ञा मानकर राज छोड़कर 14 वर्ष जंगलों में बिताए और भाई हो तो भरत जैसा जिसने राज-पाट पास होते हुए भी अपने बड़े भाई की चरण पादुकाएं राजगद्दी पर रखकर पूजा की और 14 साल तक राम के आने का इंतजार किया।

यहां जैकबपुरा की श्रीदुर्गा रामलीला के सातवें दिन भरत मिलाप लीला से लेकर शूर्पणखा की नाक कटने तक की लीला दिखाई गई। यहां दिखाया गया कि पिता राजा दशरथ की मौत के बाद भरत अयोध्या की राजगद्दी पर बैठाने को राम को वापस लेने जाते हैं।

उन्हें आता देखकर निषादराज क्रोधित हो जाते हैं और उनसे भिड़ने को तैयार हो जाते हैं। फिर पता चला कि जैसा सोचा था कि वैसा नहीं है। भरत तो श्रीराम से मिलकर उन्हें वापस लेने आए हैं। लक्ष्मण ने भरत को आते हुए देखा तो लक्ष्मण क्रोधित हो उठे। इसी बीच राम लक्ष्मण को टोकते हुए कहते हैं कि इसमें भरत का कोई दोष नहीं है। वह मुझे सब भाइयों से भी प्यारा है। इसी बीच वहां पर भरत पहुंचते हैं और राम के चरणों में गिरकर राम को अयोध्या चलने की कहते हैं। भरत ने बताया कि पिताजी का देहांत हो गया है। इस समाचार के बाद से तो राम बहुत दुखी हुए।

राम ने अपनी चरण पादुकाएं देकर कहा कि-ले जा मेरी चरण खड़ाऊ, भैया लौट अवध को जाओ। भरत उनको लेकर अयोध्या के लिए लौट जाते हैं। इसके बाद की लीला में शूर्पणखा की नाक कटने की लीला दिखाई गई।

राम-लक्ष्मण के साथ विवाह करने की जिद पूरी न होने के चलते शूर्पणखा ने अपना विकराल रूप दिखाया। लक्ष्मण ने तुरंत उसकी नाक काट दी। इसके बाद बहन की कटी नाक का बदला लेने को उसके भाई खर और दूषण वहां आते हैं। इस दौरान वे दोनों की मारे जाते हैं।

# सैलजा ने भरवाए ललित, लखन, कौशिक के नामांकन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


फोटो: राजेश पुंजानी

**हरियाणा** कांग्रेस की अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में एकतरफा लहर चल निकली है। भाजपा सरकार की नाकामियों के चलते कांग्रेस के पक्ष में बढ़ते लोगों के जोश व जुनून के चलते हालात ऐसे पैदा हो गए हैं कि भाजपा के 75 पार का नारा अब 15 तक ही सिमटता नजर आ रहा है। उन्होंने दावा किया कि निश्चित तौर पर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

कुमारी सैलजा शुक्रवार को सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय पर तिगांव से कांग्रेस प्रत्याशी ललित नागर, फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से लखन कुमार सिंगला, बल्लभगढ़ से आनंद कौशिक व एनआईटी से नीरज शर्मा का नामांकन भरवाने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

## एनआईटी क्षेत्र की दुर्दशा सुधारेंगे : नीरज शर्मा



एनआईटी 86 क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने शुक्रवार को सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय में सादगीपूर्ण तरीके से नामांकन भरा। नामांकन से पूर्व नीरज शर्मा ने अपनी माता माया शर्मा एवं अपने बड़े भाई मुकेश एवं मुनेश शर्मा से आशीर्वाद लिया। जवाहर कॉलोनी स्थित आवास पर हजारों समर्थक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे, जो नामांकन भरने उनके साथ रवाना हुए। जवाहर कॉलोनी स्थित आवास पर उपस्थित बुजुर्गों ने कहा कि पूर्व मंत्री स्व. शिवचरण लाल शर्मा ने विकास की शुरुआत एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में की थी, उन अधूरे कार्यों को उनके पुत्र कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा पूरा करेंगे। नीरज शर्मा ने कहा कि चुनाव वह नहीं, एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लाखों परिवार लड़ रहे हैं। जो इस क्षेत्र में फिर से एक विकास की लहर देखना चाहते हैं। पिछले पांच वर्षों में विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लगने वाले गांवों की बात हो, कॉलोनियों अथवा स्लम क्षेत्रों की सभी जगह विकास के नाम विनाश हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके स्व. पिताश्री पूर्व मंत्री पं. शिवचरण लाल शर्मा ने क्षेत्र में सेक्टरों की तर्ज पर पानी की टंकियां बनवाई थीं। परंतु, वर्तमान विधायक की घटिया सोच के चलते विधायक आज तक इनमें पानी मुहैया नहीं करा सके। इसी तरह, समूचे विधानसभा क्षेत्र में न सीवरेज की सदृढ व्यवस्था है, न ही गलियों, नालियों, सड़कों की, जिससे समूचा क्षेत्र किसी झुग्गी-झोपड़ी से भी बदतर होकर रह गया है।

## नहीं धुलेंगे भाजपाइयों के भ्रष्टाचार के दाग : ललित

तिगांव के कांग्रेस प्रत्याशी ललित नागर ने आज भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर हल्ला बोला। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि दरअसल में भाजपा हाईकमान को मंत्री विपुल गोयल और राव नरबीर की टिकट मजबूरी में काटनी पड़ी, क्योंकि भाजपा आलाकमान के पास इन दोनों कैबिनेट मंत्रियों के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा पहुंच चुका था। अगर ये दोनों मंत्री चुनाव मैदान में भाजपा का पटका पहनकर आते, तो जनता इन्हें तो सबक सिखाती। साथ ही भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दर्शाई जा रही कथित छवि पर भी सवालिया निशान लगते। उन्होंने कहा कि मात्र टिकट काटने से काम नहीं चलेगा, जनता अब चुनावों में भाजपा के हर भ्रष्टाचार का जवाब देगी। नागर आज अपना नामांकन भरने से पूर्व खेड़ी मोड स्थित रंगोली गार्डन में तिगांव विधानसभा क्षेत्र की चौरासीपाल व विभिन्न कालोनियों व सेक्टरों से आए हजारों की संख्या में मौजिज लोगों को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व नागर ने अपने सेक्टर-17 स्थित निवास पर हवन यज्ञ कर तिलपत स्थित बाबा सूरदास मंदिर पर मत्था टेक आशीर्वाद लेकर अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए एक विशाल काफिले के साथ जलूस के रुप में खेड़ी रोड स्थित सभास्थल तक पहुंचे, जहां हजारों-हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने जयघोष के साथ पुष्पवर्षा कर उनका गर्मजोशी से अभिनंदन कर विजयश्री का आशीर्वाद दिया।

## एयरकंडीशंड नेताओं को जनता सिखाएगी सबक : लखन सिंगला

फरीदाबाद क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने कहा है कि भाजपा ने नोटबंदी व जीएसटी जैसे काले कानून पास करके व्यापारियों व दुकानदारों को बर्बाद किया है। आज हालात इतने बदतर हैं कि व्यापारी व दुकानदार अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उनके कामधंधे पूरी तरह से ठप्प हुए पड़े हैं, लेकिन भाजपाई झूठ व जुमलेबाजी की बदौलत जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। जनता अब इन लोगों के बहकावों में आने वाली नहीं है और जीएसटी व नोटबंदी से कानूनों पर वोट की चोट से जवाब देने का काम करेगी। लखन सिंगला नामांकन दाखिल करने से पूर्व ओल्ड फरीदाबाद स्थित अपने कार्यालय पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान खुली जीप में सवार होकर सिंगला अपने समर्थकों के साथ ओल्ड के मुख्य बाजार से होकर गुजरे, जहां क्षेत्र के हजारों व्यापारियों, दुकानदारों व मौजिज लोगों ने सिंगला का फूल मालाओं एवं पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया और उन्हें अपना खुला समर्थन देने का ऐलान किया। लखन सिंगला ने भाजपा प्रत्याशी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि बंद एयरकूल्ड कमरे में बैठने वाले लोग भला जनता की क्या सेवा करेंगे, जिनसे मिलना भी लोगों को नसीब नहीं होता। आज लोगों को जनसेवक चाहिए, न कि ए.सी. में बैठकर राजनीति करने वाला नेता।

# धारा 370 हटने से पूरे देश ने ली राहत की सांस : जितेंद्र



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि पूरे देश में धारा 370 हटने से लोगों में खुशी है और लोगों ने इससे काफी राहत की सांस ली है। उन्होंने कहा कि पिछले 70 साल में किसी भी सरकार ने धारा 370 हटाने की तरफ ध्यान नहीं दिया, लेकिन केंद्र में मोदी सरकार ने न केवल इस धारा को हटाया, बल्कि जम्मू कश्मीर के लोगों को तानाशाह शासन से मुक्ति दिलाई।

जितेंद्र सिंह शुक्रवार को बल्लभगढ़ से भाजपा के प्रत्याशी मूलचंद शर्मा का बल्लभगढ़ के पंचायत भवन में नामांकन पत्र दाखिल करवाने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बल्लभगढ़ पहुंचने पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह और कृष्णपाल गुर्जर का भाजपा समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। मूलचंद शर्मा ने नामांकन के अंतिम दिन दोनों केंद्रीय राज्य मंत्रियों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह की मानें, तो हरियाणा में अब नया कीर्तिमान स्थापित होगा।

### विधायक मूलचंद शर्मा ने मंत्री गुर्जर के साथ किया नामांकन

उन्होंने कहा कि पूरे देश में अब हालात यह है कि भारतीय जनता पार्टी के अलावा जनता के पास कोई दूसरा विकल्प शेष नहीं रह गया है। पहले की अपेक्षा इस बार भारतीय जनता पार्टी अधिक से अधिक सीटें जीतेगी और जनता को बरगलाने वाले विपक्ष को धराशायी करेगी। उन्होंने कहा कि सभी विपक्षी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता इस समय काफी हताश हैं, क्योंकि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बयार बह रही है। देश की 130 करोड़ की जनता ने मोदी को ही अपना नेता माना है। वहीं भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा की बड़ी शानदार जीत रहेगी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का जो दावा 75 पार का है, उससे भी अधिक सीटें भारतीय जनता पार्टी जीत कर प्रदेश में दूसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी।

# चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**विधानसभा** चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और आईआरबी के कर्मचारियों द्वारा लगातार शहर में गश्त की जा रही है। इसके तहत शुक्रवार को एसीपी एनआईटी एवं एसीपी सराय ख्वाजा के नेतृत्व में आईआरबी की कंपनी एवं फरीदाबाद पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया गया।

फरीदाबाद पुलिस की प्राथमिकता शांतिपूर्वक निष्पक्ष चुनाव कराना है। पुलिस आयुक्त केके राव के दिशा निर्देश पर एसीपी एनआईटी एवं एसीपी सराय ने शुक्रवार को अपने-अपने इलाके में फ्लैग मार्च किया। एसीपी एनआईटी गजेंद्र ने अपने इलाके में आने वाले भीड़-भाड़ एवं मार्केट क्षेत्रों में पैदल फ्लैग मार्च किया। इस बीच उन्होंने लोगों को शांतिप्रिय तरीके से मतदान के लिए भी प्रेरित किया है। एसीपी सराय ख्वाजा ने सेक्टर 12, सराय, पल्ला, सेक्टर 31, ओल्ड फरीदाबाद, खेड़ी पुल, भूपानी, तिगांव, एवं सेंट्रल इलाके में फ्लैग मार्च किया है।

एसीपी सराय ने अपने अधीनस्थ एसएचओ के साथ इन इलाकों में गाड़ियों में सायरन बजाकर फ्लैग मार्च निकाल पुलिस बल का शक्ति प्रदर्शन किया है। पुलिस ने यह फ्लैग मार्च आने वाली 21 तारीख को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शांतिप्रिया एवं निष्पक्ष चुनाव आयोजित कराने के लिए किया है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आईआरबी पुलिस बल के साथ एसीपी एनआईटी व सराय ने अपने-अपने जोन में शक्ति प्रदर्शन कर सभी वेनरेबल और क्रिटिकल बूथ को चेक किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि चुनाव के दौरान फ्लैग मार्च इसलिए किया जाता है, ताकि एरिया में रह रहे असामाजिक तत्व में भय का माहौल बने और वे चुनाव में गड़बड़ी न कर सकें। आम जनता में विश्वास का माहौल बने और निडर होकर अपने मत का प्रयोग कर सकें।

# कोर्ट ने किशोरी के दुष्कर्मी को सुनाई दस साल की सजा

**फरीदाबाद।** नाबालिग लड़की को अगवा करने के बाद उसके साथ कई दिनों तक लगातार दुष्कर्म करने वाले आरोपी को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश केपी सिंह की अदालत ने दस साल की कैद और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अदालत में पेश मामले के मुताबिक बल्लभगढ़ के एक गांव की एक महिला ने 19 जून, 2018 को यह मामला थाना सदर में दर्ज करवाया था कि पलवल निवासी पति के देहांत के बाद वह 15 साल की बेटी और 13 साल के बेटे के साथ यहां अपने भाई के घर में रह रही है। घटना वाले दिन रात को अचानक उनकी बेटी लापता हो गई। अगले दिन पता चला कि इसी गांव में रहने वाला उमेश उसकी बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया था। दो अगस्त 2018 को उसकी बेटी अचानक घर लौट आई। पूछताछ में लड़की ने बताया कि घटना वाले दिन आरोपी उसे अगवा कर सेक्टर 62 ले गया था। जहां ग्रीनबेल्ट की झाड़ियों में आरोपी ने डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया था। फिर वृंदावन में किराए की झोपड़ी में वह उसके साथ रहने लगा। इस दौरान आरोपी द्वारा आए दिन उसके साथ दुष्कर्म किया जाता था। मौका मिलते ही वह वहां से निकलकर घर आ गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया था। जहां यह मामला तभी से विचाराधीन था। शुक्रवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने उमेश को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### खाद्य पदार्थों के नौ सेंपल भरे गए

**फरीदाबाद।** त्योहारी सीजन में मिलावटखोरों से लोगों की सेहत का बचाव करने के उद्देश्य से पिछले तीन दिनों में जिला खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण की टीमों ने नौ सेंपल भरे हैं। शुक्रवार को इस प्रक्रिया को जारी रखते हुए त्यौहारों को ध्यान में रखकर तैयार की जा रही मिठाईयों की दुकानों में छापेमारी की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण दत्त शर्मा ने बताया कि सेक्टर तीन में छापेमारी करके हलवाई की दुकानों से रसगुल्ला, बर्फी, लड्डू, गुलाब जामुन, पैठे की मिठाई के दो सेंपल भरे हैं। वहीं मंगलवार को नामचीन दूध के तीन सेंपल जांच के लिए भरे थे। इन सभी सेंपलों को जांच के लिए चंडीगढ़ स्थित प्रयोगशाला में भेजा गया है। उन्होंने कहा कि लोग दूध का इस्तेमाल अपनी सेहत बनाने के लिए करते हैं, लेकिन कुछ खाद्य पदार्थ विक्रेता इन सबमें मिलावट करके मोटा मुनाफा कमाने के लालच में लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर लगाम लगाने के लिए उन्होंने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर वहां से सेंपलिंग की है। वहीं दूसरी तरफ वैन के जरिये लोग अपने घरों के सेंपलों की जांच करवा रहे हैं।


### डिबेट में आईएलआर कॉलेज जीता

**फरीदाबाद।** आईएलआर कॉलेज में इंट्रा कॉलेज डिबेट कम्पटीशन का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारभ असिस्टेंट प्रोफेसर सुप्रिया डंग ने मंच के माध्यम से किया। साथ ही डीएवी कॉलेज के बच्चों को भी इस प्रतियोगिता में बोलने का मौका दिया गया था। आईएलआर कॉलेज के बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया। पुरुस्कार देने के लिए कॉलेज के डायरेक्ट डॉ. रवि हांडा, कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. जफर हुसैन, डीएवी कॉलेज की हिंदी की एचओडी ममता उपस्थित रहीं। दोनों कॉलेज के बच्चों ने बढ़-चढ़कर इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर सुप्रिया डंग, संगीत वर्मा, प्रिया सिंह और शरीफ मोहम्मद ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### भाजपा ने अन्याय किया है : नयनपाल रावत

**फरीदाबाद।** पृथला के निर्दलीय प्रत्याशी नयनपाल रावत ने शुक्रवार को अपने चुनावी अभियान के तहत गांव मच्छगर, गढ़खेड़ा, अटाली, नरहावली, महमूदपुर, छांयसा, मौजपुर व दयालपुर में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर लोगों से अपने लिए जनसमर्थन मांगा। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों, फूल मालाओं व पगड़ी बांधकर रावत का भव्य स्वागत कर उन्हें अपना खुला समर्थन देने का ऐलान किया। नयनपाल रावत ट्रेक्टर में सवार होकर गांवों में पहुंचे, जहां युवा बिग्रेड द्वारा उन्हें अपने कंधों पर बिठाकर सभा स्थल तक लाया गया। नयनपाल रावत ने कहा कि यह चुनाव न्याय व अन्याय के खिलाफ हैं, भाजपा ने उनके साथ अन्याय किया है और इसलिए वह जनता की आवाज बनकर चुनावी रण में कूदे हैं। अब जनता ही उन्हें विजयी बनाकर न्याय दिलाएगी। रावत ने कहा कि पृथला क्षेत्र उनका परिवार है और एक लायक बेटे की तरह वह पिछले 15 वर्षों से इस क्षेत्र की सेवा करते रहे हैं। चाहे विकास की बात हो या फिर सुख-दुख की, उन्होंने हमेशा अपने परिवार रूपी पृथला क्षेत्र सम्मान दिया है।

# तेज आंधी से दीवार गिरने पर चार घायल, किए रेफर

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद की टीटू कालोनी में बीती रात आई तेज आंधी और बरसात के दौरान एक कमरे की दीवार ढह गई। कमरे में मौजूद चार व्यक्ति दीवार के मलवे के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए बीके अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चारों को दिल्ली रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक मूलरूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला विरेंद्र अपने परिवार के साथ पल्ला थाना क्षेत्र की टीटू कालोनी में स्थित एक कच्चे कमरे में रह रहा था। उसकी परिवार में उसकी पत्नी उर्मिला, भाई संतोष और पांच साल का बेटा सुमित शामिल है। बताया गया है कि विरेंद्र व संतोष मेहनत मजदूरी करने का काम करते हैं। अन्य दिनों की तरह बृहस्पतिवार की शाम को भी दोनों काम से घर लौट आए थे। उस समय उर्मिला खाना बना रही थी।

रात को खाना खाने के बाद सभी कमरे में सो गए। उसी दौरान अचानक आई तेज आंधी और बरसात के कारण उनके कमरे की एक दीवार ढह गई। जिसके मलबे के नीचे चारों दब गए। शोर सुनकर आस-पास रहने वाले लोग उस तरफ दौड़ पड़े। लोगों ने किसी तरह चारों को मलवब से बाहर निकाल कर बीके अस्पताल पहुंचा दिया। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए चयन छह से

**फरीदाबाद।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2020 का आयोजन गुवाहटी में दस से 22 जनवरी तक किया जाएगा। इस इस गेम्स में हरियाणा की बॉस्केटबाल (अंडर 17 लड़के), वालीबाल (अंडर 21 लड़के व लड़कियों), हॉकी (अंडर 17 लड़के व लड़कियां) व खो-खो में (अंडर 17 व 21 लडकियों) की टीम भागीदारी करेंगी। इसके लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी विनोद बाला ने बताया कि बॉस्केटबाल खिलाड़ियों का चयन छह अक्टूबर को जिला जींद के अर्जुन स्टेडियम में, वॉलीबाल खिलाड़ियों का चयन छह अक्टूबर को ही रोहतक के राजीव गांधी स्टेडियम में, हॉकी खिलाड़ियों का चयन रोहतक के राजीव गांधी स्टेडियम में 11 अक्टूबर को और खो-खो खिलाड़ियों का चयन जींद के एकलव्य स्टेडियम में 11 अक्टूबर को होगा।

# दिल्ली में आतंकवादियों के घुसने की सूचना से पुलिस अलर्ट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**दिल्ली** में आतंकवादियों के घुसने की सूचना के बाद दिल्ली के साथ फरीदाबाद सहित एनसीआर के अन्य शहरों में भी हाईअलर्ट घोषित किया गया है। कुछ समय पहले भी आतंकवादी संगठनों ने देश के कई शहरों में हमले करने की धमकी थी थी। इस सूचना के बाद पुलिस जिला पुलिस भी पूरी तरह अलर्ट हो गई है।

दिल्ली में आतंकवादी घुसने और आतंकवादी हमले की आशंका को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त के के राव ने जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों, अपराध शाखा यूनिट, रिजर्व पुलिस बल को अलर्ट रहने के लिए उचित दिशा निर्देश दिए हैं। हाल ही में कुछ आतंकवादी संगठनों द्वारा कई शहरों मे आतंकी हमले की धमकी दी थी, जिसको ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त ने फरीदाबाद जिले में चारों तरफ नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन एवं व्यक्ति की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सभी थाना प्रबंधक को उनके इलाके में आने वाले मॉल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार एवं भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में जांच करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि जिला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त ने फरीदाबाद के निवासियों से अपील की है कि यदि उनको कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई दे, तो तुरंत वहां मौजूद पुलिसकर्मी एवं कंट्रोल रूम नंबर 100, व्हाट्सएप नंबर 9999150000 पर सूचना दें।

# दीयों में रंग भरे, बाद-ए-नौ-बहार लगे...




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर** नौ स्थित स्लेजहैमर फाउंडेशन के नन्हे छात्रों ने एक ट्रेनर की मदद से इस बार दीवाली के दियों में ऐसे रंग भरे हैं कि उनमें प्रकृति का अनुपम सौंदर्य समा गया है। नन्हे-मुन्ने बच्चों के हाथों तैयार दीयों को देखकर स्लेजहैमर फाउंडेशन की वाइस प्रेजीडेंट प्रतिमा मोहंती और अध्यापिकाओं ममता और नीलू ने कहा कि इतनी कम उम्र के बच्चों का दीयों में ऐसे कलात्मक रंग भरना उनकी उच्च कल्पनाशीलता का प्रतीक हैं। दीपकों की रंगीन सज्जा देखकर स्लेजहैमर फाउंडेशन के प्रेजीडेंट प्रदीप मोहंती ने ये दीपक लोगों को गिफ्ट करने की योजना बनाई है। ताकि लोग दीवाली पर इन दीयों से अपने घरों को रोशन करें और बच्चों की मेहनत सफल हो।

दीवाली के त्योहार की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कुम्हार भी दीवाली के लिए दीपक बनाने में जी-जान से जुटे हैं, लेकिन इनकी मेहनत को रंग देने का काम शुक्रवार को स्लेजहैमर फाउंडेशन के नन्हें बच्चों ने किया।

उनके द्वारा बनाए गए दीयों को ऐसे सजाया कि हर कोई उन्हें देखता ही रह गया। अब फाउंडेशन के प्रेजीडेंट मोहंती ने उनकी पैकिंग करवाकर गिफ्ट करने की प्लानिंग की है। ताकि इस बार दीवाली पर लोग दियों की रोशनी करें और चाइनीज लाइट का उपयोग न करके बिजली की भी बचत कर सकें। स्लेजहैमर फाउंडेशन की वाइस प्रेजीडेंट प्रतिमा मोहंती ने बताया कि बच्चों में ऐसा जोश उमड़ा, मानो भारतीय संस्कृति ने यू-टर्न ले लिया है। नोएडा में वर्कशॉप चलाने वाली तन्वी ने फाउंडेशन के बच्चों को दीयों को सजाने और उन्हें पैंट करने का तरीका बताया। इस कार्यशाला में बच्चों ने पूरी मेहनत से और उत्साह से दियों को डैकोरेट किया। उन्होंने बताया कि तन्वी मिट्टी की वस्तुएं तैयार करती हैं।

इस बार उन्होंने बच्चों को दीयों में रंग भरने से लेकर उसके डैकोरेशन का तरीका बच्चों को बताया, तो बच्चे भी खुश होकर मिट्टी के दीपकों में रंग भरने लगे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को बच्चों ने 150 दियों को डैकोरेट किया। अब बच्चों ने उत्साहित होकर और दीये तैयार करने का निर्णय लिया है।

# मनोहर सरकार ने बंद कराया खर्ची-पर्ची का सिस्टम : नरेंद्र



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि वह छह साल की केंद्र की मोदी सरकार और पांच साल की मनोहर सरकार के आधार पर उन्हें वोट दें। उन्होंने कहा कि राज्य की मनोहर सरकार ने खर्ची पर्ची का सिस्टम बंद कराया है।

नरेंद्र गुप्ता ने भूड़ कॉलोनी, सेक्टर 17, अजरौंदा, सेक्टर 12, एसी नगर, सेक्टर 11, सेक्टर 10 आदि अनेक दर्जनों जगहों पर जनसंपर्क किया। गुप्ता ने कहा कि मनोहर सरकार ने हरियाणा में ईमानदार शासन देकर लोगों का दिल जीता है। उन्होंने बिना खर्ची बिना पर्ची के सरकारी नौकरियां पाने का सिस्टम बनाया और लोगों के मन से यह निकाल दिया कि यहां बिना लिए दिए नौकरी नहीं मिलती है। आज लोग मनोहर लाल जी की ईमानदारी की मिसाल दे रहे हैं। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना को हरियाणा के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर अंत्योदय के सपने को पूरा किया है। उन्होंने स्किल यूनिवर्सिटी, महिला थाना, आंगनबाड़ी सहायकों को मानदेय, बेरोजगारों को पेंशन, लोकतंत्र सैनानियों को पेंशन आदि ऐसी अनेक सौगातें दी हैं जिनसे लोगों का जीवन स्तर सुधर रहा है। गुप्ता ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जहां देश में नासूर बन चुकी कश्मीर समस्या का अंत धारा 370 को हटाकर किया। वहीं तीन तलाक जैसे नासूर से भी मुस्लिम बहनों को मुक्ति दिलवाई। आज कोई दुश्मन देश भारत की ओर आंख उठाकर देखने की हिमत नहीं कर सकता है। भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि फरीदाबाद में हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि कनेक्टिविटी को मजबूत करना है।

इसके लिए फरीदाबाद से होकर गुजरने वाले हाइवे को सिक्स लेन करने, मेट्रो का विस्तार करने, आगरा कैनाल पर दर्जन भर पुल बनाने, मंझावली पर पुल बनाकर नोएड़ा को जोड़ने, फरीदाबाद और गुड़गांव को जोड़ने के लिए मेट्रो प्रोजेक्ट को मंजूरी दिलाना आदि ऐसे अनेक काम हैं, जिन्हें लोग सराह रहे हैं।

# एक को छोड़कर सभी पड़ोसियों का क्षेत्रीय सहयोग में बेहतरीन इतिहास रहा है : जयशंकर

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि एक को छोड़कर सभी पड़ोसी देशों का क्षेत्रीय सहयोग के मामले में बेहतरीन इतिहास रहा है। जयशंकर ने पाकिस्तान के संदर्भ में कहा, मैं कहना चाहूंगा कि एक को छोड़कर सभी पड़ोसियों का क्षेत्रीय सहयोग के मामले में बेहतरीन इतिहास रहा है। उन्होंने यहां भारत आर्थिक मंच के सत्र के दौरान एक सवाल के जवाब में यह भी कहा कि अमेरिका के साथ बैठक में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त किए जाने का मुद्दा सामने नहीं आया।

विश्व आर्थिक मंच के अध्यक्ष बोरगे ब्रेंडे के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, स्थिति बदलने पर कई लोगों के लिए यह स्वाभाविक बात है। जयशंकर ने कहा, शायद ही किसी को यह एहसास था कि यह (अनुच्छेद 370) संविधान में एक अस्थाई व्यवस्था थी और इसके कारण जम्मू कश्मीर राज्य में कई राष्ट्रीय कानून लागू नहीं होते थे। ए सब उनके लिए नई बातें थीं।

अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत की कोशिशों पर चर्चा करते हुए, मंत्री ने कहा, एक को छोड़कर सभी पड़ोसी देशों का क्षेत्रीय सहयोग के मामले में बेहतरीन इतिहास रहा है। जब उनसे पूछा गया कि उस एक के साथ क्या गतिरोध बना रहेगा तो उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि एक दिन वह क्षेत्रीय सहयोग में शामिल होगा। विदेश मंत्री ने कहा, आप एक पल के लिए कश्मीर को अलग रख दें...आज, हर किसी के साथ, व्यापार, व्यवसाय और संपर्क बढ़ रहे हैं। निश्चित रूप से, किसी न किसी स्तर पर, इसका प्रभाव पड़ेगा क्योंकि आप हर किसी को उस सहयोग से समृद्ध होते देखेंगे।

जयशंकर ने कहा, मैं हमेशा आशान्वित रहता हूं। मैं जानता हूं कि हमारे समक्ष बड़ी चुनौतियां है। उनके (पाकिस्तान) साथ समझ की समस्या है जिससे उन्हें बाहर निकलना होगा। दो दिवसीय भारत आर्थिक सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हुआ। इस सम्मेलन का आयोजन विश्व आर्थिक मंच ने भारतीय उद्योग परिसंघ के सहयोग से किया था।

जयशंकर ने कहा कि भारत के मामले में राष्ट्रवाद एक नकारात्मक भावना नहीं है। भारत एक अपवाद है क्योंकि हम अधिक राष्ट्रवादी हैं, किंतु साथ ही हम राष्ट्रीयवादी और अंतरराष्ट्रीय होने के बीच इस दृष्टि से कोई तनाव नहीं देखते है कि विश्व के साथ अधिक संपर्क बढ़ाया जाए...लिहाजा राष्ट्रीयता हमारे के लिए कोई नकारात्मक भावना नहीं है।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह इतना आसान नहीं है क्योंकि यह काफी जटिल मामला है। इसलिए यदि इसमें समय लग रहा है तो ठीक है। दक्षिण एशिया सहयोग के बारे में बात करते हुए जयशंकर ने कहा, भारतीय उपमहाद्वीप में क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग सबसे कम है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते है कि इस दिशा में प्रगति हो और उन्हें लगता है कि हमें इस बारे में कुछ करने की जरूरत है। भारत इसके लिए माहौल बना रहा है। आपने देखा होगा जब राजनीतिक रूप से उन्होंने 2014 में अपने शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों को आमंत्रित किया था।



गुवाहाटी में दुर्गा पूजा में महाषष्ठी के अवसर पर झांकी में पूजा करते हुए श्रद्धालु

## अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में बढ़ गई हैं संभावनाएं

**बेंगलुरु।** नासा में वरिष्ठ अंतरिक्ष यान इंजीनियर एन डेवेरौ ने शुक्रवार को कहा कि कई देशों के अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में उतरने से इसने गति पकड़ी है। उन्होंने कहा कि तीस वर्षों तक नासा की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला (जे पी एल) में काम करने के बाद उन्हें लगता है आज अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में संभावनाएं कई गुना बढ़ गई हैं जो पहले नहीं थीं। ऐसा इस क्षेत्र में भागीदारी बढ़ने के कारण हुआ है। डेवेरौ, जे पी एल में अंतरिक्ष यान प्रणाली अभियांत्रिकी की प्रबंधक और 2020 में मंगल पर जाने वाले रोवर के लीड फ्लाइट सिस्टम की अभियंता हैं। पूर्व में उन्होंने मार्स साइंस लेबोरेटरी क्यूरिऑसिटी रोवर परियोजना के लिए भी काम किया है। डेवेरौ को लगता है कि दुनियाभर के अंतरिक्ष संस्थानों को एक साथ आकर विस्तृत दृष्टिकोण के साथ काम करना चाहिए क्योंकि अंतरिक्ष अन्वेषण केवल नासा या इसरो का विषय नहीं रह गया है बल्कि उसमें समाज के एक बड़े वर्ग की भागीदारी बढ़ गई है। डेवेरौ ने यह विचार अमेरिकी वाणिज्य दूतावास और विश्वेश्वरैय्या औद्योगिक एवं तकनीकी संग्रहालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में व्यक्त किए। चन्द्रमा पर मानव को भेजने के अभियानों में आए ठहराव पर उन्होंने कहा कि इसमें बड़ी निजी कंपनियों की रुचि नहीं है। भारत के चंद्रयान के बारे में उन्होंने कहा कि अमेरिका के लोग भी इस मिशन को उत्सुकता से देख रहे थे और विक्रम के चन्द्रमा पर ठीक प्रकार से न उतरने से अमेरिकी लोगों को भी बुरा लगा था।

## भाजपा ने 90 कार्यकर्ताओं को पार्टी से बाहर किया

**देहरादून।** भाजपा ने उत्तराखंड में शनिवार से शुरू हो रहे पंचायत चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियां करने को लेकर अपने 90 कार्यकर्ताओं को को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश पार्टी मीडिया प्रमुख डॉ देवेंद्र भसीन ने शुक्रवार को बताया कि जिला पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के खिलाफ प्रचार करने और पार्टी के दिशा निर्देशों के खिलाफ काम करने के आरोप में प्रदेश अध्यक्ष अजय भटट के निर्देश पर 90 कार्यकर्ताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। निष्कासित किए गए 90 कार्यकर्ताओं में पार्टी के कुछ पदाधिकारी भी शामिल हैं। शनिवार से 16 अक्टूबर तक तीन चरणों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने हैं।

# बेरोजगारी का मुद्दा उठाने वाली हस्तियों के खिलाफ प्राथमिकी को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर बरसे राहुल गांधी

**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री या सरकार के खिलाफ मुंह खोलने वाले किसी भी व्यक्ति को जेल में डाल दिया जा रहा है। गौरतलब है कि मॉब लिंचिंग (भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या करने) के मामले में प्रधानमंत्री को खुला पत्र लिखने वाले 50 गणमान्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने के एक दिन बाद राहुल गांधी ने यह बात कही है। यह कोई राज नहीं है कि देश तानाशाही शासन की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री को देश को बताना चाहिए कि उन्होंने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर बेरोजगारी क्यों बढ़ा दी है।



वायनाड से सांसद गांधी ने कहा, सबको पता है कि देश में क्या चल रहा है। यह कोई रहस्य नहीं है। वास्तव में पूरी दुनिया जानती है। हम तानाशाही की ओर बढ़ रहे हैं। वह बांदीपुर बाघ अभयारण्य में रात को यातायात पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों का समर्थन करने के लिए राहुल गांधी यहां आए हुए हैं। कोई भी अगर प्रधानमंत्री के खिलाफ कुछ भी कहता है, कोई भी जो सरकार के खिलाफ आवाज उठाता है, उसे या तो जेल में डाल दिया जा रहा है या उस पर हमला किया जा रहा है। मीडिया को दबा दिया गया है। सबको पता है कि क्या चल रहा है। यह कोई राज की बात नहीं है।

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में गुरुवार को रामचन्द्र गुहा, मणि रत्नम, अदूर गोपालकृष्णन और अपर्णा सेन सहित 50 ऐसे गणमान्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई जिन्होंने प्रधानमंत्री को खुला पत्र लिखकर देश में बढ़ रही मॉब लिंचिंग की घटनाओं पर चिंता जताई थी।

इन गणमान्य लोगों के खिलाफ अदालत में दायर एक मुकदमे पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का आदेश आने के बाद मामला दर्ज किया गया। याचिका में दावा किया गया है कि इन लोगों ने देश की छवि को कथित रूप से नुकसान पहुंचाया है और प्रधानमंत्री के बेहतरीन कामकाज को कमतर दिखा रहे हैं। साथ ही अलगाववादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे रहे हैं। बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था की खराब हालत को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि विकास दर अब नजर नहीं आ रही है। केन्द्र 15 लोगों को।,2,000 करोड़ रुपए का कर लाभ दे सकता है लेकिन गरीबों को कुछ नहीं दे रहा। गांधी ने सवाल किया, भारत में आज क्या महत्वपूर्ण है। भाजपा को जवाब देना चाहिए, नरेन्द्र मोदी को जवाब देना चाहिए कि उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था क्यों बर्बाद की। उन्होंने देश में इस कदर बेरोजगारी क्यों बढ़ने दी? इस देश में युवा रोजगार पाने का सपना क्यों नहीं देख सकते? नरेन्द्र मोदी को यह चर्चा करने की जरूरत है। राहुल गांधी का कहना है कि देश में दो विचारधारा है। पहली..... देश का शासन एक व्यक्ति एक सिद्धांत से चलना चाहिए ,जबकि अन्य लोगों की आवाज और अभिव्यक्ति को नहीं दबाया जाना चाहिए।

## खादी को घर-घर तक पहुंचाएंगे: गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि खादी वस्त्र ही नहीं, बल्कि एक विचारधारा है और उनकी सरकार खादी को घर-घर तेक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। गहलोत ने गांधी सप्ताह के तहत शुक्रवार को बिड़ला सभागार में खादी संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने खादी के माध्यम से पूरे देश को अंग्रेजों के खिलाफ एक सूत्र में पिरोया और ग्राम स्वराज की कल्पना को साकार किया।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सरकार ने खादी वस्त्रों पर छूट बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी है। इससे युवा वर्ग खादी से जुड़ेगा और इसके महत्व को समझेगा। उन्होंने कहा, सरकार खादी संस्थाओं को बढ़ावा देने के तमाम प्रयास कर रही हैं। हमने इसके लिए 10 करोड़ रुपए का कोष भी दिया है ताकि इन संस्थाओं को ऋण लेने में कोई परेशानी न आए। गांधीवादी विचारक सुदर्शन अयंगर ने कहा कि खादी का महत्व दुनिया को समझाने के लिए हमें खादी भी पहनिए से खादी ही पहनिए तक का सफर तय करना होगा। गांधीजी के ग्राम स्वराज का सपना तब तक तक पूरा नहीं होगा, जब तक हम अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को स्थानीय स्तर पर ही पूरा नहीं करेंगे।

### अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ बजट घोषणाओं को गति प्रदान करें: गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप बजट घोषणाओं का समय पर क्रियान्यवन सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ बजट घोषणाओं को गति प्रदान करें। परिवर्तित बजट 2019-20 की घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे बजट घोषणाओं की प्रगति की अपने स्तर पर नियमित समीक्षा करें। परिवर्तित बजट के जुलाई माह के अंत में पारित होने के कारण घोषणाओं की क्रियान्वयन के लिए समय कम बचा है।




सांगली में विधानसभा चुनाव के लिए निर्वाचन कार्यालय पर ईवीएम और वीवीपैट मशीन को लेकर वोट के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए छात्र

# अनुच्छेद्-370 हटाने के बाद कटरा में श्रद्धालुओं की संख्या घटी, वंदेभारत से उम्मीद जगी

**एजेंसी।** कटरा (जम्मू-कश्मीर)

**जम्मू-कश्मीर** से अगस्त महीने में अनुच्छेद-370 के प्रावधानों को हटाने के बाद कटरा आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आई है लेकिन नवरात्रि और गुरुवार को शुरू हुई वंदेभारत एक्सप्रेस से यह स्थिति बदलने की उम्मीद है। वंदेभारत एक्सप्रेस को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उम्मीद है कि इससे श्रद्धालुओं पर आश्रित यहां की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

रेलवे अधिकारी ने शुक्रवार को कहा, जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 को निष्प्रभावी करने के बाद अगस्त और सितंबर महीने में श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आई लेकिन नवरात्रि के दौरान इसमें सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की उम्मीद है लेकिन उनको संभालने के लिए मौजूदा आधारभूत संरचना संभवत: पर्याप्त नहीं है।

अधिकारी ने कहा कि स्टेशन परिसर में बहुत कम शौचालय हैं जिनका परिचालन भुगतान कर इस्तेमाल के आधार पर किया जाता है। उन्होंने इंगित किया कि यात्रियों की बढ़ी हुई संख्या को संभालने के लिए प्रतीक्षालय कक्षों और अन्य सुविधाओं का विस्तार करना होगा। हालांकि, वैष्णो देवी के दर्शन करने आने वाले यात्रियों को घोड़ी उपलब्ध कराने वाले शकूर ने कहा कि अब तक उम्मीद के मुताबिक भीड़ नहीं दिख रही है।

शकूर ने कहा, अगस्त महीने में श्रद्धालुओं के नहीं आने की वजह से मैं अपने गांव रियासी चला गया था और नवरात्रि से पहले ही यहां आया हूं। लोग आ रहे हैं लेकिन पिछले साल जैसी भीड़ नहीं है। यहां के दुकानदार संजय सिंह ने कहा, अगस्त-सितंबर में स्थिति ठीक नहीं थी लेकिन नवरात्रि से कारोबार की स्थिति बेहतर हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दिल्ली से कटरा के बीच शुरू वंदेभारत एक्सप्रेस से अधिक श्रद्धालु यहां आएंगे। रेल अधिकारी ने बताया कि 51 रेलगाड़ियां जम्मू और 18 कटरा आती हैं जिनमें आठ का परिचालन दैनिक आधार पर होता है, हर साल नवरात्रि से पहले राज्य प्रशासन के साथ तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक होती है।

## एक ही परिवार के छह सदस्यो के अवशेष खोदकर निकाले गए

**कोझीकोड़।** रिश्तेदार के संदेह प्रकट करने पर एक परिवार के छह सदस्यों के नरकंकाल को खोदकर निकाला गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक स्थानीय अदालत ने अपराध शाखा को खोदकर इन शवों को निकालने की अनुमति दी थी। जिले के एक पुलिस अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि वर्ष 2002 से लेकर 2016 के बीच एक जैसी परिस्थिति में इन सभी की भोजन करने के बाद मौत हो गई थी। अन्नमा थॉमस की 2002 में और उनके पति टॉम थॉमस की छह साल बाद 2008 में मौत हुई थी। बाद में उनके बेटे रॉय थॉमस की 2011 में मृत्यु हुई थी। अनम्मा के भाई मैथ्यू 2014 में और दो अन्य रिश्तेदार-- एक महिला एवं उसके सालभर के बच्चे की 2016 में मौत हुई थी। अधिकारी ने कहा, हमें शिकायत मिली कि जमीन हथियाने के लिए इन मौतों की साजिश रची गई। हम सभी कोणों से उसकी जांच कर रहे हैं। इन सभी ने मौत से पहले बेचैनी की शिकायत की थी। रॉय के शव के पोस्टमार्टम से साइनाइड के अंश मिले थे और इस मृत्यु को आत्महत्या समझा गया था। गड़बड़झाले का संदेह प्रकट करने के बाद मामला दर्ज किया गया। यह बात सामने आई कि टॉम की जमीन चली गई क्योंकि एक अन्य रिश्तेदार पर वसीयतनामा अपने पक्ष में कराने के लिए उसमें फर्जीवाड़े का संदेह सामने आया। अनम्मा के एक अन्य बेटे रोजो ने जमीन हथियाने की शिकायत दर्ज कराई। रोजो अमेरिका में है।

## कांग्रेस विधायक की माता के शोकसभा में पंडाल गिरा, 20 लोग घायल

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** भारी बारिश के बाद शुक्रवार शाम यहां एक कांग्रेस विधायक की माता के शोक सभा में पंडाल गिरने से कम से कम 20 लोग दबकर घायल हो गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रवीण जड़िया ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह हादसा शहर के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-एक के कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला की माता कृष्णा देवी (80) के निधन पर मरीमाता चौराहे पर आयोजित शोक बैठक में हुआ। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के बाद पंडाल के ऊपर काफी पानी जमा होने से यह अचानक गिर गया और शोक प्रकट करने आए कई लोग इसके नीचे दब गए। अनुमान के मुताबिक हादसे के वक्त कम से कम 200 लोग पंडाल के नीचे थे। जड़िया ने बताया कि हादसे के बाद पंडाल में बिजली आपूर्ति बंद कराते हुए इसके नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला गया। इनमें से कम से कम 20 घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में पहुंचाया गया। इनमें से दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। चश्मदीदों ने बताया कि हादसे के बाद कई घायल ऐसे भी थे जो प्रशासन के बचाव दलों के पहुंचने से पहले ही अपने-अपने साधनों से मौके से रवाना हो गए। वॉटरप्रूफ पंडाल तानने के लिए लोहे के सामान का इस्तेमाल किया गया था जिससे लोगों को चोटें आईं।

### बस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई आठ

**रायसेन (मध्य प्रदेश)।** मध्य प्रदेश में रायसेन के पास बृहस्पतिवार तड़के एक निजी बस के अनयंत्रित होकर पुल से उफनती नदी में गिर जाने के हादसे में लापता हुए एक व्यक्ति का शव मिलने के साथ मृतकों संख्या बढ़ कर आठ हो गई है। रायसेन के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) मुकेश चौधरी ने बताया, इस बस हादसे में लापता हुए एक व्यक्ति का शव पुलिस के गोताखोरों ने आज नदी से ढूंढ निकाला। उसकी पहचान मुनऊसैनी (55) के रूप में की गई है। वह वन विभाग का कर्मचारी था और सागर जिले के शाहगढ़ का रहने वाला था।

# सरकार ने रणनीतिक विनिवेश की नई प्रक्रिया को दी मंजूरी, विनिवेश विभाग की भूमिका बढ़ी

**नई दिल्ली।** सरकार ने चुने गए सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण में तेजी लाने के प्रयासस्वरूप रणनीतिक विनिवेश की नई प्रक्रिया को मंजूरी दे दी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार देर शाम हुई मंत्रिमंडल की बैठक में विनिवेश की इस प्रक्रिया को मंजूरी दी गई। इसके तहत वित्त मंत्रालय के अधीन काम करने वाले निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) को सार्वजनिक उपक्रमों में हिस्सेदारी बिक्री के लिए शीर्ष एजेंसी बनाया गया है। यह कदम रणनीतिक विनिवेश प्रक्रिया में तजी लाने के ध्एय से उठाया गया है। इसमें सार्वजनिक उपक्रम से संबंध मंत्रालय की भूमिका को कम किया गया है क्योंकि आमतौर पर मंत्रालयों में उनके उपक्रमों में बड़ी हिस्सेदारी बिक्री को लेकर अनिच्छा रहती है।

वर्तमान में रणनीतिक बिक्री के लिए सार्वजनिक उपक्रमों की पहचान नीति आयोग करता रहा है लेकिन अब नीति में बदलाव के बाद दीपम भी सामने आ गया है। अब दीपम और नीति आयोग दोनों मिलकर रणनीतिक बिक्री के लिए उपक्रमों की पहचान और प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। इसके साथ ही अब वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले दीपम के सचिव विनिवेश पर गठित अंतर मंत्रालय समूह की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस समूह में सार्वजनिक उपक्रमों के प्रशासकीय मंत्रालयों के सचिव शामिल हैं।

सचिवों के एक समूह द्वारा भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) में सरकार की पूरी 53.29 प्रतिशत हिस्सेदारी, शिपिंग कार्पोरेशन आफ इंडिया में पूरी 63.75 प्रतिशत और कांकोर में 30 प्रतिशत तथा नीपको में 100 प्रतिशत तथा टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कार्पोरेशन (टीएचडीसी) की 75 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने पर सहमति व्यक्त करने के एक सप्ताह के भीतर ही प्रक्रिया में यह बदलाव किया गया है।

रणनीतिक बिक्री प्रक्रिया दो चरणों की सकती है। पहले चरण में किसी उपक्रम में हिस्सेदारी खरीदने के लिए रूचि व्यक्त की जा सकती है और दूसरे तथा अंतिम चरण में उपक्रम के लिए वित्तीय बोली लगाई जा सकती है। रणनीतिक बिक्री के लिए पेश किए जाने वाले उपक्रम के बारे में तमाम जानकारी रखी जाएगी। अधिकारी ने कहा कि इसके पीछे सोच यह है कि प्रक्रिया चार से पांच माह में पूरी कर ली जाए। सरकार ने चालू वित्त वर्ष के दौरान विनिवेश के जरिए 1.05 लाख करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा है। सरकार के उद्योग जगत को करों में कटौती के रूप में 1.45 लाख करोड़ रुपए का प्रोत्साहन पैकेज देने के बाद विनिवेश लक्ष्य को हासिल करना और भी अहम हो जाता है।



पटना में पूर्व मुख्यमंत्री व हम पार्टी के अध्यक्ष जीतनराम मांझी बाढ़ पीड़ितों को खाद्य सामग्री वितरित करते हुए

# गृह मंत्री ने सीमा की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों की पहचान करने का निर्देश दिया

## ● आतंकवाद, उग्रवाद, भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं: शाह

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सीमा की सुरक्षा करने वाले बलों को निर्देश दिया कि वे अग्रिम स्थानों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों की पहचान करें और उनके समाधान के लिए विस्तृत कार्ययोजना पेश करें। उन्होंने आतंकवाद, उग्रवाद, भ्रष्टाचार के साथ-साथ हथियारों, नशीले पदार्थों और मवेशियों की तस्करी को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नरेंद्र मोदी सरकार की नीति पर भी जोर दिया।

गृह मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक का आयोजन सीमा सुरक्षा की मौजूदा स्थिति की समीक्षा तथा इसे और मजबूत बनाने के उपायों के संबंध में किया गया था। गृह मंत्री ने सीमा की सुरक्षा करने वाले बलों के महानिदेशकों को सीमा की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सभी मुद्दों की पहचान करने और इस संबंध में गृह मंत्रालय को एक विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

बयान के अनुसार गृह मंत्री ने आतंकवाद, घुसपैठ, भ्रष्टाचार एवं हथियारों, मादक पदार्थों और मवेशियों की तस्करी को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को दोहराते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया। मंत्री ने यह सुनिश्चित किए जाने पर भी बल दिया कि सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों के लिए आवास, स्वास्थ्य और प्रशिक्षण की सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा, हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि सीमा पर इन सुरक्षाकर्मियों के कारण ही 130 करोड़ देशवासी सुरक्षित हैं। इस बैठक में गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और असम राइफल्स के महानिदेशकों के अलावा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। बीएसएफ भारत-पाकिस्तान और भारत-बांग्लादेश सीमाओं की सुरक्षा करता है जबकि एसएसबी भारत-भूटान और भारत-नेपाल सीमाओं की रक्षा करता है। आईटीबीपी चीन-भारतीय सीमा और असम राइफल भारत-म्यामां सीमा की रक्षा करता है।

## भाजपा उम्मीदवार सतीश चंद्र दुबे का निर्विरोध राज्यसभा जाने का रास्ता साफ

**पटना।** भाजपा के सतीश चन्द्र दुबे बिहार से राज्यसभा चुनाव के लिए एकमात्र सीट पर इकलौते उम्मीदवार हैं, जिससे उनके निर्विरोध चुने जाने का रास्ता लगभग साफ हो गया है। आम सहमति से राजग के उम्मीदवार चुने गए दुबे शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि के दिन नामांकन दाखिल करने वाले इकलौते उम्मीदवार रहे। दुबे ने विधानसभा सचिव सह निर्वाचन अधिकारी बटेश्वर नाथ पांडे के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, बिहार भाजपा के उपाध्यक्ष देवेश कुमार, जदयू के मंत्री नंदकिशोर यादव और श्रवण कुमार समेत कई नेता मौजूद रहे। निर्वाचन अधिकारी पांडे ने कहा, एकमात्र उम्मीदवार भाजपा के सतीश चन्द्र दुबे ने राज्यसभा की एकमात्र सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए। मशहूर वकील और पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम जेठमलानी के निधन के चलते उपचुनाव की जरूरत पड़ी है, जो 2016 में राजद के टिकट पर राज्यसभा के लिए चुने गए थे। दुबे को नौ अक्टूबर को सर्वसम्मति से राज्यसभा के लिए चुना जाएगा क्योंकि राजद नीत महागठबंधन या किसी अन्य पार्टी ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है।



शुक्रवार को कोलकाता में चल रहे दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान महा षष्टी पर एक सामुदायिक पंडाल में देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# तृणमूल कांग्रेस ने अपने नेताओं से दुर्गा पूजा के दौरान जनता से संपर्क बढ़ाने को कहा

**एजेंसी।** कोलकाता

**तृणमूल** कांग्रेस ने पार्टी के मंत्रियों और नेताओं से कहा है कि दुर्गा पूजा के दौरान वह अपने क्षेत्रों में ही रहें और जनता के साथ जुड़ने का प्रयास करें। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार, पार्टी ने सभी मंत्रियों, जिला इकाइयों और जन प्रतिनिधियों को आदेश दिया है कि पूजा के दौरान वे छुट्टियों पर नहीं जाएं और इस मौके पर जनता के साथ संपर्क बढ़ाने का प्रयास करें। साथ ही किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सचेत रहें।

पार्टी आलाकमान ने सभी नेताओं को निर्देश दिया है कि वे तृणमूल कांग्रेस का बैनर इस्तेमाल किए बगैर ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों से संपर्क करें। तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, हमसे कहा गया है कि दुर्गा पूजा के दौरान विसर्जन तक अपने क्षेत्र से बाहर ना जाएं। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सभी वरिष्ठ नेताओं को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। भाजपा और भगवा धड़ा कुछ गड़बड़ी करने की कोशिश कर सकता है।

उत्तर 24 परगना जिले से तृणमूल कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा, हमसे कहा गया है कि पूजा पंडाल के पास पार्टी नेताओं का कोई बैनर या पोस्टर नहीं होना चाहिए, ताकि किसी भी सूरत में यह संदेश ना जाए त्योहार का राजनीतिकरण हो रहा है। दुर्गा पूजा सिर्फ त्योहार नहीं है बल्कि सामाजिक उत्सव है। ऐसे में हम गलत संदेश नहीं दे सकते हैं। पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा है कि वे तृणमूल कांग्रेस के मुखपत्र जागो बांग्ला के स्टॉल सभी दुर्गा पूजा पंडालों के पास लगाएं।

# मोदी दुनिया के सबसे ताकतवर नेताओं में शुमार हो गए हैं : नड्डा

**एजेंसी।** हजारीबाग/बोकारो (झारखंड)

**भाजपा** के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि हाल में ह्यूस्टन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शामिल होने से यह स्पष्ट हो गया है कि वह (मोदी) दुनिया के सबसे ताकतवर नेताओं में से एक हैं। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की जबर्दस्त नेतृत्व क्षमता का लोहा अब पूरी दुनिया मानती है और पिछले पांच वर्षों में वह दुनिया के सबसे ताकतवर नेताओं में शुमार हो गए हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में कहा कि मोदी सरकार ने किसानों की जरूरतों को पूरा करने में मदद की है, स्वास्थ्य क्षेत्र में और आवाजाही संपर्क बढाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

नड्डा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री की सभा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ना सिर्फ शिरकत की, बल्कि वहां उपस्थित भारतीय समुदाय को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ह्यूस्टन की सभा में दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आए, तब पूरी दुनिया में यह संदेश गया कि अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश के राष्ट्रपति भी मोदी के विकासपरक कार्यक्रमों का अनुसरण करते हैं।



रामगढ़ जिले के रजरप्पा मंदिर में शुक्रवार को पूजा-अर्चना करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और झारखंड के मुख्यमंत्री रघुबर दास

नड्डा ने भाजपा के बूथ शक्ति केन्द्र कार्यकर्ता सम्मेलन में लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई। उन्होंने कहा कि मजबूत आर्थिक नीति अपना कर भारत 2025 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। जम्मू कश्मीर की चर्चा करते हुए नड्डा ने कहा कि वहां से अनुच्छेद 370 हटा देने से अब राज्य की जनता को वह सभी अधिकार और सुविधाएं निर्बाध मिल सकेंगी, जो देश के अन्य हिस्सों में लोगों को मिलती हैं।

नड्डा ने सफल सदस्यता अभियान के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत की प्रशंसा करते हुए उनसे राज्य की कुल 81 सीटों में कम से कम 65 विधानसभा सीटें जीतने के लिए काम करने का भी आग्रह किया। बोकारो जिले के चंदनकियारी में एक अन्य बैठक को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि अनुच्छेद 370 खत्म किए जाने के बाद मोदी सरकार आगे बढ़ रही है और पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र में अलग-थलग पड़ गया है।

## महिला ने नगर निकाय अधिकारी और नेता की चप्पल से पिटाई की

**ग्वालियर (मध्यप्रदेश)।** राजीव गांधी आवास योजना के तहत आवंटित किए जाने वाले मकानों की लॉटरी में भेदभाव किए जाने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने स्थानीय नगर निगम में प्रतिपक्ष के नेता के साथ-साथ नगर निकाय के एक अधिकारी की भी कथित तौर पर चप्पल से पिटाई कर दी। इस घटना के सिलसिले में महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि ग्वालियर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष कृष्णराव दीक्षित और राजीव गांधी आवास योजना के नोडल अधिकारी पवन सिंघल पर हमला करने के मामले में लीला जाटव (35) नाम की महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह घटना बृहस्पतिवार की है। उन्होंने कहा कि उसे गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। दीक्षित ने कहा, आवास आवंटन के दौरान कुछ महिलाएं नगर निगम अधिकारियों से अभद्र व्यवहार कर रही थीं। मैनें समझाना चाहा तो पीछे से मुझे चप्पल मार दी। वहीं, सिंघल ने कहा, आवास आवंटन में कुछ महिलाओं को मनचाहे स्थान पर मकान नहीं मिला, जिससे वे भड़क गईं और मारपीट कर दी। उन्होंने कुछ सामान भी तोड़ दिए।

# बीआइएस मानकवाले बुलेट रोधी जैकेट सुरक्षित, सस्ता और हल्काः पासवान

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उपभोक्ता** मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय बीआईएस मानकों के अनुसार निर्मित बुलेट-रोधी जैकेट सुरक्षित, हल्का, लगभग 50 प्रतिशत सस्ता है और इसका निर्यात भी किया जा रहा है। बुलेट प्रतिरोधी जैकेट पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) मानक के बनने के कारण भारत अब अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों की चुनिंदा उन देशों की कतार में आ गया है जिनके पास अपना खुद का राष्ट्रीय मानक है।



पासवान ने संवाददाताओं से कहा, बीआईएस ने बुलेट प्रूफ जैकेट पर एक राष्ट्रीय मानक तैयार किया है जिससे मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा। यह जैकेट दुनिया में सबसे अच्छी गुणवत्ता का है और वजन में भी यह हल्का है जो हमारे जवानों के लिए सुविधाजनक है। इन जैकेटों की कीमतें 50 प्रतिशत सस्ती हैं। परिणामस्वरूप, इनका अधिक मात्रा में निर्यात हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के 3.5 लाख जैकेट्स की मांग है। उन्होंने कहा, यह जैकेट सभी मापदंडों पर बेहतर है। बेहतर सुरक्षा तंत्र के लिहाज से यह बेहतर गुणवत्ता का है। यह हल्के वजन के साथ-साथ 50 प्रतिशत तक सस्ता है।

इन जैकेटों का वजन 5.5 किलोग्राम से 10 किलोग्राम तक होता है, जो अन्य जैकेट की तुलना में लगभग आधा होता है और इसमें त्वरित रिलीज सिस्टम भी होता है। कीमतें लगभग 70,000 रुपए प्रति जैकेट का हैं। बीआईएस मानक, को गृह मंत्रालय और नीती आयोग के निर्देश पर तैयार किया गया है। इस मानकों से भारतीय सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस बलों की लंबे समय से लंबित जरूरतों को पूरा होने की उम्मीद है और उनकी खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। मौजूदा समय में, दो सार्वजनिक उपक्रम मिश्र धातू निगम लिमिटेड (मिधानी-हैदराबाद) और आर्डिनेन्स क्लोदिंग फैक्टरी (अवाडी) और निजी कंपनी एसएमपीपी (पलवल) एमकेयू (कानपुर), स्टारवायर (फरीदाबाद) बीआईएस मानदंडों के अनुसार बुलेट प्रतिरोधी जैकेट का निर्माण कर रहे हैं। सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ, एनएसजी सहित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने भारतीय मानकों के अनुसार बुलेट प्रूफ जैकेटों की खरीद की प्रक्रिया शुरू की है।

# बांग्लादेश के साथ द्विपक्षीय संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने पर जोर देगा भारत

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**बांग्लादेश** की प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत यात्रा के दौरान दोनों देश कारोबार, सम्पर्क सहित अपने द्विपक्षीय संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने एवं संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए 6-7 दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करेंगे तथा कुछ परियोजनाओं को आगे बढ़ाएंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, हम बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के बीच शिष्टमंडल स्तर की वार्ता होगी। उन्होंने बताया कि शेख हसीना राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी भेंट करेंगी। कुमार ने बताया कि इस दौरान दोनों देशों के बीच 6-7 दस्तावेजों पर हस्ताक्षर हो सकते हैं जो परिवहन, क्षमता निर्माण और संस्कृति से जुड़े होंगे।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना गुरुवार को चार दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंची। वह दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने और कारोबार एवं संपर्क को मजबूत करने के लिए शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वार्ता करेंगी। दोनों नेताओं की वार्ता के बाद दोनों पक्ष समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। दोनों देशों के प्रधानमंत्री संयुक्त रूप से तीन द्विपक्षीय परियोजनाओं का वीडियो लिंक के जरिए उद्घाटन करेंगे।

विदेशमंत्री एस जयशंकर भी शेख हसीना से बातचीत करेंगे। बांग्लादेश और भारत में संसदीय चुनाव होने के बाद हसीना की यह पहली भारत यात्रा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि वार्ता का मुख्य जोर द्विपक्षीय संबंध होंगे और द्विपक्षीय संबंधों को अगले स्तर तक ले जाने पर जोर होगा खास तौर पर कारोबार, सम्पर्क बढ़ाने पर।

## इमरान खान का उकसाने वाला बयान प्रधानमंत्री के अनुरूप नहीं : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान पर उकसाने वाली एवं गैर जिम्मेदाराना भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि जेहाद का ऐलान करने संबंधी उनका बयान प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद के अनुरूप नहीं है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने संवाददाताओं से कहा, संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री उकसाने वाला बयान दे चुके हैं और गैर जिम्मेदाराना भाषा का इस्तेमाल कर चुके हैं। हम इस तरह की बयानबाजी की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा, उन्हें (खान को) इसकी जानकारी नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आचार-व्यवहार कैसे होता है और इसके कारण भी (वह) कुछ ऐसा कह जाते हैं। कुमार ने कहा, उन्होंने (इमरान खान) भारत के खिलाफ जेहाद का खुला आह्वान किया है। पाकिस्तान और पाकिस्तान के नेताओं की ओर से ऐसा उकसाने वाला बयान पहली बार नहीं आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम पाकिस्तान और पाकिस्तान के नेताओं से सामान्य पड़ोसी की तरह व्यवहार की उम्मीद करते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि ऐसी उनसे अपेक्षा तो नहीं है किंतु वे पड़ोसी हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ऐसा बयान तब दे रहें हैं जबकि वह उच्च संवैधानिक पद पर बैठें हैं।

# भ्रष्टाचार की शिकायतों के डर से फैसले लेने से नही हिचकिचाउंगाः राजनाथ

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने निजी क्षेत्र को रक्षा क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए आमंत्रित करते हुए शुक्रवार को कहा कि वह भ्रष्टाचार की शिकायतों के डर की वजह से फैसले लेने से नहीं हिचकिचाएंगे। सिंह ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार निजी रक्षा क्षेत्र की उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने और भारतीय रक्षा क्षेत्र का आकार 2025 तक 26 अरब अमेरिकी डॉलर करने की उनकी योजना में आने वाली दिक्कतों को दूर करने को लेकर चर्चा के लिए तैयार हैं। राजनाथ ने जोर देते हुए कहा कि उनके द्वार हमेशा खुले हैं।



उन्होंने निजी कंपनियों से आगे आने का आग्रह करते हुए कहा कि जहां तक संभव हो, वे उनकी मदद करना चाहेंगे। सिंह ने यहां पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से आयोजित इंडिया इंटरनेशनल सिक्योरिटी एक्सपो में कहा कि भारत लंबे समय तक आयातित हथियारों पर निर्भर नहीं रह सकता चूंकि इससे महाशक्ति बनने की देश की योजना को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सकता। सिंह ने कहा कि जब वह रक्षा मंत्री बने तो लोगों ने कहा कि उन्हें किसी से मिलने जाने या किसी को मिलने बुलाने के दौरान सतर्क रहना चाहिए क्योंकि इससे उन्हें भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलने की गुंजाइश हो सकती है। रक्षा मंत्री ने कहा, उन्होंने मुझसे कहा कि कारोबार संबंधित कई प्रस्ताव और आयात तथा निर्यात संबंधी मामले और प्रस्ताव आते हैं, लिहाजा मंत्री को इन सभी को लेकर सतर्क रहना चाहिए नहीं तो कोई न कोई उंगली उठा देगा।



कोलकाता में दुर्गा पूजा उत्सव के लिए एक थोक फूल बाजार में फूल व मालाएं खरीदते लोगे

# मंत्री को अदालत का निर्देश, लोगों से माफी मांगने का वीडियो यूट्यूब पर अपलोड करें

**एजेंसी।** जबलपुर(मप्र)

**मध्य** प्रदेश उच्च न्यायालय ने प्रदेश के मंत्री लखन घनघोरिया को निर्देश दिया है कि वह अपनी जनसभाओं की उन वीडियो क्लिपिंग को यूट्यूब पर अपलोड करें, जिनमें उन्होंने अदालती आदेश के खिलाफ दिए अपने पूर्व के एक बयान को लेकर माफी मांगी थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आरएस झा एवं न्यायमूर्ति वी के शुक्ला की पीठ ने बृहस्पतिवार को यह निर्देश जारी किए।

सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण मंत्री के लिए पैरवी कर रहे वकील जुबिन प्रसाद ने पीटीआई-भाषा को शुक्रवार को बताया कि चूंकि याचिकाकर्ता ने अदालत से कहा था कि मंत्री ने अतिक्रमण नहीं हटाने का अपना बयान यूट्यूब पर अपलोड किया था, इसलिए अदालत ने मंत्री द्वारा दिए गए अपने स्पष्टीकरण का वीडियो भी यू-टयूब पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर में मदनमहल एवं सिद्ध बाबा पहाड़ी सहित अन्य पहाड़ियों पर सैकड़ों लोगों ने कब्ज़ा कर रखा है। इस मामले में गढ़ा गौंडवाना संरक्षक संघ के किशोरीलाल भलावी एवं अधिवक्ता जकी अहमद सहित अन्य की याचिकाओं पर उच्च न्यायालय ने यहां से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था।

पिछले महीने एक कार्यक्रम के दौरान घनघोरिया ने अतिक्रमणकारियों के पक्ष में बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि कोई भी सिद्ध बाबा पहाड़ी से अतिक्रमण नहीं हटा सकता। उनका यह बयान यूट्यूब पर अपलोड कर दिया गया, जिससे यह सोशल मीडिया में वायरल हो गया। मंत्री के इस बयान पर आदित्य नारायण शुक्ला ने एक अर्जी उच्च न्यायालय में पेश करते हुए कहा था कि सिद्धबाबा की पहाड़ी पर आयोजित एक सभा में घनघोरिया ने न सिर्फ अतिक्रमणों को हटाने की कार्वाई का विरोध किया, बल्कि अदालत के आदेश पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए लोगों को उकसाने का भी काम किया। शुक्ला ने इसके वीडियो यू-टयूब में अपलोड होने की जानकारी भी पीठ को दी थी। पिछली सुनवाई की तारीख पर पूरे मामले में घनघोरिया ने अदालत में बिना शर्त माफ़ी मांग ली थी और जबाब दे दिया था। लेकिन, अदालत ने इसे नाकाफी पाते हुए उन्हें एवं सरकार को जवाब देने के निर्देश दिए थे।

# पंजाब में हथियार बरामदगी मामले की जांच एनआईए को सौंपी गई

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केन्द्र** सरकार ने संदिग्ध रूप से ड्रोन के जरिए सीमापार से पंजाब भेजे गए हथियारों, विस्फोटक और संचार उपकरणों से संबंधित मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने का फैसला किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस ने पिछले महीने पाकिस्तान और जर्मनी में स्थित एक समूह द्वारा समर्थित खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के एक आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करने का दावा किया था। इसके बाद पंजाब सरकार के अनुरोध पर केन्द्र सरकार ने यह फैसला लिया। पंजाब पुलिस ने कहा था कि आतंकी समूह पंजाब और उससे सटे राज्यों में सिलसिलेवार हमलों की साजिश रच रहा था।

गृह मंत्रालय के एक आदेश में कहा गया कि केन्द्र सरकार का मानना है कि इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी अधिनियम 2008 में उल्लिखित अपराध हुए हैं। सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के लिए आतंकवादी गतिविधियों की साजिश रचने और पंजाब में अस्थिरता और आतंकवाद को पुनर्जीवित करने जैसे अपराध की गंभीरता को देखते हुए इस मामले में एनआईए अधिनियम के तहत जांच किए जाने की जरूरत है। इसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार एनआईए को उक्त अपराधों की जांच करने का निर्देश देती है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियार और संचार उपकरण भेजे गए। पंजाब के तरन तारन जिले के गांव चोला साहिब के बाहरी इलाके से 22 सितंबर को चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिनके पास से पांच एके-47 राइफल, पिस्तौल, सेटेलाइट फोन और हथगोलों समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए थे।

# खुले में शौच से मुक्ति

## शौचालयों एवं कचरा प्रबंधन के मानक जरूरी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि भारत के 99 प्रतिशत गांवों ने स्वयं को खुले में शौच से मुक्त-ओडीएफ घोषित कर दिया है, लेकिन जमीनी यथार्थ अनदेखा नहीं किया जा सकता है। मोदी को स्वास्थ्य व सफाई जैसे मुद्दों पर 'राजनीतिक प्रयास व समय' देने के लिए दुनिया भर में प्रशंसा प्राप्त हुई है। हालांकि, इस योजना के समुचित क्रियान्वयन के बिना हम मानव विकास सूचकांक की अगले स्तर तक नहीं पहुंच सकते हैं। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में खुले में शौच के कारण दो बच्चों को पीट कर मार डाला गया। उनके घर में शौचालय नहीं था जो सुदूर गांवों के बाहरी इलाकों में अब भी सामान्य बात नहीं है। हालांकि, पंचायत ने उनके घर में शौचालय बनाने की अनुमति दी थी, पर सरपंच ने अपने घमंड व जातीय भेदभाव के कारण उसे नहीं बनने दिया। दलित होने के कारण वे उच्च जातियों की तुलना में भेदभाव के शिकार हैं। संयोग से इस गांव को सरकार ने ओडीएफ घोषित कर दिया है। इस घटना के बारे में क्या कहा जा सकता है? इसके अलावा लगभग 90 लाख बेघर लोग बहुत बिखरे हुए हैं अथवा अनेक कारणों से सामुदायिक शौचालय सुविधा प्रयोग करने के लिए मजबूर हैं। इसके परिणामस्वरूप वे निर्जन स्थानों में शौच करते हैं। इसके अलावा कुछ क्षेत्रों में शौचालयों को अशुद्ध समझने की परंपरा है, इसलिए लोग बाहर शौच के लिए जाते हैं। अनेक उदाहरण हैं जहां नव-निर्मित शौचालयों को सामाजिक सोच के चलते अनाज या दूसरा सामान रखने का स्थान बना लिया गया है। इसके बावजूद कागजों पर इन घरों में शौचालय हैं और बिना किसी जांच के अधिकारियों ने 'काम पूरा' होने की घोषणा कर दी है।

ऐसी घटनाओं से इस महत्वपूर्ण योजना के समक्ष अनेक चुनौतियां सामने



आती हैं। हालांकि, इस अभियान से सफाई के मानकों, शौचालयों के प्रचलन तथा इसे सामाजिक उद्यम की तरह लेते हुए जागरूकता पैदा करने पर व्यापक चर्चा जरूर हुई है। समस्या से बहुआयामी ढंग से निपटना होगा। सभी मानक पूरे होने से पहले काम पूरा होने की मुहर लगाने से बचना होगा। पानी की कमी किसी स्वच्छता अभियान में सबसे बड़ी बाधा है। अभी सीवर लाइन की अनुपस्थिति में मल को गड्ढों या सीवर टैंकों में निस्तारण तथा इससे खाद या बायोगैस बनाने के बारे में जानकारी कम है। दूसरे शब्दों में, जल शक्ति मंत्रालय की कल्पना के अनुसार सफाई की ढांचागत संरचना पूरी तरह बनानी होगी। सरकार ने ट्विन लीच पिट शौचालय बनाने पर जोर दिया है जिनसे समस्या से एक सीमा तक निपटा जा सकता है, लेकिन हमारे कुल शौचालयों में से केवल 30 प्रतिशत इस किस्म के हैं। सीवेज प्रबंधन अपने आप में जटिल प्रक्रिया है जिसके पांच चरण होते हैं। इसमें मल को एक क्षेत्र तक सीमित करना, डि-स्लज करना, परिवहन, शोधन तथा पुन: प्रयोग या निस्तारण शामिल हैं। अधिकांश राज्यों में समुचित संख्या में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट-एसटीपी नहीं हैं। यदि सरकार एक और एजेंडा अधूरा नहीं छोड़ना चाहती है तो उसे कचरा प्रबंधन का एक मानक प्रोटोकाल विकसित करना होगा जिसमें सामाजिक जागरूकता पैदा करना शामिल है। हमें शौचालय की आवश्यकता का विचार लोगों के दिमाग में भरना होगा। यदि हम बहुत जल्दी आंकड़ों से संतुष्ट हो जाएंगे तथा कोई एजेंडा पूरा करने के लिए हिसाब-किताब में बदलाव करेंगे तो विजेता की तरह दिखेंगे। लेकिन खतरनाक रूप से हम उपलब्धि की भावना से भर जाएंगे और अधिकारी अगले मिशन में लग जाएंगे। हमें ऐसी बड़ी घोषणाओं से बचना चाहिए। कुछ सच्चाइयां छिपाई नहीं जा सकती हैं क्योंकि वे स्वयं प्रगट हो जाती हैं।

# आर्थिक प्रलोभन वाली चीनी कूटनीति

सभी जानते हैं कि चीन अपने साथ लाने के लिए विभिन्न देशों को आर्थिक प्रलोभन देता है। उसकी इस राजनय का मुकाबला करने के लिए चतुर्गुट को मजबूत करना चाहिए।

**भूपिंदर सिंह**
लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)



**चीन** ने दूसरे देशों को अपने उद्देश्यों से 'साथ लाने' के लिए या तो उन पर 'दबाव' डाला अथवा आर्थिक प्रलोभन की चेक-बुक राजनय का प्रयोग किया। निर्विवाद रूप से सैनिक और आर्थिक शक्ति बीजिंग के पास विकल्प के रूप में दक्षिण चीन सागर की तरह अपनी सैनिक शक्ति प्रदर्शित करने या अरबों डालर धनराशि खर्च कर देशों को आर्थिक रूप से बंधक बनाना है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे-सीपीईसी के उदाहरण पर गौर करें जहां पाकिस्तान में 60 बिलियन डालर का भारी निवेश किया गया है जिसकी अर्थव्यवस्था वर्तमान समय में संकटग्रस्त है। अक्सर दोनों विकल्पों का एक हाइब्रिड माडल प्रयोग किया जाता है जिसमें चीन द्वारा रणनीतिक निवेशों के माध्यम से वाणिज्यिक-सैनिक छाप छोड़ी जाती है।

महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर चीनी उपस्थिति को आपस में जोड़ने के लिए 'स्ट्रिंग आफ पर्ल्स' नीति चल रही है। देखने में यह वाणिज्यिक पहल लगती है जो अंतत: जिबूती जैसे सिविलियन बंदरगाहों पर चीनी सेना की उपस्थिति सुनिश्चित करती है। जहां भौतिक दूरी चीनी 'सप्लाई श्रृंखला क्षमताओं' को चुनौती देती है और वह उपयुक्त सैनिक उपस्थिति नहीं बना पाता है, वहां वह अन्य दानदाता देशों या संगठनों को फंडिंग के माध्यम से नया विमर्श तैयार करता है। अफ्रीका के सुदूर क्षेत्रों या लैटिन अमेरिका में यह प्रयोग हो रहा है।

इन सुदूर देशों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर बीजिंग न केवल वहां संसाधनों व कच्चे माल पर अपना नियंत्रण स्थापित करता है, बल्कि चीनी तैयार माल के लिए बाजार तैयार करता है। इसके साथ ही उसके अमूल्य राजनीतिक व राजनयिक प्रभाव की गारंटी होती है। इन देशों पर प्रभाव का आंकलन इस तथ्य से किया जा सकता है कि अंतरराष्ट्रीय राजनय में जैसे संयुक्त राष्ट्रसंघ में हर देश के वोट को 'एक' मान कर गणना की जाती है। सैद्धान्तिक रूप से इससे 15,000 से कम जनसंख्या वाले देश नारू का वोट चीन के समान होता है जिसकी जनसंख्या 1.5 बिलियन है। चीनी राडार की तात्कालिकता से एक वैश्विक स्थल अब तक अछूता था। यह प्रशांत सागर में पोलीनेशिया, माइक्रोनेशिया व मेलानेशिया का द्वीपीय क्षेत्र है। बहुत अधिक दूरी, विभाजित स्थिति तथा इन छोटे द्वीपीय देशों की 'अ-हानिकर' प्रकृति ने इनको अलग-थलग ट्रापिकल पैराडाइज़ के रूप में सुनिश्चित किया जो अब तक किसी बड़े भू-राजनीतिक या भू-रणनीतिक दृष्टिकोण का हिस्सा नहीं थे। लेकिन इक्कीसवीं शताब्दी की लगातार परस्पर-निर्भर व परस्पर-जुड़ी दुनिया में तीन कारणों से अचानक इस क्षेत्र में दिलचस्पी जागी जहां 2.5 मिलियन से भी कम जनसंख्या है।



पहला, इन देशों के भीतर घरेलू महत्वाकांक्षायें बढ़ रही थीं। दूसरा, बहुपक्षीय मंचों पर इन देशों के 'वोट' की रणनीतिक प्रासांगिकता। तीसरा, चीनी सैनिक-आर्थिक शक्ति बढ़ने के साथ ही ये देश कथित रूप से चीन को 'घेरने' का अवसर देते थे। इन तीनों द्वीपीय देशों की स्थिति चीनी वर्चस्ववादी इरादों की प्रतियोगी गणित में महत्वपूर्ण हो गई थी। ये देश भी रचनात्मक रूप से अपनी भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाते हुए आस्ट्रेलिया के पक्ष में प्रभुत्वशाली व

> **पूर्व औपनिवेशिक शक्तियों आस्ट्रेलिया, अमेरिका, फ्रांस, न्यूजीलैंड व जापान का क्षेत्र में परंपरागत प्रभुत्व लगातार घट रहा है क्योंकि चीन एक के बाद दूसरे देश पर निशाना लगा रहा है। बीजिंग का भरा हुआ खजाना इन असहाय देशों पर कभी-कभी बमवर्षक विमानों की उड़ान के साथ महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है।**

ऐतिहासिक झुकाव में 'जवाबी-संतुलन' स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। इसके लिए वे क्षेत्रीय शक्तियों के बीच प्रतियोगी लाभ का आंकलन कर रहे थे। चीनी राजनय के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात अंतरराष्ट्रीय रूप से ताइवान को अलग-थलग करना तथा उसे 'दबाना' था। इसे लिए उन देशों को 'अपने पक्ष में लाना' जरूरी था जो अब भी आधिकारिक रूप से ताइवान को मान्यता देते हैं। चीन की लगातार बढ़ती चिन्ता व प्रयास ताइवान मुद्दे पर विभिन्न देशों को अपने पक्ष में लाना रहा है। हाल में ये प्रयास तेज हुए हैं। 2016 के बाद से रिकार्ड सात देश चीन के पक्ष में आ गए हैं।

प्रशांत महासागर स्थित ये द्वीपीय देश ऐतिहासिक रूप से ताइवान-समर्थक दृष्टिकोण रखते तथा उन 25 देशों में शामिल थे जो हाल तक ताइवान को मान्यता देते थे। आज यह संख्या घटी है और केवल 15 देश ताइवान को मान्यता देते हैं। चीन द्वारा 'खरीद' का नवीनतम शिकार सोलोमन व किरिबती द्वीपसमूह है। उसे इस समझौते के लिए 'अभूतपूर्व विकास अवसरों' का लालच दिया गया। सोलोमन द्वीपों के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने ईमानदारी से स्वीकार किया कि ताइवान हमारे लिए राजनीतिक व आर्थिक रूप से 'पूरी तरह बेकार' था। 'पालाबदल' की शर्त के रूप में किरिबती को ताइवान से संबंध तोड़ने तथा चीन के साथ राजनयिक संबंध पुन: स्थापित करने थे। इस बीच किरिबती में विश्वसनीय अफवाहों के अनुसार चीनी खैरात आने वाली है जिसमें एक बोइंग 737 के साथ आसान शर्तों पर कर्ज शामिल है। ताइवान चीन की इस चेक-बुक राजनय से बहुत परेशान है और उसके पास कोई नैतिक, ऐतिहासिक या दृष्टिकोण जैसी स्थिति नहीं बची है। पूर्व औपनिवेशिक शक्तियों आस्ट्रेलिया, अमेरिका, फ्रांस, न्यूजीलैंड व जापान का क्षेत्र में परंपरागत प्रभुत्व लगातार घट रहा है क्योंकि चीन एक के बाद दूसरे देश पर निशाना लगा रहा है। बीजिंग का भरा हुआ खजाना इन असहाय देशों पर कभी-कभी बमवर्षक विमानों की उड़ान के साथ महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। सूडान के अविकसित तेल क्षेत्रों तथा बोलीविया में मालगाड़ी वाली ट्रेनों के लिए निवेश के रूप में चीन का प्रभाव स्पष्ट दिख रहा है। अब प्रशांत महासागर के द्वीपों पर भी सबका ध्यान गया है। अब सभी की नजरें यह देखने के लिए ताइवान के पड़ोसी सहयोगी देशों पलाऊ, तुवालू, नारू व मार्शल द्वीपों पर लगी हैं। देखना होगा कि क्या वे भी लालच का शिकार होकर ताइपेई को छोड़ कर चीनी 'समूह' में शामिल हो जाते हैं।

चीन की 'उदारता' कभी बिना शर्तों के नहीं होती है और इन राष्ट्र-राज्यों को अंतत: इसका पता चल जाएगा। हंबनटोटा बंदरगाह विकसित करने में चीनी निवेशों का अनुभव श्रीलंका को हुआ जिसे अंतत: यह बंदरगाह चीनी अधिकारियों को 99 साल के पट्टे पर सौंपना पड़ा। चीनी रणनीति का नतीजा फिलीपीन में कड़वाहट के रूप में सामने आया जिसके कारण मनीला को चीन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में मुकदमा दायर करना पड़ा जहां उसकी विजय हुई। लेकिन इसके फौरन बाद फिलीपीन सरकार ने बेशर्मी से चीन का हाथ थाम लिया और अमेरिका से ऐतिहासिक संबंध तोड़ लिए।

जैसी कि उम्मीद थी, यहां भारी मात्रा में चीनी निवेश का आश्वासन दिया गया जिसके चलते परंपरागत दुश्मनी को दफन कर दिया गया। वर्तमान मंदी के समय में पैसा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और चीन 'बेल्ट एंड रोड पहल' जैसी विशाल परियोजनाओं से पैदा असाधारण लाभ का लालच देकर विभिन्न देशों को 'अपने साथ' लाने का प्रयास कर रहा है। पूरी बेशर्मी से चेक-बुक राजनय चलाने के कारण चीन अपने पक्ष में अनेक समर्थक देश खड़े कर चुका है जो उसके इशारे पर काम करते हैं। ऐसे में चतुर्गुट में शामिल चीन से चिन्तित जापान, आस्ट्रेलिया, भारत और अमेरिका जैसे देशों को परंपरागत ढांचे से बाहर निकल कर आगे आना होगा क्योंकि ड्रैगन की सब पर नजर है, भले ही वे कहीं हों और कोई हों।

# वर्तमान युग में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता

**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के परामर्शकारी संपादक हैं)



**म**हात्मा गांधी का संदेश व उनकी जीवन शैली की वर्तमान दुनिया में विशेष प्रासंगिकता है। प्रभुत्वशील वैश्विक सभ्यता जिस दिशा में जा रही है उसका प्रभाव आर्थिक ढांचे व मूल्यों पर पड़ रहा है। समकालीन प्रभुत्वशाली वैश्विक सभ्यता लगातार अपने चरित्र, दिशा व जोर देने से बाजार पूंजीवाद की ओर बढ़ रही है। जैसा कि संकेत मिलता है, पूंजीवादी विकास का यह नवीनतम चरण बाजार और बिक्री के माध्यम से अपनी जीवंतता व प्रगति सुनिश्चित करना चाहता है। इसके लिए, मांग आवश्यक है जो आदिम समाजों के समय से मानवीय गतिविधि का परिणाम तथा आधिपत्य की इच्छा से निर्धारित होती है। यह प्रक्रिया प्रारम्भ में तो बहुत सरल होती है। उस समय जीवित बचे रहने का मुद्दा होता है जिसके लिए सुरक्षा, भोजन, आवास एवं वस्त्र मूलभूत होते हैं। इस प्रकार शिकार के लिए तथा जंगली जानवरों के हमले से बचने के लिए हथियारों की खोज हुई। अन्य मानव समूहों से भी सुरक्षा आवश्यक थी, जिन्होंने पत्थरों के तेज धारदार हथियार विकसित कर लिए थे।

प्रयोग से संतुष्ट होने के बाद इनकी मांग बढ़ी होगी और शायद बेहतर हथियारों का उत्पादन व खोज प्रारम्भ हुई होगी। ऐसी तथा अन्य वस्तुओं की खोज के लिए तकनीक विकसित हुई। जैक्वीस इयुल तकनीक व तकनीकी शब्दों का प्रयोग पर्यायवाची के रूप में करते हैं। उन्होंने अपनी पुस्तक टेक्नोलाजिकल सोसायटी में लिखा है कि यह साधनों व तरीकों के सिवा और कुछ नहीं है। उन्होंने बताया कि तकनीकी कार्रवाइयों में ऐसी सभी प्रकार की कार्रवाइयां या खास विधि शामिल हैं जिनसे कोई विशेष लक्ष्य प्राप्त करने की इच्छा होती है। यह प्रारम्भिक, जैसे चकमक के आविष्कार या जटिल जैसे इलेक्ट्रानिक मस्तिष्क की प्रोग्रामिंग हो सकता है। हर मामले में कार्य का निर्देशन क्रियाविधि द्वारा होता है।

तकनीक का प्रयोग उपलब्ध संसाधनों पर किया जाता है जिससे उत्पादों की खोज व निर्माण तथा आवश्यक सेवाओं का विकास होता है। इसमें मूलभूत प्रक्रियाएं समाहित हो जाती हैं। बढ़ती विविधता, जटिलता व आर्थिक-सामाजिक एवं राजनीतिक संवेदनशीलता कई शताब्दियों से जारी है



जिसने अनेक संस्थानों और व्यवहारों का विकास किया है। इसके कारण प्रारम्भिक बार्टर अर्थव्यवस्था वर्तमान समय में सूचना तकनीकी व वित्तीय पूंजी आधारित बाजार अर्थव्यवस्था तक पहुंची है। इसमें जीवित बचे रहने तथा बाजार के विकास के लिए बिक्री बढ़ाना शामिल है। बाजार पूंजीवाद न केवल मांगें पूरी करने का काम करता है बल्कि यह आकर्षक विपणन व बिक्री रणनीतियों से मांग पैदा करता है। इसमें विज्ञापन महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। इससे एक हाई प्रोफाइल उद्योग तैयार हुआ है। बिक्री बढ़ाने के लिए विज्ञापन की अनेक रणनीतियां बनाई जाती हैं जिनमें कुछ वस्तुओं के स्वामित्व व सेवाओं का आनंद उठाने को अपनेआप में एक लक्ष्य तथा व्यक्ति के आंकलन का महत्वपूर्ण पैमाना बना दिया जाता है। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति इसलिए महत्वपूर्ण होता है कि वह किसी खास ब्रांड के कपड़े, कोई खास घड़ी पहनता है। किसी खास ब्रांड की कार प्रयोग करता है तथा महिला होने की स्थिति में खास ब्रांड से मेकअप करती है। लोग न केवल अपनी आवश्यकता के लिए उपभोग करते हैं बल्कि दूसरों को यह दिखाने के लिए भी करते हैं कि वे इसका उपभोग कर सकते हैं और इस प्रकार दूसरों से बेहतर हैं।

इसका परिणाम प्रतिस्पर्धा है जो न केवल उपभोक्तावाद को बढ़ावा देती है बल्कि उन लोगों को अलगाव में डालती है जो इसमें शामिल नहीं होते। ऐसे लोग सामाजिक तनाव व हिंसा का शिकार बनते हैं। इसका दूसरा परिणाम जलवायु परिवर्तन व ग्रीनहाउस गैसों का बढ़ाता उत्सर्जन है जिसका कारण उपभोक्ताओं की मांग पूरी करने के लिए बढ़ती आर्थिक गतिविधियां हैं। यह पूरी तरह स्पष्ट होता जा रहा है कि ये दोनों प्रक्रियाएं मानव जाति की समाप्ति का कारण बन सकती हैं। महात्मा गांधी आवश्यकता आधारित अर्थव्यवस्था के पक्षधर थे जिसका मुख्य आधार नैतिकता एवं न्याय है। नैतिकता उनके लोकप्रिय उद्धरण से स्पष्ट है कि दुनिया में सबके लिए सबकुछ है पर किसी के लोभ के लिए नहीं। हमारे समय में बढ़ रहा भयानक उपभोग उनके समय में नहीं था लेकिन यह उद्धरण अनावश्यक उपभोग की निंदा करता है। यह उपभोग स्वयं को भ्रमित करने के लिए है। अत: अर्थव्यवस्था को सार्वभौमिक नैतिकता के सिद्धांत पर आधारित होना चाहिए। गांधी जी ने कहा था, '' एकत्रित संपदा का असली मूल्य उसके साथ जुड़ी नैतिकता से है। यह गणित की तरह स्पष्ट है जो अनेक संकेतों से प्रकट होती है। वाणिज्यिक संपदा का संग्रह एक ओर उद्योगों, प्रगतिशील ऊर्जा व उत्पादक खोज का संकेत हो सकता है वहीं दूसरी ओर यह जीवन के शौक, क्रूरता व भयानक दिखावा हो सकता है।''

महात्मा गांधी असमानता को बिलकुल स्वीकार नहीं करते थे। उन्होंने लिखा है, ''अनुचित रूप से एकत्र संपदा की असमानता ने देश को निश्चित रूप से भारी नुकसान पहुंचाया है। यह अवस्थापना में व्याप्त हैं, अनुचित रूप से फैलाई जा रही हैं तथा लोगों को भारी नुकसान पहंचा रही हैं। लेकिन उचित रूप से एकत्र संपदा की असमानता राष्ट्र को लाभ पहुंचाती है। यदि उसका प्रयोग नैतिक रूप से किया जाए।'' महात्मा गांधी प्रतिस्पर्धा के खिलाफ थे, जिसके कारण शोषण व कम मजदूरी सामने आती है, और सहयोग के पक्ष में थे। संपदा एकत्र करने का लक्ष्य उपभोक्तावाद या आत्मसंतुष्टि नहीं थी।

उन्होंने कहा था कि सारी संपदा से पैदा उपभोग का लक्ष्य यथासंभव अधिकाधिक स्वस्थ, बुद्धिमान व प्रसन्न व्यक्ति होने चाहिए। गांधी जी के दृष्टिकोण से आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य वर्तमान समय की सोच से बिलकुल अलग है। यह भयानक उपभोग से मुक्ति दिला सकता है। जिसके विनाशकारी परिणाम हमारे सामने हैं।

## आप की बात

### बंद करें प्लास्टिक का इस्तेमाल

**विज्ञान** ने ऐसी बहुत सी खोज की है जो जो अभिशाप बन गई है। ऐसा ही एक अभिशाप है प्लास्टिक। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती 02 अक्टूबर से एक साथ पूरे देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के घातक कचरे से मुक्त करने के अभियान की शुरूआत की गई। सरकार ने प्लास्टिक बंद करने की ओर कदम बढ़ा दिया है और बहुत से जगह पर बंद भी किया जा चुका है। लेकिन अभी पूरे भारत मे बंदी के तरफ धीरे धीरे आगे बढ़ रहे है लेकिन सवाल है कि क्या बिना आम जनता के जुड़े बिना इसे पूर्ण बंदी में सफलता मिल सकता है? रोजमर्रा की जिंदगी में हम जो प्लास्टिक काम में लाते हैं वह बहुत खतरनाक किस्म का रसायन पोली विनायल क्लोराइड है। इसे रसायनों के रक्त में घुल जाने से अनेक बीमारी की आशंका बढ़ जाती है और गर्भ में पल रहा बच्चा भी अनेक रोगों के गिरफ्त में आ सकता है। प्लास्टिक की थैली भी बहुत खतरनाक है। हर साल जो झुगियां जलकर राख हो जाती है शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया है कि तकरीबन नौ तरह की प्लास्टिक के कण खाने-पीने एवं अन्य तरीकों से इंसान के पेट में पहुंच रहे हैं। प्लास्टिक कण लसीका तंत्र और लीवर तक पहुंच कर रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित कर सकते हैं।

– **नृपेंद्र अभिषेक**, मेल से

### इस्लामोफोबिया बढ़ाते इमरान

**पाक** प्रधानमंत्री इमरान खान, जिनका पूरा नाम इमरान खान नियाजी है, ने कहा है कि विश्व इस्लामोफोबिया से ग्रस्त है। उन्होंने धमकी दी कि कश्मीर के हालात ऐसे हैं कि दुनिया के 130 करोड़ मुस्लिम हथियार उठा सकते हैं। इस धमकी द्वारा इमरान खुद इस्लामोफोबिया बढ़ा रहे हैं। मुस्लिमों ने अपने आचरण से ही दुनिया को अपने विरुद्ध खड़ा किया है। जब आप बात-बात पर विश्व को आतंकित करेंगे, या करने का प्रयास करेंगे, तो आपके खिलाफ भय और घृणा बढ़ने वाले ही हैं। एक हैरत की बात यह है कि इमरान ने संसार के कुल 160 करोड़ मुस्लिमों की जगह केवल 130 करोड़ की बात की। 30 करोड़ उन्होंने क्यों छोड़ दिए? वास्तव में ये 30 करोड़ हैं- शिया, अहमदिया जैसे समूह जो सुन्नी मुस्लिमों के बीच अल्पसंख्यक हैं। ये समूह खुद इस्लामोफोबिया के शिकार हैं। सुन्नी आतंकी इन पर भी हमले करते रहते हैं। इनके अतिरिक्त बलूच, पख्तून, सिन्धी, मुहाजिर, सरायकी जैसे अन्य समुदाय भी हैं, जो सुन्नीफोबिया के मारे हैं। इमरान के पुरखे जनरल एएके नियाजी ने 1971 में पूर्वी पाकिस्तान जाते हुए यह भयानक धमकी दी थी कि वे जल्दी ही वहां की जनसंख्या पश्चिमी पाक से कम कर देंगे।

– **पूनम मित्तल,** मोहनपुरी, मेरठ

### सुरक्षा बनाम व्यक्तिगत स्वतंत्रता

व्यक्तिगत स्वतंत्रता और देश की सुरक्षा में संतुलन स्थापित होना जरूरी है। इसमें संदेह नहीं कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन इस हद तक नहीं कि देश की सुरक्षा की अनदेखी कर दी जाए। कश्मीर का मामला कुछ ऐसा ही है। इससे इन्कार नहीं कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद घाटी में कुछ प्रतिबंध लग गए हैं, लेकिन इसका मकसद लोगों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन करना नहीं, बल्कि शांति एवं व्यवस्था सुनिश्चित करना है। कभी-कभी किसी बीमारी का उपचार करने के लिए सर्जरी करनी पड़ती है और उस दौरान कई चीजों का परहेज करना आवश्यक हो जाता है। इसे सुनिश्चित करने में इसीलिए बाधाएं आ रही हैं, क्योंकि कुछ लोग अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे तत्वों पर लगाम लगाना शासन का दायित्व है। इसी तरह उन तत्वों पर भी लगाम लगाना आवश्यक है जो न केवल अलगाववादियों और आतंकवादियों की भाषा बोलने में लगे हुए हैं, बल्कि उनके हितैषी भी बने हुए हैं।

– **डा. हेमंत कुमार**, गोराडीह

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**विपक्ष** के लिए सत्ता अपने लाभ के लिए जनता को लूटने का माध्यम है। उन्होंने जन कल्याण के लिए कुछ नहीं किया है।

– **योगी आदित्यनाथ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री



**यदि** आप विधानसभा में मेरा भाषण सुनें तो मैंने केवल विकास तथा टिकाऊ विकास लक्ष्यों की बात की है।

– **अदिति सिंह**
रायबरेली से कांग्रेस विधायक



**फेक** न्यूज़, पेड न्यूज़ की तुलना में ज्यादा खतरनाक है। सरकार व मीडिया को इससे संयुक्त रूप से संघर्ष करना चाहिए।

– **प्रकाश जावड़ेकर**
केन्द्रीय मंत्री

# वन्य प्राणियों की सुरक्षा से ही सृष्टि का संरक्षण संभव: योगी

## 'वन्यजीव संरक्षण जागरूकता' मोबाइल एप के शुभारम्भ के साथ ही सीएम ने विभिन्न स्कूलों के बच्चों को किया सम्मानित

- वन्यजीवों के रेस्क्यू वाहनों को झण्डी दिखाकर मुख्यमंत्री ने किया रवाना
- फैंसी ड्रेस, क्विज़, मेंहदी लगाना, नुक्कड़ नाटक, फोटोग्राफी, पोस्टर बनाना, तितलियों की पहचान आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता हुए पुरस्कृत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ









**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय परम्परा में जैव विविधता के सम्मान पर बल दिया गया है। मां दुर्गा का वाहन सिंह, भगवान शिव का वाहन नंदी है। इसी प्रकार प्राय: सभी आराध्य अलग-अलग वन्य प्राणियों से जुड़े हैं। भारतीय परम्परा में वन्यजीव देवी-देवताओं के स्वरूप के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि वन्य प्राणियों की सुरक्षा से ही सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण सम्भव है। मुख्यमंत्री ने यह बात शुक्रवार को यहां इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'वन्य प्राणि सप्ताह 2019' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर उन्होंने 'वन्यजीव संरक्षण जागरूकता' मोबाइल एप का शुभारम्भ किया। उन्होंने 'वन्य प्राणि सप्ताह 2019' में आयोजित फैंसी ड्रेस, क्विज़, मेंहदी लगाना, नुक्कड़ नाटक, फोटोग्राफी, पोस्टर बनाना, तितलियों की पहचान आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर वन मंत्री दारा सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री को गुजरात राज्य से प्राप्त 7 सिंहों के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र भी सौंपा। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन्यजीवों के रेस्क्यू के लिए वाहनों का फ्लैग ऑफ किया तथा वन्यजीव प्रबन्धन के सम्बन्ध में आधुनिक तकनीकी उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।


मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति के नियमों से छेड़छाड़ के दुष्परिणाम, जलवायु परिवर्तन आदि के रूप में सामने आ रहे हैं। सभी प्राणी सृष्टि के हिस्से हैं। कोई किसी को अनावश्यक रूप से नुकसान नहीं पहुंचाता। समय के साथ प्रकृति के अतिदोहन से जंगल समाप्त हुए, नदियों का स्वाभाविक प्रवाह बाधित हुआ, तालाब पाटकर कंक्रीट के जंगल स्थापित हुए, इसका विपरीत असर हुआ है। इसने मनुष्य और वन्य प्राणियों के मध्य नया संघर्ष व द्वन्द्व पैदा किया है।

इस वर्ष वृक्षारोपण महाकुम्भ पर 22 करोड़ 59 लाख पौधों के रोपण के लिए वन विभाग को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के प्रथम वर्ष 2017 में 6 करोड़ पौधे रोपित किये गये थे। द्वितीय वर्ष 2018 में 11 करोड़ 55 लाख पौधों का रोपण हुआ था। वन विभाग द्वारा क्रमश: वृक्षारोपण की संख्या को बढ़ाना प्रकृति के संरक्षण की दिशा में उपयोगी कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वन्यजीवों की संख्या में भी निरन्तर वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में वेटलैण्ड्स हैं। इन्हें पक्षियों के आश्रय स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। वन विभाग को अपने कार्यों को प्रोफेशनल और प्रभावी ढंग से सम्पन्न करने के लिए वन, पर्यटन, संस्कृति आदि सम्बन्धित विभागों के अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए। इससे प्रकृति का संरक्षण होगा व जैव विविधता में वृद्धि होगी। यह आर्थिक संसाधन एकत्र करने में भी सहायक होगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वन मंत्री दारा सिंह चैहान ने कहा कि वन विभाग द्वारा एक दिन में 22 करोड़ से अधिक पौधे लगाये गये हैं। प्रयागराज में सर्वाधिक पौधों के वितरण का विश्व रिकॉर्ड बनाया गया है। वन मंत्री ने बताया कि ईको टूरिज़्म को बढ़ावा देने के लिए 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' की भांति 'वन डिस्ट्रिक्ट वन डेस्टिनेशन' कार्यक्रम हेतु कार्ययोजना बनायी जा रही है। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन, जल शक्ति राज्य मंत्री बलदेव ओलख, वन राज्य मंत्री अनिल शर्मा प्रमुख सचिव वन कल्पना अवस्थी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक पवन कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुनील पाण्डेय सहित वरिष्ठ अधिकारी व बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# इतिहास रचने के लिए स्पीकर ने जताया विधायकों का आभार

- विशेष सत्र में सभी सदस्यों को बोलने का मौका न दे पाने के लिए की क्षमा याचना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानसभा** अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने विधानसभा के विशेष सत्र को रचनात्मक, ध्येयसिद्ध व उत्पादक बनाए जाने के लिए विधायकों को आभार व्यक्त किया। उन्होंने विधायकों को लिखे व्यक्तिगत पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश के विधायी सदन ऐतिहासिक बैठकों, संसदीय परंपराओं के लिए प्रतिष्ठित रहे हैं लेकिन इस बार दोनों सदनों ने नया इतिहास रचा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि विधायकों में अपनी बात कहने की होड़ रही है। समयाभाव में 150 सदस्य ही बोल सके हैं। सबको अवसर न दे पाने के लिए उन्होंने क्षमा याचना की है।

दीक्षित ने ऐतिहासिक सत्र के विचार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को श्रेय देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं पूरी रात बराबर सदन में आते रहे। यह तथ्य भी एक विशेष अवसर के रूप में याद किया जाएगा। दीक्षित ने संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना के परिश्रम की प्रशंसा की। विधान परिषद में यही जिम्मेदारी संभालने के लिए उन्होंने उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा की सराहना की। उन्होंने सभी मंत्रियों की सघन उपस्थिति की प्रशंसा की। विधानसभा अध्यक्ष ने अथर्ववेद के काल सूक्त का उल्लेख किया 'काल रथ सक्रिय गतिशील रहता है। परिश्रमी, तपस्वी ही इस रथ पर चढ़ जाते हैं। वही इतिहास में स्थान पाते हैं। शेष लोग इतिहास कालचक्र को दूर से देख पाते हैं। काल क्षमा नहीं करता।' दीक्षित ने विधान मंडल की इतिहास रचना की सही जानकारी आम जनता को देने के लिए मीडिया की भी भूर-भूर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र विश्व संस्था है। उसके द्वारा स्थापित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए प्रधानमंत्री मोदी पहले से ही सक्रिय हैं। योगी की सरकार ने तमाम लक्ष्यों पर सफल काम किया है। मुख्यमंत्री ने सत्र में आगे की कार्रवाई के लिए तमाम समितियों को गठन कर विश्व संस्था से उत्तर प्रदेश का जुड़ाव किया है। महात्मा गांधी जयंती पर संपन्न यह भव्य और ऐतिहासिक आयोजन स्मरणीय रहेगा। उन्होंने विधानसभा के प्रमुख सचिव व संपूर्ण कार्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद भालचन्द्र यादव के निधन पर जताया शोक

**लखनऊ (पीएनएस)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पूर्व सांसद भालचन्द्र यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। वहीं पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी पूर्व सांसद भालचंद्र यादव के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

# दिव्यांगों की शिक्षा के लिए गठित की जाएं ग्राम शिक्षा समितियां

- दिव्यांगजन की समस्याओं के समाधान हेतु अपर मुख्य सचिव ने की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव दिव्यांगजन महेश कुमार गुप्ता ने बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगों की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत ग्राम शिक्षा समितियों के गठन की कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

ब्लाइंड पर्सन एसोसिएशन के मांग पत्र में की गई मांगों पर बुलाई गई बैठक में अपर मुख्य सचिव दिव्यांगजन श्री महेश कुमार गुप्ता ने निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के निर्माण विभागों व एजेन्सियों यथा शहरी स्थानीय निकायों, विकास प्राधिकरणों, राज्यकीय निर्माण निगम, आवास बन्धु, निदेशक स्थानीय निकाय तथा मुख्य ग्राम्य एवं नगर नियोजक के मुख्य अभियन्ताओं एवं प्रतिनिधियों के साथ सार्वजनिक भवनों के निर्माण में सुगम्यता के मानकों के अनुपालन के सम्बन्ध में शीघ्र ही एक कार्यशाला का आयोजन कर निर्धारित गाईड.लाईन्स के बारे में जानकारी दें। अपर मुख्य सचिव ने नगर विकास तथा आवास विभाग को भी निर्देश दिये है कि वे सार्वजनिक स्थलों व पार्कों को दिव्यांगजन के लिए सुगम्य बनाये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित करें। साथ ही परिवहन विभाग सभी बस अड्डों पर दिव्यांगजन की सुग्मयता के दृष्टिगत टेकटाइल एवं एनाउन्समेन्ट की व्यवस्था शीघ्र करायें। साथ ही उन्होंने एसोसिएशन से कहा है कि वे दिव्यांगजन को यूडीआईडी कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित करें।

# कांग्रेस ने अदिति सिंह को दिया कारण बताओ नोटिस, मांगा दो दिन में जवाब

- जरा भी नैतिकता हो तो पहले इस्तीफा दें, फिर भाजपा की गोद में बैठकर नैतिकता की लफ्फाजी करें: अजय कुमार लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पार्टी** लाइन से अलग हटकर राज्य सरकार की ओर से बुलाए गए विशेष सत्र में हिस्सा लेने वाली रायबरेली सदर की विधायक अदिति सिंह को कांग्रेस ने कारण बताओ नोटिस दिया है। पार्टी ने उनसे दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण तलब किया है अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। वहीं अदिति सिंह ने भाजपा में जाने की संभावनाओं से इंकार किया है।

कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता अजय कुमार लल्लू और उपनेता आराधना मिश्रा ने कहा है कि 2 अक्टूबर को आहूत विशेष सत्र में कांग्रेस पार्टी ने व्हिप जारी कर सदन का बहिष्कार करने का निर्देश जारी किया था। इस संदर्भ में विधायक अदिति सिंह को व्यक्तिगत रूप से भी अवगत कराया गया था लेकिन इसके बावजूद निर्देशों का उल्लंघन किया गया और पार्टी व्हिप तोड़ी। अदित सिंह का सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेना घोर अनुशासनहीनता व पार्टी विरोधी गतिविधि है। इस अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधि के संदर्भ में अदिति सिंह से दो दिन के अन्दर स्पष्टीकरण उत्तर प्रदेश विधानमंडल कांग्रेस दल कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अन्यथा उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है। अजय कुमार लल्लू और आराधना मिश्रा ने कहा कि रायबरेली की विधायक अदिति सिंह उसूलों, नैतिकता और विचारों की बात करती हैं तो पार्टी से इस्तीफा देकर चुनाव लड़ें, न कि पार्टी में रहकर अनुशासनहीनता करें। पार्टी की लाइन और उसूल नहीं मानने वाले विधायक को उसूल और सिद्धांत पर बात करने का क्या अधिकार है? उनमें यदि जरा भी नैतिकता है तो पहले पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दें और फिर भाजपा की गोद में बैठकर नैतिकता की लफ्फाजी करें। इधर दूसरी ओर यह अटकलें लगायी जा रही हैं कि जल्द ही अदिति सिंह भाजपा में शामिल हो सकती हैं। विशेष सत्र में हिस्सा लेने के अगले ही दिन राज्य सरकार ने उन्हें उपकृत करते हुए वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करायी है। हालांकि अदिति सिंह का कहना है कि उन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने क्षेत्र के विकास के लिए विशेष सत्र में हिस्सा लिया था। उनका कहना है कि जहां तक सुरक्षा की बात है तो मैं काफी समय से इसकी मांग कर रही थी।

# राज्यसभा के लिये सुधांशु त्रिवेदी ने किया नामांकन

## कोई अन्य पर्चा दाखिल न होने से निर्विरोध चुना जाना तय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भाजपा** के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आज राज्यसभा उपचुनाव में यूपी की रिक्त सीट के लिये भाजपा उम्मीदवार के रूप में पर्चा भरा। यह सीट पूर्व वित्तमंत्री अरुण जेटली के निधन से रिक्त हुई है। श्री त्रिवेदी ने अपना नामांकन तीन सेटों में दाखिल किया। प्रत्येक सेट में 10 विधायकों ने प्रस्तावक के रूप में हस्तक्षार किये। राज्यसभा उपचुनाव के नामांकन का आज अंतिम दिन था। राज्यसभा की रिक्त सीट पर किसी अन्य के नामांकन न कराये जाने से श्री सुधांशु का निर्विरोध चुना जाना तय है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप दोपहर एक बजे विधानमंडल दल कार्यालय से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा तथा सरकार के कई अन्य मंत्रियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ सुधांशु त्रिवेदी ने राज्यसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रूप में अपना पर्चा दाखिल किया।

राज्यसभा की रिक्त एक सीट पर हो रहे उपचुनाव में किसी अन्य दल के प्रत्याशी का नामांकन न होने से सुधांशु त्रिवेदी का निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। लखनऊ के रहने वाले सुधांशु त्रिवेदी ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी करने के बाद कई विश्वविद्यालयों में पढ़ाया है। सुधांशु को सबसे कम उम्र में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार होने का श्रेय प्राप्त है। इसके अलावा वह सबसे कम उम्र में किसी भारतीय राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष के सलाहकार भी रह चुके हैं।

# बाढ़ से 27 जिलों में पांच अरब से ज्यादा का नुकसान

- जिलों ने शासन को भेजी क्षति की रिपोर्ट, अगले हफ्ते केन्द्र को मेमोरेन्डम भेजेगी योगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बाढ़ग्रस्त** जिलों में नुकसान की आकलन रिपोर्ट सरकार को मिल गई हैं। प्रभावित 27 जिलों में बाढ़ से पांच अरब से ज्यादा का नुकसान होने की बात जिलाधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में कही हैं। यह नुकसान किसानों की फसल के अलावा सरकारी व गैर सरकारी अचल सम्पत्तियों का हैं। सभी जिलों की रिपोर्ट के आधार पर आपदा राहत विभाग विशेष राहत पैकेज का मेमोरेन्डम तैयार करके अगले हफते गृहमंत्रालय को भेजेगा। पिछले दिनों लगातार कई दिनों की बारिश तथा बांध से पानी छोड़े जाने के कारण यूपी के अनेक जिलों को बाढ़ से जूझना पड़ा है। जिसमें सौ से अधिक लोगों की मौतें तथा बड़ी संख्या में चल-अचल सम्पत्तियों का नुकसान हुआ है। इसके अलावा बड़ी संख्या में मवेशी मरे हैं। बाढ़ से हुये नुकसान को देखते हुये राज्य सरकार ने पिछले दिनों 27 जिलों को बाढ़ग्रस्त घोषित किया जाने का निर्णय लिया था। सरकार ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखने के साथ-साथ सभी जिलों से नुकसान की रिपोर्ट मांगी थी। बाढ़ग्रस्त कानपुर नगर, गोरखपुर, गाजीपुर, प्रयागराज, शाहजहांपुर, लाखीमपुर खीरी, वाराणसी, बलिया, बहराइच तथा कानुपर देहात सहित लगभग सभी जिलों ने अपने यहां बाढ़ से हुये नुकसान की रिपोर्ट आपदा राहत विभाग को भेज दी है। सूत्रों के मुताबिक कृषि, कच्चे और पक्के मकान, झोपड़ी, कृषि भूमि तथा सार्वजनिक सम्पत्तियों के नुकसान का बिन्दुवार ब्यौरा तथा फोटों भेजे है। सबसे अधिक नुकसान गोण्डा, सहारनपुर, प्रतापगढ़ और गाजीपुर में हुआ है। जिलों से आयी रिपोर्ट के आधार पर आपदा राहत विभाग मेमोरेन्डम तैयार करके केन्द्र को भेजगा। राज्य सरकार का मेमोरेप्डम मिलने के बाद केन्द्रीय टीम प्रभावित जिलों में जाकर नुकसान का अपने स्तर पर परीक्षण करेगी औ इस टीम की सिफारिशों के आधार पर विशेष राहत धनराशि का निर्धारण होगा।

# जालसाजों ने एलयू के खाते से उड़ाये एक करोड़ नौ लाख रुपए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सात** सौ से लेकर 900 रुपए की जारी चेक की क्लोनिंग कर जालसाजों ने परिसर स्थित बैंक की मिली भगत से लखनऊ विश्वविद्यालय के खाते से करोड़ों रुपए निकाल लिये हैं। हैरत की बात यह है कि जिन चेक की क्लोनिंग कर फर्मों को भुगतान किया गया है, वह चेक बैंक की तरफ से उन्नीस वर्ष पूर्व जारी हुई थी, वर्तमान में वह चेक प्रचलन में भी नहीं है। भुगतान की गयी फर्मों का भी विश्वविद्यालय से कोई संबंध नहीं है। विवि के मुताबिक अप्रैल 2018 से मई 2019 के बीच 1 करोड़ 9 लाख 82 हजार 935 रुपए 11 चेक के माध्यम से ट्रांसफर किये गये हैं। मामले का खुलासा होने पर विवि प्रशासन ने एफआईआर दर्ज कराते हुए संबंधित बैंक से अपने सारे खाते दूसरे बैंक में ट्रांसफर कर दिये हैं। वहीं वित्त अधिकारी संजय श्रीवास्तव की तरफ से भी इस प्रकरण की इंटरनल जांच कराई जा रही है। इस पूरे मामले को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से कहा कि इस धोखाधड़ी में दो बातें सामने निकल कर आ रही हैं। एक तो वह जो चेक विवि के वित्त विभाग की तरफ से इश्यू किये गये थे, उसका भुगतान हो गया और दूसरा जो चेक इश्यू किया गया, वह बैंक में जमा नहीं हुए। ऐसे में चेक की क्लोनिंग का मामला सामने आ रहा है। मामले का खुलासा तब हुआ जब बैंक की तरफ से एक चेक को डिटेक्ट करने के दौरान पेमेंट को रोक कर विवि को सूचना दी गयी। दरअसल 22 मार्च 2018 की एक चेक संख्या 002084 जिस पर 9 लाख 98 हजार 274 रुपए के भुगतान प्रदीप कुमार सिंह यूको बैंक एकाउंट नंबर 10270110043998 में भुगतान होने थे जबकि उक्त नंबर की चेक वर्तमान में भी विवि के पास मौजूद चेकबुक में है। वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आने पर विवि के एकाउंट से हुए भुगतान व अन्य वित्तीय लेन-देन की जांच कराई गई तो पता चला कि 11 चेक के माध्यम से जिनमें 5 चेक एक फर्म को और 6 चेक अलग-अलग फर्म के माध्यम से 1 करोड़ 9 लाख 82 हजार 935 रुपए निकाले गये हैं। सारे चेक यूको बैंक के हैं और अलग-अलग बैंक जैसे पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, केनरा और यूबीआई में जमा कर भुगतान कराये गये हैं। आशंका है कि पैसे निकालने का कार्य भी अलग-अलग शहरों में बैंकों के माध्यम से किया गया है। जिन 11 चेक का भुगतान बैंक की तरफ से किया गया है, वह चेक भी विवि के रिकार्ड में नहीं है। विवि के एकाउंट से एक करोड़ रुपए से उपर के भुगतान का मामला सामने आने पर विवि के अधिकारियों के होश फाख्ता हो गये। आनन-फानन में विवि की तरफ से प्रदीप कुमार के नाम पर जारी चेक के भुगतान को रोकते हुए विवि की तरफ से एफआईआर दर्ज कराई गयी है।

**सिस्टम में यहां हुई चूक:** नियमानुसार विवि के वित्त विभाग की तरफ से हर माह वित्तीय लेन-देन का ब्यौरा तैयार कराने का प्राविधान है। अप्रैल 2018 से मई 2019 तक के बड़े वित्तीय का कोई भी विवरण तैयार नहीं कराया गया। जिसका फायदा जालसाजो ने उड़ाया। दूसरे दस लाख रुपए के अंदर का चेक पाये जाने पर बड़े लेन-देन में बैंक की तरफ से क्रास चेक नहीं किया जाता है। इसका भरपूर फायदा मिला और भुगतान किये गये धनराशि का कोई भी चेक दस लाख या इससे उपर का नहीं है। तीसरा जिस एकाउंट से भुगतान हुआ, वह एकाउंट 150 करोड़ रुपए तक का है। ऐसे में छोटे एमाउंट पर विवि ने ध्यान नहीं दिया। जिसका फायदा जालसाजों ने उठाया।

**विवि स्तर पर उठाए गये कदम:** विवि की तरफ से यूको बैंक में मौजूद सेलरी एकाउंट को छोड़कर सभी एकाउंट एसबीआई में ट्रांसफर करा दिये गये हैं। जो माइनर एकाउंट हैं, उनको निलंबित करा दिया गया है। दूसरे विवि स्तर पर अब सभी भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से होंगे। तीसरा अगर कोई चेक जारी हुई है तो उसके भुगतान से पूर्व बैंक को क्रास चेक करना होगा। वित्त अधिकारी संजय श्रीवास्तव की तरफ से भी इस प्रकरण की इंटरनल जांच कराई जा रही है।

# एनआईए ने मलिक व अन्य के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया

## ● आतंक वित्तपोषण मामला

एजेंसी। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकवाद के वित्तपोषण के 2017 के एक मामले में जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक और चार अन्य कश्मीरी अलगाववादियों के खिलाफ शुक्रवार को यहां की एक अदालत में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया। तीन हजार पृष्ठों वाले आरोपपत्र में दावा किया गया है कि कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने के लिए धन मुहैया कराने के वास्ते पाकिस्तान उच्चायोग ने अलगाववादियों का समर्थन किया था। यह मामला घाटी में 2017 में आतंकवाद के वित्त पोषण और 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के सरगना और जमात उद दावा प्रमुख हाफिज सईद से जुड़ा हुआ है।

एनआईए के विशेष लोक अभियोजक सिद्धार्थ लूथरा ने बताया कि आरोप पत्र में कश्मीरी अलगाववादियों आसिया अंद्राबी, शब्बीर शाह, मसरत आलम भट्ट और जम्मू कश्मीर के पूर्व विधायक रशीद इंजीनियर के नाम भी आरोपियों के रूप में हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश सयाल के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया गया। मामले की सुनवाई बंद कमरे में हुई। अदालत ने इस आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के लिए सुनवाई की अगली तिथि 23 अक्टूबर तय की।

आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र में धारा 120बी (आपराधिक षडयंत्र), सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने का कथित तौर पर षड्यंत्र करना (भादंसं की धारा 121), 124 ए (राजद्रोह) और गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की संबंधित धाराओं के तहत आरोपित किया गया है। एनआईए ने जनवरी 2018 में सईद, एक अन्य आतंकवादी सरगना सैयद सलाहुद्दीन और दस कश्मीरी अलगाववादियों के खिलाफ घाटी में आतंकवादी गतिविधियों के लिए कथित तौर पर धन मुहैया कराने और अलगाववादी गतिविधियों के मामले में आरोप पत्र दायर किया था।

सईद और सलाहुद्दीन के अलावा अंतिम रिपोर्ट में शामिल 10 अन्य आरोपियों में हुर्यित नेता सैयद शाह गिलानी का दामाद अल्ताफ अहमद शाह, गिलानी का निजी सहायक बशीर अहमद भट्ट, हुर्यित कांफ्रेंस के मीडिया सलाहकार आफताब अहमद शाह, अलगाववादी संगठन नेशनल फ्रंट के प्रमुख नईम अहमद खान, जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (आर) के अध्यक्ष फारूक अहमद डार, हुर्यित कांफ्रेंस (गिलानी धड़े) के मीडिया सलाहकार मोहम्मद अकबर, तहरीक-ए-हुर्यित के अधिकारी मेहराजुद्दीन कलवाल, हवाला कारोबारी जहूर अहमद शाह और दो पत्थरबाज कामरान युसूफ और जावेद अहमद भट्ट शामिल हैं। एनआईए के मुताबिक, मामला 30 मई 2017 को दर्ज हुआ था और पहली गिरफ्तारी 24 जुलाई, 2017 को हुई थी।



बीरभूम में अपने पैतृक आवास पर दुर्गा पूजा में भाग लेने के लिए पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी



पश्चिम गोदावरी में वाहन मित्र के लांचिंग के अवसर पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी

# ताजमहल का देखना होगा महंगा टिकट दरों में वृद्धि का प्रस्ताव पास

**आगरा।** ताजमहल सहित शहर के सभी स्मारकों का दीदार महंगा होने जा रहा है। गुरुवार को हुई आगरा विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में स्मारकों पर लिए जाने वाले पथकर की दरों में वृद्धि का प्रस्ताव पास कर दिया है। शासन की स्वीकृति मिलते ही नई दरों को लागू किया जाएगा। ताज और आगरा किला पर सार्क देशों के पर्यटकों के लिए पथकर में वृद्धि नहीं की गई है।

गुरुवार को मंडलायुक्त अनिल कुमार की अध्यक्षता में हुई। प्राधिकरण के अधिकारियों ने ताजमहलए आगरा किला, सिकंदरा, एत्मादुद्दौला, फतेहपुरी सीकरी में पर्यटन सुविधाएं विकसित करने का हवाला देकर पथकर की दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा। देशी पर्यटकों के लिए पथकर की राशि 10 रुपये से 40 रुपये करनेए विदेशी पर्यटकों के लिए 50 से 600 रुपये करने का प्रस्ताव रखा। आगरा किला पर देशी पर्यटकों के लिए पथकर राशि 10 से बढ़ाकर 40 रुपयेए विदेशी के लिए 50 से 600 रुपये करने को प्रस्ताव दिया।

सिकंदरा स्मारक पर देशी पर्यटकों के लिए पथकर राशि पांच रुपये से बढ़ाकर 25 रुपयेए विदेशी के लिए 10 से बढ़ाकर 300 रुपये और सार्क देशों के लिए पांच रुपये से बढ़ाकर 50 रुपये का प्रस्ताव किया है। एत्मादुद्दौला स्मारक पर भी सिकंदरा की तरह यह व्यवस्था लागू रखने का प्रस्ताव है। फतेहपुर सीकरी में घरेलू पर्यटकों लिए 10 से बढ़ाकर 40 रुपये, विदेशी मेहमानों के लिए 10 बढ़ाकर 600 रुपये और सार्क देशों के पर्यटकों के लिए 10 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये पथकर वसूलने का प्रस्ताव किया है। बोर्ड से स्वीकृति मिलने के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। डीएम एनजी रवि कुमार, एडीए उपाध्यक्ष शुभ्रा सक्सेना, नगर आयुक्त अरुण प्रकाश, एडीएम सिटी केपी सिंह, संयुक्त सचिव एडीए सोमकमल सीताराम सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पुनपुन नदी खतरे के निशान से तीन मीटर ऊपर, मुख्यमंत्री ने हवाई सर्वे किया

**पटना।** पुनपुन नदी लगातार खतरे के निशान के ऊपर बह रही है और मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ का खतरा पटना देहात जिले में बढ़ गया है। बारिश के कारण पिछले हफ्ते प्रदेश में कम से कम 73 लोगों की मौत हो गई थी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को बारिश प्रभावित जिलों अरवल, जहानाबाद और पटना का हवाई सर्वेक्षण किया और जमीनी स्थिति की समीक्षा की। सरकार की तरफ से आज यहां जारी बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के साथ जल संसाधन मंत्री संजय झा, मुख्य सचिव दीपक कुमार और अन्य मौजूद थे। जल संसाधन विभाग ने बताया कि पुनपुन नदी में इस मानसून सत्र में जलस्तर बढ़ कर शुक्रवार को पटना के श्रीपालपुर के निकट 53.61 मीटर हो गया जो खतरे के निशान से तीन मीटर से कुछ अधिक है।

# नीतीश ने जद(यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जद(यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किए। पार्टी की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। जद(यू) के विधान पार्षद और नीतीश के प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह ने नामांकन के आखिरी दिन दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी अनिल हेगड़े के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन पत्रों की जांच शनिवार को होगी और छह अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकते है। पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक 30 अक्टूबर को दिल्ली में होने की संभावना है। गौरतलब है कि नीतीश कुमार 2016 में पहली बार शरद यादव की जगह जद(यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए थे।

# नर्स ने खुदकुशी की, सीनियर वार्ड सिस्टर पर उत्पीड़न का आरोप लगाया

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में एक नर्स ने किराए के अपने मकान में पंखे से फांसी लगाकर कथित रूप से खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार उसने सुसाइड नोट में लिखा है कि मोनिका कंकोरिया नामक इस नर्स को सीनियर वार्ड सिस्टर परेशान कर रही थी। पुलिस का कहना है कि लेकिन सुसाइड नोट में किसी का नाम नही है। मोनिका डॉ. राधा कृष्णन सरकारी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत थी। पुलिस के मुताबिक मोनिका के मकान मालिक ने बृहस्पतिवार को उसके फांसी लगा लेने की सूचना दी। जब पुलिस शहर के बाहरी क्षेत्र बराल गांव में मोनिका के किराए के मकान में पहुंची तब उसे वहां सुसाइड नोट मिला। शुक्रवार को मोनिका के अभिभावकों और परिवार के अन्य सदस्यों ने यहां भोटा चौक पर धर्मशाला-शिमला रोड एक घंटे तक जाम कर दिया और मांग की कि उनकी बेटी को यह अतिवादी कदम उठाने के लिए मजबूर करने वाली आरोपी को गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी ने उनसे कई बार कहा था कि वरिष्ठ वार्ड सिस्टर उसे परेशान कर रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और हमीरपुर के उप जिलाधिकारी ने प्रदर्शनकारियों को समझाबुझाकर वहां से हटाया। हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक अरजीत सेन ठाकुर ने कहा, मामले की जांच चल रही है और अपराधी की पहचान की जा रही है। अपराधी के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। पुलिस ने इस मामले में भादंसं की धारा 306 (आत्महत्या के लिए मजबूर करना) के तहत मामला दर्ज किया है। प्राथमिकी में किसी का नाम नही है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल चौहान ने कहा कि कॉलेज प्रशासन जिला प्रशासन एवं पुलिस से जांच में सहयोग कर रहा है।

# यमराज से कहें कि दोषियों को सजा पूरी करने के लिए धरती पर भेंजें

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा मरने के बाद हत्या के मामले में दो दोषियों की सजा बरकरार रखे जाने के बाद दोनों के परिजन ने अनुरोध किया है कि इस संबंध में मृत्यु के देवता यमराज को निर्देश दिया जाए कि वह दोनों को धरती पर वापस भेजें ताकि वे अपनी सजा पूरी कर सकें। परिजनो ने अनुरोध किया है, यदि यमराज इस आदेश का पालन नही करते है तो उनके खिलाफ अवमानना की कार्वाई की जाए। आवेदकों ने मुख्य न्यायाधीश टीबीएन राधाकृष्णन से अनुरोध किया है कि वह उच्च न्यायालय के जून 2016 के आदेश को वापस ले। इस आदेश में अदालत ने हत्या के 1984 के एक मामले में समर और प्रदीप चौधरी को अलीपुर सत्र अदालत द्वारा सुनाई गई पांच साल की सजा बरकरार रखी थी। जबकि इस मामले के आरोपियो प्रदीप का 1993 में और समर का 2010 में निधन हो चुका था। याचिका दायर करने वाले समर के पुत्र अशोक और प्रदीप की पत्नी रेणु ने अदालत से अनुरोध किया है कि वह अपना 16 जून, 2016 का आदेश यमराज को भेजे। याचिका में कहा गया है कि अदालत यमराज को निर्देश दे कि वह दोषियो को धरती पर वापस लाए ताकि वे निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर सकें और कानून के तहत सुनाई गई सजा पूरी कर सकें।

# गुजरात पुलिस ने युगल की तलाश में टीम का गठन किया

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने अहमदाबाद के नवरंगपुरा इलाके से 30 सितंबर को लापता 24 साल की एक युवती और उसके पुरुष मित्र की तलाश के लिए टीमों का गठन किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि वृष्टि जाशुभाई (24) और उसके दोस्त शिवम पटेल (25) को आखिरी बार नवरंगपुरा स्थित पटेल के घर पर देखा गया था। उन्होने बताया कि दोनों के संबंधियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। सहायक पुलिस आयुक्त एल बी जाला ने बताया, वृष्टि के माता पिता 30 सितंबर को पुर्तगाल जा चुके है।

# पेज एक का शेष

## आरबीआई ने ...

रेपो दर कटौती का पूरा लाभ बैंकों के कर्ज ग्राहकों को नहीं मिलने की शिकायत भी की है। उन्होंने रिजर्व बैंक से इस पर ध्यान देने का आग्रह किया है। हालांकि, शेयर बाजार में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती किए जाने के बावजूद शुक्रवार को 434 अंक की भारी गिरावट रही। शुरुआत में बाजार में तेजी का रुख था लेकिन मौद्रिक समीक्षा में आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाकर 6.1 प्रतिशत किए जाने से बाजार में तेज गिरावट आ गई। राजकोषीय रियायतों के बाद राजस्व के भारी नुकसान को देखते हुए राजकोषीय घाटा 3.3 प्रतिशत के लक्ष्य से आगे निकलने के सवाल पर रिजर्व बैंक गवर्नर ने कहा कि सरकार ने कहा है कि वह राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को बनाए रखेगी। हमारे पास इस बारे में संदेह करने की कोई वजह नहीं है। दास ने कहा कि रेपो दर में अब तक हुई कुल 1.35 प्रतिशत कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचेगा। ज्यादातर बैंकों ने अपनी ब्याज दर को रेपो दर से जोड़ दिया है इसलिए ताजा कटौती के बाद कर्ज लेने वालों को इसका लाभ जल्द मिलगा ऐसी उम्मीद है। हाल में सरकार ने जो उपाय किए हैं उनसे निजी क्षेत्र की खपत बढ़ेगी और निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। बहरहाल, आर्थिक सुस्ती के चलते गतिविधियां बढ़ाने के लगातार प्रयास होने चाहिए। बैंकिंग क्षेत्र में लगातार बढ़ती समस्याओं और इसका कर्ज वितरण पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव पर दास ने कहा कि देश का बैंकिंग तंत्र पूरी तरह से मजबूत और स्थिर है। इसको लेकर बिना वजह घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। कृषि क्षेत्र के बारे में समीक्षा में कहा गया है कि कृषि क्षेत्र में संभावनाएं बेहतर हुई हैं। क्षेत्र में रोजगार पैदा करने, आय बढ़ाने और घरेलू मांग पैदा करने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हुई हैं।

## कोर्ट ऑफ ...

दोबारा ऐसा न हो और मारे गए अफसरों को युद्ध में शहीद घोषित किया जा सके। सूत्रों के अनुसार कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी में यह स्पष्ट हो गया है कि अपने ही हेलिकॉप्टर को इजरायली मूल की स्पाइडर जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल ने मार गिराया था। इसके लिए एक ग्रुप कैप्टन समेत पांच असफरों को दोषी पाया गया है। इससे पहले पायनियर ने 30 अगस्त को खबर प्रकाशित की थी कि अपने ही हेलिकॉप्टर को मार गिराने के मामले की उच्च स्तरीय जांच में वायुसेना के पांच अफसर दोषी पाए गए हैं। इनमें एक ग्रुप कैप्टन, दो विंग कमांडर और दो फ्लाइट लैफ्टिनेंट हैं। ये सभी लापरवाही बरतने के दोषी पाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार इन पर मिलिट्री कानून के अनुसार इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है और वायुसेना के उच्च अधिकारी सजा तय करेंगे। जांच में पाया गया कि हेलिकॉप्टर के आइडेंटिफिकेशन ऑफ फ्रेंड एंड फ्यू (आईएफएफ) सिस्टम को बंद कर दिया गया था। इस सिस्टम से यह पता चलता है कि विमान दोस्त का है या दुश्मन का है। क्रैश हुए हेलिकॉप्टर के क्रू मेंबर और ग्राउंड स्टाफ के बीच समन्वय की भारी कमी पाई गई है।

## भाजपा 150...

मांग पर कहा कि राजनीति में पहले कदम का मतलब यह नहीं है कि आप मुख्यमंत्री बन जाए। वह अभी-अभी राजनीति में आए हैं। यह अभी उनकी शुरुआत है। सीट बंटवारे से काफी पहले ही इस तरह की खबरें सामने आ चुकी हैं कि राज्य में यदि एनडीए को बहुमत मिलता है तो मुख्यमंत्री का पद भाजपा और उप-मुख्यमंत्री का पद शिवसेना के खाते में जाएगा। ऐसे में मुख्यमंत्री पद के लिए देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री पद के लिए शिवसेना से उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे को दावेदार बताया जा रहा है। महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा, जबकि 24 अक्टूबर परिणामों की घोषणा होगी। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 9 नवंबर को खत्म होगा। फिलहाल 288 सदस्यीाय महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा के 122, शिवसेना के 63, कांग्रेस के 42 और एनसीपी के 41 सदस्य हैं। भाजपा 2014 में 260 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, वहीं शिवसेना ने 282 सीटों परअपने उम्मीदवार उतारे थे। हालांकि, शिवसेना की सिर्फ 19.35 फीसदी वोट मिले थे। कांग्रेस ने एनसीपी से अलग होकर 287 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

## अयोध्या विवाद...

भी किया कि बहस के दौरान उन्हें कोई भी नया साक्ष्य या सामग्री पेश करने की इजाजत नहीं होगी। न्यायालय ने कहा कि पक्षकारों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष उपलब्ध रिकार्ड और दलीलों के आधार पर ही अपने प्रत्युत्तर देने होंगे। न्यायालय ने 26 सितंबर को हिन्दू और मुस्लिम पक्षकारों को इस मामले में बहस पूरी करने के लिए समय सीमा बताने के लिए कहने के साथ ही स्पष्ट किया था कि किसी भी स्थिति में सुनवाई 18 अक्टूबर के बाद एक दिन भी नहीं की जाएगी। न्यायालय ने कहा था कि अक्टूबर में दशहरा और दीपावली के लिए अवकाश हैं और इसलिए चार हिन्दू पक्षकारों की ओर से सिर्फ एक अधिवक्ता को ही दलीलों का जवाब देने की अनुमति होगी। इस विवाद का मध्यस्थता के माध्यम से सर्वमान्य समाधान खोजने का प्रयास विफल हो जाने के बाद संविधान पीठ से छह अगस्त से इन अपीलों पर रोजना सुनवाई कर रही है। यह पीठ अयोध्या में 2.77 एकड़ भूमि तीन पक्षकारों-सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और राम लला- के बीच बराबर बराबर बांटने का आदेश देने संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सितंबर, 2010 के फैसले के खिलाफ दायर 14 अपील विचाराधीन हैं।

# खसरा-रूबेला रोग नियंत्रण कार्यशाला संपन्न

**ललितपुर।** खसरा एवं रूबेला रोग पर नियंत्रण कार्यशाला जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय सभी चिकित्सा अधिकारियो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के आरम्भ में सीएमओ डा.प्रताप सिंह द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि एम यानी मिजिल्स को हिंदी में खसरा बीमारी के नाम से जाना जाता है। यह एक जानलेवा बीमारी होती है और बच्चों में अपंगता और मृत्यु के बड़े कारणों में से एक है। यह एक बहुत संक्रामक रोग है ओर यह एक प्रभावित व्यक्ति द्वारा खांसने और छींकने से फैलता है। खसरा आपके बच्चे को निमोनिया, दस्त और दिमागी संक्रमण जैसी जीवन के लिए घातक जटिलताओं के प्रति संवेदनशील बना सकता है। खसरा के आम लक्षण- तेज बुखार के साथ त्वचा पर लाल दाने व चकत्ते, खांसी, बहती नाक और लाल आंखें।



कार्यशाला के दौरान संबोधित करते प्रतिरक्षण अधिकारी

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.हुसैन खांन ने रूबेला के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया कि आर यानि रूबेला-रूबेला बीमारी या वायरस को छोटा खसरा और जर्मन खसरे के नाम से भी जाना जाता है। रूबेला वायरस के कारण हमारे बच्चे कई तरह की शारीरिक विसंगतियों का शिकार हो जाते है। जैसे - अन्धापन (ग्लूकोमा, मोतियाबिंद) बहरापन, कमजोर दिमाग (माइक्रोसिफेली, मानसिक मंदता) जन्मजात दिल की बीमारियां।

रूबेला से गर्भवती स्त्री में गर्भपात, अकाल प्रसव, मृत प्रसव और विकृत (शारीरिक, मानसिक) बच्चों के जन्म की समस्याएं हो जाती है। डब्ल्यू.एच.ओ. की एस.एम.ओ डा.भाग्यश्री ने इस अवसर पर बताया कि इन दोनों खसरा-रूबेला बीमारियों से बचाव और इनके वायरस को करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा खसरा-रूबेला रोग पर नियंत्रण कार्यक्रम के वारे में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के हाई रिस्क ग्रामों की सूची का सत्यापन करें एवं हाई रिस्क ग्रामो की सूची जिले स्तर पर भेजे एवं साथ ही मीजिल्स के रोगी बच्चें मिलते है तो उनका सर्वे कर उसकी सूचना जिले स्तर पर प्रपत्र पर भेजना सुनिश्चित करें और कार्यक्रम में अन्य विभागो के समन्वय की आवश्यकता हो तो मुझे अवगत करायें। कार्यशाला में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.अजय भाले एवं सभी ब्लाको के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# अनाथालय में युवती ने की जान देने की कोशिश, दुष्कर्म व छेड़छाड़ का आरोप

**आगरा।** आगरा शहर के अनाथालय में रह रही युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इसका पता गुरुवार दोपहर को आश्रम की छत से पीड़िता के यमुना में छलांग लगाने पर चला। अनाथालय में ही रह रहे दो किशोर और एक कर्मचारी पर आरोप लगाया है। पुलिस ने आश्रम प्रबंधक की ओर से नामजद केस दर्ज कर लिया है। किशोरी मानसिक रूप से परेशान है। उपचार चल रहा है। युवती 18 साल की हैए 13 साल से अनाथालय में रह रही है। यहां उसके तीन भाई और एक बहन भी रहते हैं। गुरुवार सुबह 11 बजे उसे युवती आश्रम की छत पर जाते हुए भाई ने रोका और कमरे में ले गया।

दोपहर एक बजे वह निकली और छत पर जाकर यमुना में छलांग लगा दी। रेत पर गिरने से उसके सिर में चोट आई। इसके बाद फिर से कूदने जा रही थी तो वहां सफाई करा रहे एनजीओ से जुड़ी युवती को देखकर उसे दुष्कर्म की बात बताई। उस युवती की सूचना पर पीड़िता को लेडी लॉयल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां एसपी सिटी प्रशांत वर्मा और सीओ छत्ता उदयराज सिंह के पहुंचने पर उसने



बताया कि अनाथालय के दो किशोर और एक कर्मचारी उसके कई बार दुष्कर्म कर चुके हैं। उदयराज सिंह ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया है। नामजद आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। अनाथ आश्रम में हुए गंदे काम के उजागर होने के बाद शुक्रवार दोपहर महिला आयोग की उपाध्यक्ष सुषमा सिंह और सदस्य निर्मला दीक्षित निरीक्षण के लिए पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने आश्रम के चप्पे चप्पे का निरीक्षण किया। आश्रम परिसर की एक टूटी दीवार की तरफ निरीक्षण के दौरान उनकी निगाह गई तो नजारा देख वो हैरान रह गईं। यहां बीयर की खाली केन पड़ी हुई थीं। आश्रम के पदाधिकारियों से जवाब तलब किया तो संतोषजनक जवाब उन्हें नहीं मिला।

# बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी आमजन से धोखा: व्यापार मण्डल

**ललितपुर।** जिला उद्योग व्यापार मंडल ने बिजली की बढ़ी हुई दरों के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। विधानसभा चुनाव 2017 में भाजपा सरकार बनने व निकाय चुनाव के तुरन्त बाद बिजली की दरों में लगभग 12, 73 फीसदी बिजली की बढ़ोतरी की गई थी अभी लगभग ढाई साल होने को है की लोकसभा चुनाव के केन्द्र में भाजपा सरकार बनने के पश्चात बिजली की भारी भरकम दरों में बढ़ोतरी की गई। 12 सितंबर 2019 से नई दरों से बिजली बिल बनाने का आदेश पारित कर दिया गया है। इसका सीधा असर आमजन विशेषकर मध्यम वर्ग के लोगों पर डाका डालना जैसा प्रतीत हो रहा है। बिजली की दरें इस तरह बढ़ाई गई हैं कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लगभग 12 प्रतिशत, औद्योगिक संस्थान 10 प्रतिशत अन्यमीटर्स ग्रामीण उपभोक्ताओं पर 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। घरेलू उपभोक्ताओं पर हर सिलेब में बिजली की दरें बढ़ाई गई हैं। शहरों में फिक्स



मुख्यमंत्री के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता

चार्ज 10 रुपये प्रति किलो बाट के हिसाब से बढ़ाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में फिक्स चार्ज 80 रुपये से बढ़ाकर 90 रुपये कर दिया गया है। गांव में किसानों की सिचाई 150 रुपये प्रति हेक्टेयर से बढ़ाकर 170 रुपये कर दी गई है। इसका सीधा असर तीन करोड बिजली उपभोक्ताओं की जेब काटी जा रही है और यह सरकार का जनविरोधी फैसला है। उपभोक्ताओं के साथ धोखा है। अतएवं व्यापारियों की सरकार से मांग है सहानुभूति विचार करते हुए भारी भरकम बिजली दरों को बढ़ाने वाला फैसला वापस लिया जाए, जिससे आम जनमानस को राहत मिल सके। हरियाणा राज्य की तर्ज पर बिजली की दरें आधी कर दी जाए। ज्ञापन देते समय मनीष सडैया, जिला अध्यक्ष सुरेश बडेरा, जिला महामंत्री प्रदीप सतरवांस, जिला संसदीय महामंत्री शैलेंद्र सिंघई, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज चेयरमैन कमलेश सराफ, नगर अध्यक्ष नवनीत किलेदार, नगर महामंत्री समित समैया, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित खजुरिया, सुधांशु शेखर हुण्डैत आदि उपस्थित थे।

# फड़णवीस, शिंदे, अजित पवार ने दाखिल किया नामांकन

एजेंसी। मुंबई

**महाराष्ट्र में** 21 अक्टूबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और राकांपा नेता अजित पवार समेत कई उम्मीदवारों ने शुक्रवार को पर्चा दाखिल किया।

विधानसभा चुनाव के लिए पर्चा दाखिल करने का आज आखिरी दिन था। राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री फड़णवीस ने दक्षिण-पश्चिम नागपुर निर्वाचन क्षेत्र से पर्चा भरा है। पर्चा दाखिल करने के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल भी उनके साथ मौजूद थे। इस सीट से फड़णवीस के खिलाफ कांग्रेस के आशीष देशमुख चुनाव लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं आश्वस्त हूं कि आशीर्वाद हमारे साथ है। मैं रिकार्ड जीत दर्ज करूंगा। वित्त मंत्री एवं भाजपा नेता सुधीर मुंगनतीवर चंद्रपुर जिले के बल्लारपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। आवास मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री गणेश नाइक क्रमश: शिरडी और एरोली सीटों से पर्चा भरा। नाइक हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। शिवसेना नेता शिंदे ने ठाणे जिले के कोपरी पचपाखाड़ी सीट से नामांकन दाखिल किया। पवार ने बारामती सीट से नामांकन दायर किया है। वह वर्तमान में भी विधानसभा में इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। महाराष्ट्र के इस पूर्व उपमुख्यमंत्री का मुकाबला भाजपा के गोपीचंद पडालकर से होगा। पवार ने संवाददाताओं से कहा, चुनाव नतीजे के दिन महाराष्ट्र के लोग देखेंगे कि बारामती के लोग मुझ पर कितना भरोसा रखते हैं। राकांपा के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने नासिक जिले में ईओला सीट से नामांकन दाखिल किया है। कंकावली सीट से भाजपा उम्मीदवार नीतेश राणे ने भी पर्चा भरा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि चार अक्टूबर है जबकि नामांकन पर्चों की जांच पांच अक्टूबर को की जाएगी। सात अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। राज्य में विधानसभा की 288 सीटों पर हो रहे चुनाव के लिए 21 अक्टूबर को मतदान होगा और नतीजे 24 अक्टूबर को आएंगे।



नागपुर में नामांकन करने जाते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस

## आदित्य ठाकरे की लोकप्रियता से मतदाताओं को लुभा पाएगी शिवसेना

**मुंबई।** ठाकरे परिवार के इतिहास में पहली बार चुनावी जंग में उतरे शिवसेना की युवा शाखा युवा सेना के अध्यक्ष आदित्य ठाकरे अपने दादा, पिता और चाचा की तरह ही कला में रुचि रखते हैं। शिवसेना की 1966 में स्थापना करने वाले उनके दादा बाल ठाकरे कार्टूनिस्ट थे, यह गुण आदित्य के चाचा राज ठाकरे में भी है जो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष हैं। शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे भी एक पेशेवर फोटोग्राफर हैं। फोटोग्राफी की कला में आदित्य भी गंभीर रुचि रखते हैं।

दक्षिणी मुंबई के वर्ली से शिवसेना के प्रत्याशी आदित्य (29), अपने परिवार के पहले व्यक्ति हैं जो चुनाव लड़ रहे हैं। आदित्य ठाकरे द्वारा लिखी गई कविताओं के संकलन का लोकार्पण 2007 में अमिताभ बच्चन ने किया था। आदित्य 2010 में सुर्खियों में तब आए थे जब उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय के अंग्रेजी साहित्य विभाग के पाठ्यक्रम में शामिल रोहिंटन मिस्त्री की पुस्तक सच ए लॉन्ग जर्नी के विरोध का नेतृत्व किया था। आदित्य ठाकरे विधि स्नातक हैं और वे राज्य के युवाओं एवं सामाजिक मुद्दों से जुड़े कार्यों में काफी सक्रिय हैं। युवाओं को लुभाने के लिए आदित्य ने मुंबई के मॉल और रेस्तरां रातभर खुले रखने की भी वकालत की थी। शिवसेना शासित बृहन्मुम्बई महानगरपालिका ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और अब यह स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री के पास लंबित है।

आदित्य ठाकरे ने मुंबई की खाली जगहों पर व्यायामशालाएं खोलने के प्रयास भी किए थे लेकिन प्रशासनिक स्वीकृति न मिलने के कारण उन्हें विफलता का सामना करना पड़ा। आदित्य के नेतृत्व में मुंबई विश्वविद्यालय की सीनेट में पिछले दो कार्यकाल से युवा सेना का दबदबा रहा है।

## नौसेना तीसरा विमान वाहक पोत हासिल करने की इच्छुक है: एडमिरल सिंह

एजेंसी। पणजी

**नौसेना** प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय नौसेना तीसरा विमान वाहक पोत हासिल करना चाहती है, लेकिन सरकार को इस बारे में निर्णय लेना होगा। एडमिरल सिंह ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र कई चुनौतियों का सामना कर रहा है।उन्होंने यहां एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बातचीत में कहा, भारतीय नौसेना तीसरा विमानवाहक पोत हासिल करने की इच्छुक है। हम तीसरे विमानवाहक पोत को लेकर सरकार के निर्णय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इसके लिए प्रक्रिया अभी शुरू होनी है। तीन दिवसीय गोवा मेरीटाइम कॉन्क्लेव का उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्र तटीय राष्ट्रों की समुद्री प्राथमिकताओं की पहचान करना है। इस कॉन्क्लेव में 10 देश भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम की शुरूआत बृहस्पतिवार को हुई थी और इसका समापन शनिवार को होगा।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल शुक्रवार को कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि थे। एडमिरल सिंह ने कहा, हमारे लिए यह एक बड़ा अवसर है क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मुख्य अतिथि है, जिससे पता चलता है कि भारत सरकार समुद्री क्षेत्रा में कितनी रूचि ले रही है।

सिंह ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में सागर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पहल है और भारत चुनौतियों का मुकाबला करना और क्षेत्र की समृद्धि के लिए काम करना चाहता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को समुद्र में लूट, नशीले पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी और यहां तक कि आपदाओं के रूप में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, समय के साथ इन चुनौतियों के उभरने को लेकर आपको उपायों और प्रक्रियाओं को बदलना होगा, ताकि आप उनका मुकाबला कर सकें। एडमिरल सिंह ने कहा, मालदीव जैसे देश जलवायु परिवर्तन से अत्यधिक खतरे में हैं। हालांकि, वे साथ मिल कर काम करने को इच्छुक हैं। नई चुनौतियों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का इस क्षेत्र पर प्रभाव पड़ने वाला है। उन्होंने कहा, एक बहुत बड़ी आबादी तटीय इलाकों में रह रही है। यह वह क्षेत्र है जो बदल रहा है।

## पश्चिम बंगाल में 6.5 किलोग्राम अफीम बरामद, दो गिरफ्तार

एजेंसी। कोलकाता

**राजस्व आसूचना** निदेशालय (डी आर आई) ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी शहर के पास बस से यात्रा कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनसे 6.5 किलोग्राम अफीम बरामद किया है। डी आर आई के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। डी आर आई अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए दो अक्टूबर को तड़के गुवाहाटी से आ रही एक बस से दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया और उनसे अफीम के सात पैकेट बरामद किए।

अधिकारी ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को मादक पदार्थ सबंधी कानून, 1985 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्तियों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उन्हें अफीम गुवाहाटी से मिली थी जो वे जम्मू में किसी अन्य व्यक्ति को देने जा रहे थे। तटरक्षक ने कोच्चि तट से मछली पकड़ने वाली श्रीलंकाई नाव पकड़ी

कोच्चि, चार अक्टूबर (भाषा) भारतीय तटरक्षक ने अपने जल क्षेत्र में मछली पकड़ने वाली, श्रीलंका की एक नौका पकड़ी है। एक रक्षा प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नाव को यहां लाया जा रहा है और तटरक्षकों द्वारा शुरुआती जांच-पड़ताल के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया जाएगा। एक दिन पहले ही दक्षिणी तमिलनाडु में नागपट्टिनम तट से दूर भारतीय जल क्षेत्र में तटरक्षकों ने 18 श्रीलंकाई मछुआरों को मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार कर उनकी नौकाएं जब्त कर ली थीं।

## फिजियोथेरेपिस्ट से बलात्कार हत्या के दोषी को मौत की सजा

**मुंबई।** यहां की एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को उपनगरीय विले पार्ले में 2016 में 24 वर्षीय फिजियोथेरेपिस्ट के साथ बलात्कार और हत्या करने के जुर्म में एक व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई। 24 सितंबर को सत्र अदालत के न्यायाधीश ए डी देव ने कहा कि आरोपी देबाशीष धारा (27) महिला के साथ बलात्कार और हत्या का दोषी है। आरोपी पश्चिम बंगाल का निवासी है।आरोपी ने अपनी गरीब पारिवारिक पृष्ठभूमि का हवाला देते हुए रहम की गुहार लगाई थी। हालांकि, अदालत ने उसे किसी प्रकार की ढील देने से इनकार कर दिया और उसे मौत की सजा सुनाई। अदालत ने राज्य सरकार को बलात्कार पीड़ितों के लिए मनोधैर्य योजना के तहत पीड़िता के परिवार को पर्याप्त मुआवजा देने की सिफारिश की। यह घटना दिसंबर 2016 में घटी। धारा को घटना के करीब दो महीने बाद पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया था। धारा पीड़िता के घर के पास काम करता था। घटना की रात, वह उसके घर में घुस गया, उसके साथ बलात्कार किया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी।

## ओडिशा में जादू-टोना यातना मामले में पांच और लोग गिरफ्तार

एजेंसी। बरहमपुर

**ओडिशा के** गंजम जिले के एक गांव में जादू-टोना करने के संदेह छह बुजुर्गों के दांत उखाड़ने और उनके साथ अमानवीय व्यवहार करने के मामले में शुक्रवार को पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

खल्लीकोट पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक सत्य नारायण प्रधान ने कहा कि इसके साथ ही खल्लीकोट थानांतर्गत गोपारपुर गांव में हुई घटना के संबंध में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर 34 हो गई। पुलिस ने इससे पहले इस मामले में 22 महिलाओं समेत 29 लोगों को गिरफ्तार किया था। प्रधान ने कहा कि इस मामले में शामिल कुछ और लोगों को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। हमारे पास अन्य आरोपियों के नाम हैं और उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। गोपारपुर गांव के लोगों के एक समूह को संदेह था कि छह वृद्ध जादू-टोना कर रहे हैं जिससे इलाके में तीन लोगों की मौत हो चुकी है और सात अन्य बीमार हुए हैं। पुलिस ने कहा कि उन्होंने मंगलवार रात छह बुजुर्गों को उनके घरों से घसीटकर बाहर निकाला और उन्हें मानव अपशिष्ट खाने के लिए मजबूर किया तथा उनके दांत उखाड़ दिए। पीड़ितों ने मदद की गुहार लगाई लेकिन कोई आगे नहीं आया। घटना की जानकारी जब जिला मुख्यालय तक पहुंची तो पुलिस अधीक्षक बृजेश राय एक पुलिस दल के साथ गांव पहुंचे और उन्हें बचाया। सभी घायलों की आयु 60 साल से अधिक है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। निरीक्षक ने कहा कि गिरफ्तारी के डर से लगभग सभी पुरुष गांव से फरार हो गए। पुलिस ने कहा कि इलाके में तनाव नहीं है, लेकिन पुलिस हालात पर पैनी नजर रखे हुए है। अन्य आरोपियों की धरपकड़ के लिए इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है।

## कमलनाथ ने मोदी से मुलाकात की, बाढ़ पर ज्ञापन सौंपा

एजेंसी। नई दिल्ली

**मध्य प्रदेश** में भारी बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए कुछ ही दिन पहले केंद्रीय सहायता की मांग किए जाने के बाद मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मोदी और कमलनाथ की एक तस्वीर ट्वीट की, जिसमें प्रधानमंत्री को मुख्यमंत्री एक ज्ञापन सौंपते दिख रहे हैं। मध्य प्रदेश में हाल में आई बाढ़ से राज्य को 11,906 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।



राज्य सरकार के अधिकारियों ने पिछले महीने प्रदेश के दौरे पर गई एक केंद्रीय टीम को यह जानकारी दी थी और राहत एवं पुनर्वास कार्य के लिए फौरन वित्तीय मदद की मांग की थी। अधिकारियों ने केंद्रीय टीम से 11,906 करोड़ रुपए का औपचारिक अनुरोध किया था।



श्रीनगर में सेना की भर्ती रैली के दौरान आये युवकों की शारीरिक जांच करते सेना के अधिकारी

## गोडसे अमर रहें ट्रेंड कराने की जांच कराए सरकार: कांग्रेस

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर ट्विटर पर गोडसे अमर रहें ट्रेंड कराने पर चिंता जताते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार को इस मामले की जांच करानी चाहिए और राष्ट्रपिता का अपमान करने वालों के खिलाफ कार्वाई करनी चाहिए। पार्टी प्रवक्ता मनीष तिवारी ने भीड़ हत्या को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखने वाले बुद्धिजीवियों के खिलाफ कथित तौर पर मामला दर्ज होने का मुद्दा भी उठाया और कहा कि देश के लोगों को अब यह गंभीरता से सोचना चाहिए कि भारत किस दिशा में जा रहा है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, यह बहुत चिंता का विषय है कि जब दो अक्टूबर, 2019 को पूरा देश राष्ट्रपिता की 150वीं जयंती मना रहा था तो दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर गोडसे अमर रहें ट्रेंड कर रहा था। ए कौन सी शक्तियां हैं, ए कौन लोग हैं जो महात्मा गांधी की जयंती पर गोडसे अमर रहें ट्रेंड करवा रहे हैं? अभी तक सरकार ने इसका संज्ञान क्यों नहीं लिया? कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, हमारी मांग है कि सरकार इस मामले की जांच कराए और राष्ट्रपिता का अपमान करने वालों पर कार्वाई करे। उन्होंने दावा किया, इस देश में बहुत ही विचित्र हालात बन रहे हैं। दूरदर्शन में एक अधिकारी को निलंबित कर दिया जाता है क्योंकि वह प्रधानमंत्री के वक्तव्य लाइव नहीं चलाता है। उत्तर प्रदेश में एक डॉक्टर (कफील) को जब जांच समिति निर्दोष पाती है तो उस पर एक और जांच बैठा दी जाती है। जब नामी बुद्धिजीवी भीड़ द्वारा हत्या के बारे में प्रधानमंत्री को पत्र लिखते हैं तो उनके खिलाफ मामला दर्ज कर दिया जाता है। तिवारी कहा, देश के लोगों को गंभीरता से विचार करना चाहिए कि देश किस दिशा में जा रहा है? उन्होंने सवाल किया, आखिर देश में किसी न किसी तरह से असहिष्णुता का माहौल पैदा हो रहा है? तिवारी ने दावा किया कि मौजूदा समय में जो हो रहा है कि उसका लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर बहुत नकारात्मक असर पड़ने वाला है।

### संजय निरूपम संयम बरतें, खयाली पुलाव नहीं पकाएं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने टिकट वितरण से नाराज संजय निरूपम को शुक्रवार को नसीहत दी कि उन्हें संयम बरतना चाहिए और षड्यंत्र की कहानी गढ़ने एवं खयाली पुलाव पकाने से बचना चाहिए। पार्टी प्रवक्ता मनीष तिवारी ने यह सवाल भी किया कि मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष निरूपम उस वक्त सवाल क्यों उठा रहे हैं जब एक सीट पर उनकी पसंद के मुताबिक टिकट नहीं दिया गया? उन्होंने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अशोक तंवर के बारे में भी यही कहा कि उन्हें भी संयम बरतना चाहिए। निरूपम के बयान के बारे में पूछे जाने पर तिवारी ने कहा, मैंने संजय निरूपम का ट्वीट देखा। ऐसा लगता कि वह अपनी सिफारिश के मुताबिक एक टिकट नहीं मिलने से नाराज थे। संजय निरूपम वरिष्ठ नेता हैं और उनको संयम से काम लेने की जरूरत है।

## राहुल और प्रियंका पर नकवी का प्रहार: झूठ का झुनझुना बजाने से कोई फायदा नहीं होगा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के नरेंद्र मोदी सरकार पर हमले पर पलटवार करते हुए केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को कहा कि झूठ का झुनझुना बजाने से मुख्य विपक्षी पार्टी को कोई फायदा नहीं होगा। नकवी ने संवाददाताओं से कहा, झूठ का झुनझुना बजाने से कोई फायदा नहीं होगा। कांग्रेस में हर व्यक्ति राजनीतिक पलायन करने जा रहा है। जब नीतियों को लेकर भ्रम और नेतृत्व में विभाजन हो, तो यही होता है। उन्होंने कहा, कश्मीर पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। बिना मांगी सलाह नहीं देनी चाहिए। सकारात्मक सोच के साथ सलाह दीजिए, भ्रम मत फैलाइए। दरअसल, भीड़ द्वारा पीट-पीट कर मार डाले जाने की घटनाओं को लेकर प्रधानमंत्री को खुला पत्र लिखने वाली करीब 50 हस्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने के एक दिन बाद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी या उनकी सरकार के खिलाफ कुछ भी कहने वालों को सलाखों के पीछे डाल दिया जाता है। गांधी ने कहा कि देश तानाशाही की ओर बढ़ रहा है और यह बात अब किसी से छिपी नहीं है। दूसरी तरफ, प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर में पिछले दो महीने से जारी प्रतिबन्धों का सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ा है।

## संसदीय समिति नागरिकों के आंकड़ों की सुरक्षा व निजता पर गौर करेगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता शशि थरूर की अगुवाई वाली एक संसदीय समिति ने नागरिकों से संबंधित आंकड़ों की सुरक्षा और निजता पर विचार करने का फैसला किया है।

समिति ने इसके साथ ही भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के कामकाज की समीक्षा करने का भी फैसला किया है। लोकसभा सचिवालय ने शुक्रवार को अपने बुलेटिन में यह जानकारी दी। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग से संबंधित स्थाई संसदीय समिति ने सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी नीतिगत मुद्दे सहित विभिन्न विषयों को विचार करने के लिए चुना है। इनमें सीमा पार आंकड़ों (डाटा) का प्रवाह, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आदि शामिल हैं। थरूर की अध्यक्षता वाली समिति समिति दूरसंचार नियामक ट्राई, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल), महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के कामकाज और 5जी के लिए देश की तैयारियों की भी समीक्षा करेगी। बुलेटिन में कहा गया है कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और डिजिटल क्षेत्र में महिला सुरक्षा पर विशेष जोर देने तथा सामाजिक या ऑनलाइन समाचार मीडिया मंचों के दुरुपयोग को रोकने के बारे में भी विचार किया जाएगा।

## शोध, नवाचार से पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मिलेगी मदद : कोविंद

एजेंसी। रुड़की

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को यहां कहा कि शोध, नवोन्मेष और सृजनात्मक विचारों से देश को 2025 तक पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने सहित अपने लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्रतिष्ठित आईआईटी रूड़की के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कोविंद ने संस्थान को नवोन्मेष केंद्र बताया, जहां शुक्रवार को संस्थान के इतिहास मे सबसे अधिक 300 से ज्यादा छात्रों को पीएचडी डिग्री प्रदान की गई। कोविंद ने कहा कि देश संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपनाए गए सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है और जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक चिंताओं को दूर करने में भी अपनी भूमिका निभाने की इच्छा जताई है।


उन्होंने कहा, आईआईटी रुड़की जैसे संस्थान केवल शिक्षा के केंद्र नहीं हैं। ए नवाचार और रचनात्मक विचारों के केंद्र भी हैं...और यह अनुसंधान, नवाचार और रचनात्मक विचार हैं, जो हमें अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेंगे और साथ ही मानवता के समक्ष मौजूद बड़ी चिंताओं को दूर करेंगे। ब्रिटिश शासन के दौरान स्थापित पहले इंजीनियरिंग कॉलेज में उन्होंने कहा, हमें नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना चाहिए। मुझे यह जानकर खुशी है कि आईआईटी रुड़की ऐसा कर रहा है। यहां टीआईडीईएस बिजनेस इंक्यूबेटर उभरती प्रौद्योगिकियों पर काम करने वाली स्टार्ट-अप और कंपनियों का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, यहां शोधार्थी उन तकनीकों और उत्पादों पर काम कर रहे हैं, जो नागरिकों की भलाई में योगदान करते हैं। इनमें नैनो टेक्नोलॉजी, कृत्रिम बुद्धिमता, कंप्यूटर विजन और जैव सामग्री जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में काम करना शामिल है। कोविंद ने कहा कि इस महान संस्थान के पूर्व छात्रों को संस्थान की प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए।उन्होंने कहा, वे विश्व-स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने के लिए भाग्यशाली थे। यह कर-दाता द्वारा अर्थात राष्ट्र की तरफ से वित्त पोषित था। बदले में कुछ लौटाने और उन कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों की मदद करने का नैतिक दायित्व बनता है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसके लिए निश्चित तौर पर सबसे अच्छा होगा कि समाज के निचले स्तर पर शिक्षा और छात्रवृत्ति दी जाए। कोविंद ने अधिकारियों से प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए कहा ताकि पूर्व छात्र संस्थान वापस आ पाएं और पढा सकें।

उन्होंने कहा कि आईआईटी रुड़की प्रशासन पर दायित्व है कि वह यहां आने और पढ़ाने के लिए पूर्व छात्रों को इस भागीदारी में शामिल करे और उन्हें आमंत्रित करे। यह थोड़े



### गरीब बच्चों को नि:शुल्क पढ़ाने वाले आईआईटी रुड़की के छात्र को राष्ट्रपति से मिला स्वर्ण पदक

**रुड़की।** गरीब बच्चों को नि:शुल्क पढ़ाने वाले भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की के छात्र अनंत वशिष्ठ को युवा नेतृत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द से शुक्रवार को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। इस साल बीटेक करने वाले 22 वर्षीय छात्र ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के जरिए प्रवेश पाने वाले छात्रों में युवा नेतृत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित डॉ. जयकृष्ण स्वर्ण पदक जीता। अनंत वशिष्ठ रुड़की के पास स्थित एक गांव के वंचित बच्चों को नि:शुल्क पढ़ाते थे। राष्ट्रपति कोविन्द ने उन्हें यहां आईआईटी रुड़की के 19वें वार्षिक दीक्षांत समारोह के दौरान पदक से सम्मानित किया। इस दौरान आठ अन्य छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। अनंत वशिष्ठ इस समय गुरुग्राम में मास्टर कार्ड में काम करते हैं। वशिष्ठ ने कहा कि उन्होंने अपने मित्रों के साथ 2015 से इस साल तक हर शनिवार और रविवार बच्चों को पढ़ाया। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक तंबू, ब्लैकबोर्ड, चॉक और कुछ कुर्सियों की व्यवस्था की और कॉलेज से लगभग आठ किलोमीटर दूर स्थित गांव में बच्चों को पढ़ाने जाने लगे। वशिष्ठ ने कहा, शुरू में मेरे लिए गांव के लोगों को यह समझाना एक चुनौती था कि वे अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए भेजें क्योंकि वे किसी बाहरी व्यक्ति पर विश्वास नहीं करते थे। हालांकि, धीरे-धीरे उन्हें मेरे इरादे का पता चला और पांच बच्चों से शुरू हुई कक्षा 15-20 बच्चों तक पहुंच गई। अपनी भविष्य की योजना के बारे में वशिष्ठ ने कहा, मैं उच्च शिक्षा अध्ययन के लिए अमेरिका स्थित मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में दाखिला लेने पर ध्यान दे रहा हूं। इसके बाद मैं अपने देश की सेवा करूंगा जो मेरा अंतिम लक्ष्य है।




## क्विक न्यूज

### प्रतीक शाह बने डीबी कॉर्प के डिजिटल कारोबार के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**नई दिल्ली।** दैनिक भास्कर ब्रांड नाम से काम करने वाली मीडिया कंपनी डीबी कॉर्प लिमिटेड ने प्रतीक शाह को अपने डिजिटल उत्पाद कारोबार डीबी डिजिटल का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। शाह के पास डिजिटल ग्राहक उत्पादों में वृद्धि करने, उसे बनाने और चलाने का करीब एक दशक का अनुभव है। उन पर दैनिक भास्कर समूह के डिजिटल कारोबार को चलाने की जिम्मेदारी होगी। दैनिक भास्कर समूह में शामिल होने से पहले शाह लगभग सात साल तक हाइक मैसेंजर के साथ जुड़े रहे है।

### सैमसंग ने चीन में स्मार्टफोन विनिर्माण पूरी तरह बंद किया

**सियोल।** सैमसंग ने चीन में स्मार्टफोन का विनिर्माण पूरी तरह से बंद कर दिया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, कंपनी ने चीन में श्रम की बढ़ती लागत के मद्देनजर यह कदम उठाया है। कंपनी ने शुक्रवार को ईमेल के जरिए जारी एक बयान में कहा कि उसने चीन में स्थित अपने दूसरे कारखाने में भी स्मार्टफोन का विनिर्माण बंद कर दिया है। इससे पहले कंपनी ने पिछले साल चीन के तिआनजिन में स्थित एक अन्य कारखाने को बंद किया था। कंपनी ने कहा कि उसने अपने कारखानों की दक्षता बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया है। वैसे दक्षिण कोरिया के मीडिया ने कहा है कि सैमसंग ने चीन में मोबाइल फोन का विनिर्माण कार्य बंद किया है उसका एक कारण यह भी है कि वहां मजदूरी खर्च बढ़ गया है।

### पीएमसी बैंकः ईडी ने छह स्थानों पर छापे मारे, धनशोधन के आरोप लगाए गए

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब एवं महाराष्ट्र सहकारी (पीएमसी) बैंक मामले में कथित फर्जीवाड़े की जांच के तहत मुंबई और उसके निकटवर्ती इलाकों में छह स्थानों पर शुक्रवार को छापे मारे और धनशोधन का एक मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने बताया कि ईडी ने धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत एक आपराधिक शिकायत दर्ज की जिसके बाद छापे मारे गए। ईडी का मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी पर आधारित है। ईडी सूत्रों ने बताया कि अतिरिक्त सबूत एकत्र करने के लिए छापे मारे गए। ईडी और मुंबई पुलिस का मामला पूर्व बैक प्रबंधन और हाउसिंग डेवलपमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एचडीआईएल) के प्रमोटरों के खिलाफ है।आरबीआई द्वारा नियुक्त प्रशासक की शिकायत के आधार पर अधिकारियों के खिलाफ फर्जीवाड़े, धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र के आरोपों के तहत इस सप्ताह की शुरुआत में पुलिस शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस ने बताया कि प्रारम्भिक जांच के अनुसार वर्ष 2008 के बाद से बैक को 4,355.46 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। प्राथमिकी में पीएमसी बैंक के पूर्व अध्यक्ष वरयम सिंह, प्रबंधक निदेशक जॉय थॉमस, एचडीआईएल के एक निदेशक और अन्य अधिकारियों के नाम है।

# आर्थिक वृद्धि के रिजर्व बैंक के अनुमान में कटौती से 434 अंक गिरा सेंसेक्स

एजेंसी। मुंबई

**रिजर्व बैंक** के चालू वित्त वर्ष के लिए देश की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाने की घोषणा के बीच शुक्रवार को शेयर बाजारों में बिकवाली का दबाव तेज होने से सेंसेक्स 434 अंक लुढ़क गया। रिजर्व बैंक ने कर्ज सस्ता कर वृद्धि दर प्रोत्साहित करने के उद्येश्य से लगातार पांचवीं बार अपनी नीतिगत ब्याज दर रेपो दर में कटौती की। उसने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान भी घटाकर 6.10 प्रतिशत कर दिया। रेपो दर वह दर है जिस पर केंद्रीय बैंक बैंकों को एक दिन के लिए नकदी उपलब्ध कराता है। यह दर 5.15 फीसद हो गई है।

सेंसेक्स ने करीब 300 अंकों की बढ़त के साथ कारोबार की शुरुआत की लेकिन रिजर्व बैंक की नीतिगत घोषणा से उसने तेजी खो दी। कारोबार के दौरान 770 अंकों के उतार-चढ़ाव के बाद सेंसेक्स अंततः 433.56 अंक यानी 1.14 प्रतिशत गिरकर 37,673.31 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 37,633.36- 38,403.54 अंक के बीच रहा। एनएसई का निफ्टी भी 139.25 अंक यानी 1.23 प्रतिशत गिरकर 11,174.75 अंक पर बंद हुआ। अवकाश प्रभावित सप्ताह के दौरान सेंसेक्स में 1,149.26 अंक यानी 2.96 प्रतिशत तथा निफ्टी में 337.65 अंक यानी 2.93 प्रतिशत की गिरावट आई।

शेयरखान बाय बीपी परिबास के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (पूंजी बाजार रणनीति एवं निवेश) गौरव दुआ ने कहा कि दर में कटौती के कारण शेयर बाजार ने विशेषकर बैंकों ने नकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, रिजर्व बैंक द्वारा कटौती का लाभ त्वरित तौर पर उपभोक्ताओं को देने पर जोर देने से बैंकों का मुनाफा प्रभावित होगा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आर्थिक नरमी से उबारने के रिजर्व बैंक और सरकार के लगातार प्रयासों के बाद भी निवेशकों ने नकारात्मक रुख अपनाया। जीडीपी वृद्धि दर के अनुमानों में लगातार कटौती से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील और एक्सिस बैंक में 3.46 प्रतिशत की गिरावट रही। इससे इतर टीसीएस, इंफोसिस, ओएनजीसी, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक और एनटीपीसी में 1.03 प्रतिशत तक की तेजी रही। ब्याज दर के लिए संवेदनशील क्षेत्रों बैंकिंग, वित्त, वाहन और रियल्टी कंपनियों के शेयरों में 2.45 प्रतिशत तक की गिरावट रही। बीएसई का मिडकैप और स्मॉलकैप भी 0.94 प्रतिशत तक की गिरावट में रहा। बीएसई की कंपनियों में 1,636 में गिरावट रही जबकि 976 कंपनियों में तेजी रही। 256 कंपनियों के शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर आ गए। एशियाई बाजारों में हांग कांग का हैंग सेंग और दक्षिण कोरिया का कोस्पी गिरावट में रहा। जापान का निक्की में बढ़त में रहा। चीन में राष्ट्रीय अवकाश के कारण बाजार बंद रहा। कारोबार के दौरान यूरोपीय बाजार गिरावट में चल रहे थे। इस बीच रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 70.97 रुपए प्रति डॉलर पर चल रहा था। ब्रेंट क्रूड का वायदा 0.78 प्रतिशत की तेजी के साथ 58.16 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था।







## रेपो दर में कटौती आठ प्रतिशत की मजबूत आर्थिक वृद्धि की महत्वाकांक्षा के अनुरूपः नीति आयोग

एजेंसी। नई दिल्ली

**नीति आयोग** के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने शुक्रवार को कहा कि रिजर्व बैंक का रेपो दर में लगातार पांचवीं बार कटौती का शुक्रवार का निर्णय आर्थिक वृद्धि दर तेज कर उसे आठ प्रतिशत पर पहुंचाने की भारत की वृहद महत्वाकांक्षा के अनुरूप है। कुमार ने यहां भारत आर्थिक सम्मेलन में कहा कि सरकार ने आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए पिछले कुछ महीनों में कई कदम उठाए हैं। आर्थिक वृद्धि की दर इस साल 6.50 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि यह उम्मीद से कम है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ महीनों में उठाए गए कदमों तथा रिजर्व बैंक द्वारा आज की गई कटौती पर गौर करें तो आप पाएंगे कि ए सारे कदम आर्थिक वृद्धि की गति को मजबूती देने के लिए हैं। हम चाहते हैं कि इस साल वृद्धि दर 6.50 प्रतिशत रहे जो उम्मीद से कम ही है। हम चाहते हैं कि देर-सवेर यह आठ प्रतिशत पर पहुंचे। कुमार ने कहा कि भारत को आर्थिक वृद्धि दर को ऊपर उठाने और उसे वहां बनाए रखने में सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा, हमारा वृद्धि का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों में कारोबार का माहौल बेहतर बनाने तथा निवेश बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। भारत में बुनियादी संरचना तैयार करने के सवाल पर उन्होंने कहा, हम अभी एक ही काम करना चाहते हैं और वह अधिक दीर्घकालिक निवेश आकर्षित करना है।

# भारत और बांग्लादेश एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि सहयोगी हैं : पीयूष गोयल

एजेंसी। नई दिल्ली



**भारत, बांग्लादेश** के साथ रेलवे, वाणिज्य, कारोबार, पोत परिवहन, मतस्य पालन, दूरसंचार, औषधि, आटोमोबाइल सहित विविध क्षेत्रों में पहले से बेहतर सहयोग को और प्रगाढ़ बनाना चाहता है। रेल एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-बांग्लादेश व्यापार फोरम की बैठक को संबोधित करते हुए दोनों देशों के बीच कारोबारी साझेदारी को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। भारत-बांग्लादेश व्यापार फोरम की शुक्रवार को हुई बैठक में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भी उपस्थित थीं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना गुरुवार को चार दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंची। इस यात्रा के दौरान वह दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने और कारोबार एवं संपर्क को मजबूत करने के लिए शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वार्ता करेंगी। पीयूष गोयल ने कहा, भारत और बांग्लादेश एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि सहयोगी हैं और एक दूसरे को समृद्ध बनाने के साथ ही अपने लोगों के बेहतर भविष्य के लिए मिल कर काम कर रहे हैं। गोयल ने भारतीय उद्योग प्रतिनिधियों से बांग्लादेश में अपार संभावनाओं वाले अवसंरचना,सूचना प्रौद्योगिकी और ऊर्जा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश के माध्यम से उसकी विकास यात्रा में सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों के बीच व्यापार संतुलन को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। केन्द्रीय मंत्री ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को भरोसा दिलाया कि भारत रेलवे क्षेत्र में विस्तार के बांग्लादेश के हर अनुरोध को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि रेलवे संपर्क बढ़ने से दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और साथ ही भारत का पूर्वी क्षेत्र अधिक सुगम बन जाएगा। गोयल ने कहा कि बांग्लादेश में भारतीय निवेशकों के लिए तीन विशेष आर्थिक क्षेत्र बनाए गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे बांग्लादेश के निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, इस अवसर पर स्टार्टअप बांग्लादेश तथा भारत की टेक महिन्द्रा और बांग्लादेश के विशेष आर्थिक क्षेत्र प्राधिकरण और अडानी पोत और सेज के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। गौरतलब है कि बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। पिछले एक दशक के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में खासी प्रगति हुई है। वित्त वर्ष 2018-19(अप्रैल-मार्च) की अवधि में भारत से बांग्लादेश को 9.21 अरब डॉलर का निर्यात हुआ जबकि आयात 1.22 अरब डॉलर का रहा। पिछले आठ वर्षों के दौरान भारत ने बांग्लादेश को आठ अरब डॉलर की ऋण सुविधा प्रदान की है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार की ओर से बांग्लादेश को अवसंरचना परियोजनाओं जैसे अगरतला,-अखौरा रेल सम्पर्क, नदियों से गाद निकालने, भारत-बांग्लादेश पाइपलाइन और शिक्षा, स्वास्थ्य, जल, संस्कृति, शहरी विकास, आपदा प्रबंधन और सामुदायिक विकास जैसी व्यापक प्रभाव रखने वाली विकास योजनाओं के लिए भी आर्थिक मदद दी जा रही है।

## आयात-निर्यात वस्तुओं से संबंधित विनिमय दरें


4 अक्टू 2019 को अधिसूचित

भारतीय रुपए के बदले विदेशी मुद्रा की एक इकाई की विनिमय दर



| मुद्रा | (आयात की जाने वाली वस्तुओं के लिए) | (निर्यात की जाने वाली वस्तुओं के लिए) |
|---|---|---|
| कुवैती दीनार | 242.40 | 227.35 |
| बहरीनी दीनार | 195.25 | 183.20 |
| पाउंड स्टर्लिंग | 89.30 | 86.15 |
| यूरो | 79.55 | 76.65 |
| अमेरिकी डॉलर | 72.15 | 70.45 |
| स्विस फ्रैंक | 72.85 | 70.05 |
| जापानी येन (100) | 67.80 | 65.25 |
| कनाडाई डॉलर | 54.45 | 52.55 |
| सिंगापुर डॉलर | 52.45 | 50.65 |
| ऑस्ट्रेलियाई डॉलर | 49.00 | 46.85 |
| न्यूजीलैंड डॉलर | 45.90 | 43.80 |
| कतर का रियाल | 20.20 | 18.95 |
| यूएई का दिरहम | 20.05 | 18.80 |
| सऊदी अरब का रियाल | 19.65 | 18.40 |
| तुर्की लीरा | 12.90 | 12.10 |
| डेनमार्क का क्रोनर | 10.65 | 10.25 |
| चीनी युआन | 10.15 | 9.80 |
| हांगकांग का डॉलर | 9.25 | 8.90 |
| नॉर्वे का क्रोनर | 7.95 | 7.65 |
| स्वीडन का क्रोनर | 7.35 | 7.10 |
| कोरियाई वॉन | 6.10 | 5.75 |
| द. अफ्रीका का रैंड | 4.80 | 4.50 |

स्रोत : वित्त मंत्रालय पीटीआई ग्राफिक




# रिजर्व बैंक का 2019-20 में आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान

एजेंसी। मुंबई



**भारतीय रिजर्व** बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2019- 20 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान शुक्रवार को घटाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया। पहले यह 6.9 प्रतिशत रखा गया था। उसने उम्मीद जताई है कि वर्ष की दूसरी छमाही में वृद्धि में सुधार होगा। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर के छह साल के निचले स्तर पांच प्रतिशत पर पहुंच जाने के बाद केंद्रीय बैंक का जीडीपी वृद्धि दर के बारे में यह ताजा अनुमान आया है। निजी क्षेत्र की खपत और निवेश में नरमी को इसकी प्रमुख वजह माना जा रहा है।

आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए सरकार ने कई प्रोत्साहन उपाय किए हैं। इनमें कारपोरेट कर में 10 प्रतिशत तक की भारी कटौती जैसे प्रावधान शामिल हैं। इसके अलावा सरकार ने बैंकों में पूंजी डालने की भी घोषणा की है। चालू वित्त वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा शुक्रवार को की गई। इसमें केंद्रीय बैंक ने कहा है कि सरकार के प्रोत्साहन उपायों, नीतिगत दरों में कटौती और अनुकूल बुनियादी कारकों के चलते हर तिमाही में आर्थिक वृद्धि की रफ्तार सुधरेगी। रिजर्व बैंक ने 2020-21 में देश की आर्थिक वृद्धि दर के सात प्रतिशत पर वापस लौटने का अनुमान जताया है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने कहा कि निकट अवधि में अर्थव्यवस्था का सफर कई जोखिमों से भरा है।वृद्धि अनुमान में इस बड़ी कटौती की वजह बताते हुए रिजर्व बैंक ने कहा कि निजी क्षेत्र की खपत और निवेश उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ सकी। वहीं वैश्विक व्यापार में नरमी के दबाव से निर्यात की रफ्तार खो गई। मौद्रिक नीति के अनुसार, आधारभूत आकलनों, सर्वेक्षण के संकेतकों, बुनियादी कारकों और फरवरी से रेपो दर में की जा रही कटौती को ध्यान में रखते हुए 2019-20 में जीडीपी की वास्तविक वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जोखिमों का समान रूप से संतुलन करने के साथ यह दूसरी तिमाही में 5.3 प्रतिशत, तीसरी में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 7.2 प्रतिशत रह सकती है। रपट में कहा गया है कि व्यापार तनाव बढ़ने, नो-डील ब्रेक्जिट समझौता नहीं होने और वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता बढ़ने से बुनियादी विकास के रास्ते में जोखिम बना है। हालांकि, अगस्त-सितंबर में निवेश और वृद्धि बढाने के सरकार के उपायों, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति में सुधार सरकारी बैंकों में पूंजी डालने और सरकारी बैंकों के विलय से जीडीपी वृद्धि दर की रफ्तार बढ़ाई जा सकती है। इसके अलावा निर्यात और रीयल एस्टेट को प्रोत्साहन, कारपोरेट आयकर की दर में कमी, दबाव वाली परिसंपत्तियों के तेजी से समाधान और रेपो दर में कटौती का लाभ तेजी से नीचे तक पहुंचाने से वृद्धि बढ़ाने में मदद मिलेगी। रिजर्व बैंक द्वारा पेशेवर आकलनकर्ताओं के बीच कराए गए छमाही सर्वेक्षण में भी जीडीपी वृद्धि दर अनुमान 6.1 प्रतिशत पर रहा। 2020-21 के लिए यह सात प्रतिशत तक पहुंचा है। यह केंद्रीय बैंक के स्वयं के अनुमान के मुताबिक है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बार-बार कहा है कि जब भी गुंजाइश होगी केंद्रीय बैंक वृद्धि संबंधी चिंताओं को दूर करने और अर्थव्यवस्था को उबारने में मदद करता रहेगा।

## राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता पर संदेह का कोई कारण नहीं

**मुंबई।** अप्रत्यक्ष कर संग्रह की वृद्धि दर कमजोर रहने तथा कार्पोरेट कारों में कटौती के चलने खजाने पर अनुमानित 1.45 लाख करोड़ रुपए के प्रभाव के बावजूद भारतीय रिजर्व बैंक को केंद्र सरकार के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल होने पर संदेह नहीं है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यह बात कही। वित्त वर्ष अप्रैल-मार्च 2019-20 के बजट में राजकोषीय घाटे को घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3.3 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। लेकिन हाल में कारपोरेट कर में ऐतिहासिक कटौती और गिरते जीएसटी संग्रह के चलते इस लक्ष्य के पाने को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। अधिकतर विशेषज्ञों का मानना है कि घाटे का आंकड़ा 0.7 से 0.8 प्रतिशत अंक तक ऊपर जा सकता है।

शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पेश की गई। केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 5.15 प्रतिशत कर दिया है। इसी के अनुरूप रिवर्स रेपो दर भी घटकर 4.90 प्रतिशत हो गई है। इस मौके पर संवाददाताओं से बातचीत में एक सवाल के जवाब में दास ने कहा, सरकार ने घोषणा की है कि वह राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें सरकार की बजट में दिए गए आंकड़ों के प्रति प्रतिबद्धता पर संदेह करने का कोई कारण नजर नहीं आता। उन्होंने कहा, राजकोषीय घाटे को लक्ष्य के भीतर बनाए रखने के लिए सरकार के पास विभिन्न राजस्व स्रोत हैं। ऐसे में कारपोरेट कर में कटौती से जो नुकसान होगा सरकार के पास अन्य स्रोत पर कर बढ़ाकर इसे पूरा करने का विकल्प है। पिछले महीने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कारपोरेट कर में 10 से 12 प्रतिशत तक की कटौती करने की घोषणा की थी। इसके बाद कारपोरेट कर की प्रभावी दर 25.17 प्रतिशत पर आ गई है। इससे राजकोष पर चालू वित्त वर्ष में अनुमानित 1.45 लाख करोड़ रुपए का असर पड़ेगा।

## रेपो दर में कटौती वृद्धि बढ़ाने के सरकारी उपायों के लिए पूरक साबित होगीः वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा है कि रिजर्व बैंक का रेपो दर में कटौती का फैसला सरकार के आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने के लिए किए गए उपायों के लिए पूरक साबित होगा। इससे पहले रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 5.15 प्रतिशत कर दिया। वित्त मंत्रालय की यहां जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार सरकार ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) द्वारा रेपो दर को 5.40 प्रतिशत से घटाकर 5.15 प्रतिशत करने के कदम पर गौर किया है। सरकार का मानना है कि हाल ही में आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए जो उपाय किए गए हैं रेपो दर में कटौती इनके लिए सहायक सिद्ध होगी और इनका पूरक बनेगी। सरकार ने सुस्त पड़ती आर्थिक गतिविधियों में फिर से तेजी लाने के लिए 23 अगस्त के बाद से कई कदम उठाए हैं। सरकार ने सबसे बड़े कदम के रूप में कंपनियों के कर में 10 प्रतिशत के करीब कटौती की है।

# सहकारी बैंकों समेत पूरी बैंक प्रणाली सुरक्षितः शक्तिकांत

एजेंसी। मुंबई



**भारतीय रिजर्व** बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि देश की पूरी बैंकिंग प्रणाली मजबूत और स्थिर है। उन्होंने कहा कि किसी एक सहकारी बैंक में किसी घटना को लेकर पूरी सहकारी बैंकिंग प्रणाली के स्वास्थ्य के बारे में कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। रिजर्व बैंक ने एक शहरी सहकारी बैंक में गड़बड़ी तथा उस पर केंद्रीय बैंक की पाबंदियों के बीच यह बात कही है। उन्होंने यहां चालू वित्त वर्ष की चौथी द्वैमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा के बाद संवाददाओं से कहा, जहां तक रिजर्व बैंक की बात है तो मैं यह बिल्कुल साफ साफ कहना चाहता हूं कि हमारी बैंकिंग प्रणाली मजबूत और सुव्यवस्थित है तथा किसी प्रकार की घबराने वाली कोई बात नहीं है। गौरतलब है कि रिजर्व बैंक ने मुंबई के पंजाब एंड महाराष्ट्र को-आपरेटिव बैंक (पीएमसी) प्रकरण खुलने के बाद उसके खिलाफ पाबंदी लगा दी है। इसके तहत इस बैंक के ग्राहक को अगले छह माह किसी ग्राहक को 25,000 रुपए से ज्यादा की निकासी की अनुमति नहीं है। पहले यह राशि केवल 1000 रुपए प्रति खाता रखी गई थी बाद में उसे बढ़ा कर 10000 रुपए किया गया। पत्रकारों ने गवर्नर से सवाल किया था कि रिवर्ज बैंक की निगरानी के बावजूद पीएमसी में पिछले आठ साल से यह घोटाला चल रहा था। बैंक के कुल रिण का 73 प्रतिशत से अधिक एचडीआईएल को दिया गया था और यह खाता लंबे समय से एनपीए बन गया था। गवर्नर ने लोगों को सलाह दी है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें क्यों कि घबराने की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि पीएमसी बैंक के मामले में रिजर्व बैंक को जैसे ही जानकारी दी गई, उसने तत्काल बहुत तेजी से कार्वाई की। उन्होंने कहा कि ऐसी किसी एक घटना के आधार पर सभी सहकारी बैंकों के स्वास्थ्य के बारे में धारणा नहीं बनाई जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि रिजर्व बैंक सहकारी बैंकों के विनियमन व्यवस्था की पूरी समीक्षा करेगा और जरूरत हुई तो इस बारे में सरकार के साथ भी विचार विमर्श करेगा।

## लक्ष्मी विलास बैंक, इंडियाबुल्स हाउसिंग के प्रस्तावित विलय पर अभी नहीं लिया गया कोई निर्णयः दास

**मुंबई।** रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि अभी लक्ष्मी निवास बैंक और इंडियाबुल्स हाउसिंग के प्रस्तावित विलय के बारे में निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा, लक्ष्मी निवास बैंक को त्वरित सुधार कार्वाई की रूपरेखा के तहत लाए जाने का मतलब यह नहीं समझा जा सकता है कि उसके इंडियाबुल्स हाउसिंग के साथ प्रस्तावित विलय के बारे में रिजर्व बैंक ने अपना मन बना लिया है। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को सलाह दिया कि रिजर्व बैंक के कदम के आधार पर कोई अनुमान नहीं लगाएं।

दास से यह पूछा गया कि लक्ष्मी निवास बैंक के खिलाफ दंडात्मक कार्वाई का मतलब यह तो नहीं कि रिजर्व बैंक ने विलय को टालने का इरादा तय कर लिया है। दास ने इस सवाल को कयास करार दिया।उन्होंने कहा, जब तक किसी मामले में निर्णय को सार्वजनिक नहीं किया जाए, यह सही नहीं कि हम उसकी व्याख्या करें। जब तक निर्णय सार्वजनिक नहीं हो, मैं किसी खास मामले में टिप्पणी करना नहीं चाहूंगा। इस विलय की घोषणा अप्रैल 2018 में हुई थी। इसे सभी आवश्यक नियामकीय मंजूरियां मिल चुकी हैं। हालांकि सबसे महत्वपूर्ण मंजूरी अभी रिजर्व बैंक से नहीं मिली है। दास ने कहा कि एक वित्तीय सेवा प्रदाता को त्वरित सुधार कार्वाई की रूपरेखा में रखना सामान्य है। यह नियमन का अनुपालन नहीं होने की स्थिति में महज एक सुधारात्मक कदम है। रिजर्व बैंक किसी वित्त सेवा प्रदाता को वापस नियमन की पटरी पर लाने के लिए यह कदम उठाता है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 5 अक्टूबर, 2019



# पाकिस्तान में अब गैर मुस्लिम नहीं बन सकेंगे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति

● पाक संसद ने गैर मुस्लिमों को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति बनने की अनुमति देने वाला विधेयक रोका

एजेंसी। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** की संसद ने एक विधेयक को फिलहाल रोक दिया है जिसमें संविधान संशोधन के जरिए गैर मुस्लिमों को प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बनने की अनुमति देने का प्रावधान था। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के ईसाई सांसद डॉ नवीद आमिर जीवा बुधवार को विधेयक प्रस्तुत करना चाहते थे। विधेयक के जरिए जीवा चाहते थे कि अनुच्छेद 41 और 91 में संशोधन कर गैर मुस्लिमों को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बनने की अनुमति प्रदान की जाए।

हालाँकि संसदीय मामलों के राज्यमंत्री अली मुहम्मद ने प्रस्तावित विधेयक का विरोध किया। मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान एक इस्लामिक गणराज्य है जहां केवल एक मुस्लिम ही प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति बन सकता है। दक्षिणपंथी दल जमात-ए-इस्लामी के सदस्य मौलाना अब्दुल अकबर चित्राली ने इस कदम का स्वागत किया।

## पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लकर रूपरेखा पर रिपोर्ट मांगी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए रूपरेखा तैयार करने को लेकर संघीय और प्रांतीय सरकारों से एक महीने के भीतर रिपोर्ट मांगी है। शीर्ष अदालत ने 2014 में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर एक फैसला दिया था। इस फैसले में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर रूपरेखा तैयार करने का सुझाव दिया गया था। न्यायालय ने अपने इस फैसले को लागू किए जाने को लेकर संघीय और प्रांतीय सरकारों से एक महीने के भीतर रिपोर्ट मांगी है। उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्ईय पीठ ने बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई फिर से शुरू की थी और इस संबंध में रिपोर्ट मांगी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार अदालत ने 2014 के अपने ऐतिहासिक फैसले में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर रूपरेखा बनाने का सुझाव दिया था। इस निर्णय में की गई सिफारिशों में अल्पसंख्यकों के मामलों को देखने के लिए एक राष्ट्रीय परिषद के गठन का भी प्रस्ताव था। सुनवाई के दौरान सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सांसद एवं हिंदू परिषद के अध्यक्ष रमेश कुमार ने अदालत से अनुरोध किया कि इवेक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) का अध्यक्ष अल्पसंख्यक समूह से होना चाहिए। उन्होंने कहा, ईटीपीबी के 23 सदस्यों में से 15 मुस्लिम हैं। पाकिस्तान की 22 करोड़ जनसंख्या में से लगभग एक करोड़ गैर-मुस्लिम है।

## अमेरिका ने यूक्रेन को 150 टैंक रोधी मिसाइल बेचे जाने के सौदे को मंजूरी दी

एजेंसी। वाशिंगटन

**विदेश** मंत्रालय ने यूक्रेन को 150 टैंक रोधी मिसाइलों समेत अन्य सैन्य उपकरणों की बिक्री संबंधी सौदे को मंजूरी दे दी है। रूस समर्थित अलगाववादियों से लड़ने में देश की मदद देने के मकसद से यह फैसला किया गया है। रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी के एक नोटिस में कहा गया है कि 3.92 करोड़ डॉलर के इस सौदे में जैवलिन मिसाइल की 10 प्रक्षेपण इकाईयां एवं संबंधित उपकरण शामिल हैं।

एजेंसी ने कांग्रेस को सूचित करने के बाद बृहस्पतिवार को इस सौदे का ऐलान किया। कांग्रेस में नेताओं ने इस हफ्ते सौदे को शुरुआती मंजूरी दी थी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस साल की शुरुआत में यूक्रेन को दी जाने वाली आर्थिक सहायता देने में देरी की थी क्योंकि वह चाहते थे कि यूक्रेनी राष्ट्रपति पूर्व उपराष्ट्रपति जो बाइडेन के बेटे की जांच करे। यह सौदा उस वित्तीय सहायता पैकेज का हिस्सा नहीं है।

# ट्रंप की यूक्रेन, चीन से बाइडेन के खिलाफ कार्रवाई करने की खुले तौर पर अपील

एजेंसी। वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में उनके संभावित प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के खिलाफ जांच करने की चीन और यूक्रेन से सार्वजनिक तौर पर अपील की। इस अपील के जरिए उन्होंने डेमोक्रेट्स पर कटाक्ष करने का प्रयास किया है जो चुनाव में विदेशी हस्तक्षेप को बढ़ावा देने को लेकर उनके खिलाफ महाभियोग चलाने की मांग कर रहे हैं।

फ्लोरिडा में ट्रंप ने उन पर आरोप लगाने वालों को सनकी कहा जो महाभियोग की अटकलों को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने उस जांच का रुख मोड़ने की कोशिश की जो उन्हें तीसरा ऐसा राष्ट्रपति बना सकती है जिस पर प्रतिनिधि सभा में महाभियोग चला हो और जिसे सीनेट में सुनवाई का सामना करना पड़ेगा। प्रतिनिधि सभा में महाभियोग की जांच की अगुवाई कर रहे डेमोक्रेट एडम स्किफ ने कहा कि ट्रंप कानून की आड़ लेकर बिना किसी सजा के डर के काम कर रहे थे।स्किफ ने कहा, एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति हमारे चुनावों में किसी दूसरे देश से हस्तक्षेप करने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह हमारे चुनाव, राष्ट्रीय सुरक्षा पर खतरा है और इस निकाय के प्रत्एक सदस्य, डेमोक्रेट और समान सोच रखने वाले रिपब्लिकन को इसकी निंदा करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के पूर्व राजनयिक द्वारा यूक्रेन घोटाले में उनकी भूमिका पर गवाही देने के साथ ही ट्रंप ने बाइडेन की जांच करने के लिए यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और चीनी नेता शी चिनफिंग से सार्वजनिक तौर पर अपील कर अपने रुख को और दृढ़ता से रखा।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस के बाहर संवाददाताओं से कहा, मैं कहूंगा कि राष्ट्रपति जेलेंस्की, अगर आपकी जगह मैं होता तो मैं बाइडेन परिवार के खिलाफ जांच शुरू करने की सिफारिश करता। उन्होंने कहा, इसी तरह चीन को भी बाइडेन परिवार की जांच करनी चाहिए क्योंकि जो चीन में हुआ वह यूक्रेन में हुए वाकए जितना ही बुरा था। यह पूछने पर कि क्या वह शी से ऐसा करने के लिए कहेंगे, ट्रंप ने कहा, यह निश्चित तौर पर कुछ ऐसा है जिसके बारे में हम सोचना शुरू कर सकते हैं। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा था कि भ्रष्टाचार की जांच करना उनका कर्तव्य है।

ट्रंप ने आरोप लगाया कि बाइडेन ने 2014 में उपराष्ट्रपति के तौर पर अपने बेटे हंटर के कारोबारी साझेदार यूक्रेनी गैस कंपनी से जुड़ी भ्रष्टाचार की जांच करने से यूक्रेन को रोका था और इसके लिए अमेरिका से मिलने वाली वित्तीय सहायता का लाभ उठाया था। हालांकि यूक्रेन के रिकॉर्ड दिखाते हैं कि ऐसी किसी जांच को बाधित नहीं किया गया था। वहीं चीन में मीडिया में आई कई खबरों में दावा किया गया था कि हंटन बाइडेन के एक कारोबारी सहयोगी ने निवेश लाइसेंस हासिल किया था जिसमें बाइडेन का नाम नहीं था और इससे लाखों डॉलर कमाए गए।

# प्रधानमंत्री इमरान खान ने अफगान प्रतिनिधिमंडल से नहीं की मुलाकात

एजेंसी। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अफगानिस्तान में रूकी पड़ी शांति प्रक्रिया को फिर शुरू करने पर चर्चा के लिए आए उच्च स्तरीय अफगान तालिबान प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात नहीं की। प्रधानमंत्री की एक शीर्ष सहयोगी ने शुक्रवार को इस बारे में बताया। उन्होंने स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया में आई बैठक संबंधी खबरों को खारिज करते हुए कहा कि यह सही नहीं है।

स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों ने खबरें दी थी कि तालिबान राजनीतिक आयोग (टीपीसी) के प्रमुख मुल्ला गनी बरादर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल और प्रधानमंत्री खान ने बैठक कर अफगान शांति प्रक्रिया पर चर्चा की। जियो न्यूज ने खबर दी थी कि खान ने अफगानिस्तान में शांति की जरूरत को रेखांकित किया और इसे क्षेत्र में अमन चैन के लिए महत्वपूर्ण बताया। बीबीसी की एक खबर में कहा गया था कि सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा भी प्रतिनिधिमंडल और खान के बीच हुई बैठक में मौजूद थे।

सरकार के एक अधिकारी ने भी पीटीआई को बताया था कि प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री खान से मुलाकात की और द्विपक्षीय तथा क्षेत्रीय हालात, खासकर अफगानिस्तान में शांति प्रक्रिया के बारे में चर्चा की। हालांकि, प्रधानमंत्री की विशेष सहायक (सूचना) फिरदौस आशिक अवान ने ट्वीट किया कि ऐसी कोई बैठक नहीं हुई।

उन्होंने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री से तालिबान प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात नहीं हुई। इस संबंध में प्रकाशित और प्रसारित सभी खबरें सही नहीं है। बैठक के बारे में और कोई विवरण नहीं दिया गया। तालिबान पॉलिटिकल कमीशन (टीपीसी) का 12 सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल बुधवार को अपने पहले दौरे पर यहां पहुंचा।

## तालिबान के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** तालिबान के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात की और अफगानिस्तान में रुकी हुई शांति प्रक्रिया के बारे में चर्चा की। तालिबान पॉलिटिकल कमिशन (टीपीसी) का 12 सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल बुधवार को अपने पहले दौरे पर यहां पहुंचा। बैठक में दल की अध्यक्षता मुल्ला अब्दुल गनी बरादर ने की। सरकार के एक अधिकारी ने बताया, प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री खान से मुलाकात की और द्विपक्षीय तथा क्षेत्रीय हालात, खासकर अफगानिस्तान में शांति प्रक्रिया के बारे में चर्चा की। खान ने अफगानिस्तान में शांति कायम करने पर जोर दिया और इसे क्षेत्रीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण बताया। जियो न्यूज के मुताबिक, खान ने यह आश्वासन दिया कि इस्लामाबाद अफगानिस्तान में शाति के प्रयासों को जारी रखेगा। बीबीसी ने बताया कि पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा भी बैठक में मौजूद थे। एक दिन पहले प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी से मुलाकात की थी। कुरैशी ने उनसे कहा कि अफगानिस्तान में संघर्ष के शांतिपूर्ण एवं जल्द समाधान के लिए बातचीत बहाल करने के अवसर को वह हाथ से नहीं जाने दे।

## अस्वस्थ मुशर्रफ छह अक्टूबर को राजनीति में करेंगे वापसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ अपने खराब स्वास्थ्य के कारण एक साल से ज्यादा समय तक निष्क्रिय रहने के बाद छह अक्टूबर को राजनीति में वापसी करने की सोच रहे हैं। मुशर्फ की पार्टी की एक नेता ने इस बारे में बताया। जनरल (सेवानिवृत्त) मुशर्फ (76) मार्च 2016 से दुबई में रह रहे हैं। वर्ष 2007 में संविधान की अवहेलना के लिए वह देशद्रोह के मामले का सामना कर रहे हैं। इस दंडनीय अपराध के लिए उन्हें 2014 में दोषी पाया गया था। देशद्रोह के लिए मृत्युदंड या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। ऑल पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एपीएमएल) के संस्थापक मुशर्रफ अपनी खराब तबीयत के कारण पिछले साल राजनीतिक गतिविधियों से दूर हो गए थे। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने पार्टी की नेता के हवाले से बताया कि स्वास्थ्य में सुधार के बाद मुशर्फ अब वापसी करने का इरादा बना रहे हैं। एपीएमएल की महासचिव मेहरीन मलिक ने कहा कि पिछले महीने 12 दिन तक लंदन में एक अस्पताल में उनका उपचार चला था। उन्होंने कहा, अब वह ठीक हैं और दुबई लौट आए हैं। उन्होंने कहा कि मुशर्फ के निर्देश पर एपीएमएल ने समूचे पाकिस्तान में अपनी राजनीतिक गतिविधियां आरंभ कर दी है।



हांगकांग में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने एक सड़क को पूरी तरह बंद कर दिया

# हांगकांग में हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन

● सरकार नकाब पर पाबंदी लगाने की तैयारी में

एजेंसी। हांगकांग

**हांगकांग** में कई महीनों से जारी हिंसक प्रदर्शनों को खत्म करने के लिए सरकार आपात शक्तियों का इस्तेमाल करने और नकाब पर पाबंदी लगाने के बारे में विचार कर रही है। इसी बीच शुक्रवार को यहां हजारों लोगों ने नकाब पहनकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में अधिकांश लोग कामकाजी थे जो भोजन अवकाश के दौरान यहां आए। सभी प्रदर्शनकारी बीजिंग समर्थक शासन द्वारा औपनिवेश काल के कानून के संभावित इस्तेमाल का विरोध कर रहे थे।

अर्द्ध स्वायत्त शहर पर चीन के शासन के खिलाफ लोगों का गुस्सा प्रदर्शनों और हिंसक झड़पों का रूप ले चुका है। बीते चार महीने से जारी इन हालात के बदलने के कोई संकेत नजर नहीं आ रहे हैं। पहचान छिपाने के लिए प्रदर्शनकारियों ने नकाब पहने रखे थे। आंसू गैस तथा गोलियों से बचाव के लिए उन्होंने पीले रंग के हैलमेट, रंगीन चश्मे तथा रेस्पिरेटर पहन रखे थे। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, नेता कैरी लेम ने नकाब को गैरकानूनी घोषित करने के लिए आपात अध्यादेश नियम का इस्तेमाल करने का फैसला किया है और इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को सुबह अपने मंत्रिमंडल के साथ बैठक की।

# बगदाद में भारी विरोध प्रदर्शन, प्रधानमंत्री ने लोगों से घर जाने की अपील की




सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने बगदाद में गुरुवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान संघीय पुलिस रैपिड रिस्पांस फोर्सेस से संबंधित एक बख्तरबंद वाहन जला दिया।

एजेंसी। बगदाद

**इराक** में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और खराब सार्वजनिक सेवाओं के खिलाफ पिछले चार दिनों से राजधानी बगदाद में विरोध प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को गोलीबारी की। इस बीच, इराक के प्रधानमंत्री ने सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों से घर जाने का आग्रह करते हुए कहा कि उनकी जायज मांगों पर विचार किया गया है।

एक संवाददाता ने बताया कि सुरक्षा बलों ने हवा में नहीं, बल्कि

● ए प्रदर्शन इराकी प्रधानमंत्री आदिल अब्देल महदी के लिए अब तक की सबसे बड़ी चुनौती है

प्रदर्शनकारियों पर सीधे गोलीबारी की। किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है।

मंगलवार से चल रहे विरोध प्रदर्शनों में, हजारों प्रदर्शनकारियों का राजधानी और देश के दक्षिणी हिस्सों के शहरों में पुलिस और सैनिकों के साथ संघर्ष हुआ, जिसमें 30 से अधिक लोग मारे गए। इनमें दो पुलिस अधिकारी शामिल हैं।

ए प्रदर्शन इराकी प्रधानमंत्री आदिल अब्देल महदी के लिए अब तक की सबसे बड़ी चुनौती है। बगदाद और अन्य शहरों में कर्फ्यू लगा दिया गया है ताकि विरोध प्रदर्शन को रोका जा सके। विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में, प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को सुबह कहा कि हंगामे से पूरा देश प्रभावित हो सकता है।

## ह्यूस्टन विवि को तमिल भाषा, संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 20 लाख डॉलर मिलेंगे

एजेंसी। ह्यूस्टन

**ह्यूस्टन** तमिल स्टडीज चेयर (एचटीएससी) ने तमिल भाषा के अध्ययन में मदद करने के लिए ह्यूस्टन विश्वविद्यालय को 20 लाख डॉलर की आर्थिक मदद देने का वादा किया है। एक विज्ञप्ति में कहा गया कि एचटीएससी 2018 में स्थापित हुआ गैर लाभकारी संगठन है जिसका उद्देश्य ह्यूस्टन विश्वविद्यालय में तमिल अध्ययन पीठ स्थापित करना और अमेरिका में बढ़ रही तमिल-अमेरिकियों की 250,000 की आबादी के लिए एक मंच उपलब्ध कराना है। इस मिशन का मकसद प्राचीन भाषा तमिल का प्रचार करना है जिसे दुनियाभर में सात करोड़ से अधिक लोग बोलते हैं। उसने बताया कि एचटीएससी के संस्थापक सदस्य सॉकालिंगम सैम कन्नप्पन, डॉ. एस जी अप्पन, सॉकालिंगम नारायणन, पेरुमल अन्नामलई, नागमणिकम गणेशन, ट्यूलिप वी नरसिमन और डॉ. तिरुवेंगडम अरुमुगम ग्रेटर ह्यूस्टन इलाके में फंड जुटाने के प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं। एचटीएससी के बोर्ड अध्यक्ष सैम कन्नप्पन ने कहा, जैसे कि तमिल-अमेरिकी परिवार इस महान देश के बहु सांस्कृतिक समाज के तानेबाने में बुना हुआ है और हमारे सभी बच्चे अमेरिकी विश्वविद्यालयों में शिक्षा ले रहे हैं तो एचटीएससी समृद्ध तमिल संस्कृति, भाषा और साहित्य के बारे में जागरूकता फैलाने की पहल को आगे बढ़ा रहा है।

# अमेरिका में ई-सिगरेट के कारण 18 लोगों की मौत, 1000 बीमार

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका** में ई-सिगरेट के इस्तेमाल के कारण संभवत: फेफड़ों पर प्रतिकूल असर पड़ने के कारण अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है और इससे पीड़ति मरीजों की संख्या बढ़कर।,080 हो गई है। अमेरिकी स्वास्थ्य प्राधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के निदेशक रॉबर्ट रेडफील्ड ने कहा, दुर्भाग्य से, इस बीमारी को अमेरिकी लोगों, खास कर युवाओं पर पड़ने वाले स्वास्थ्य संबंधी खतरों के बढ़ने के लिहाज से देखें तो यह एक भयावह समस्या का महज छोटा सा हिस्सा हो सकता है।

एजेंसी ने बताया कि पिछले हफ्ते सामने आए 275 मामलों में पिछले दो हफ्ते में बीमार पड़े नए मरीज और पहले से मरीज की श्रेणी में रखे गए लोग दोनों शामिल थे। पुराने मरीजों को फिर से बीमारी के लक्षण नजर आने की शिकायत है। मरीजों ने किन-किन पदार्थों का इस्तेमाल किया, इस संबंध में 578 मरीजों से पूछे गए सवाल में सामने आया कि 78 प्रतिशत ने निकोटिन युक्त या बिना निकोटिन वाला टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टीएचसी) उत्पादों का इस्तेमाल किया, 37 प्रतिशत ने सिर्फ टीएचसी उत्पादों और 17 प्रतिशत ने निकोटिन युक्त उत्पादों का इस्तेमाल किया था।

## वॉशिंगटन स्टेट अपार्टमेंट में गोलीबारी, एक की मौत

**वैंकुवर (अमेरिका)।** बुजुर्ग लोगों की यहां एक आवासीय इमारत में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो महिलाएं घायल हो गईं। एक व्यक्ति ने बृहस्पतिवार को इमारत में गोलीबारी की। घटना को अंजाम देकर आरोपी इमारत में ही छिप गया था लेकिन बाद में उसने आत्मसमर्पण कर दिया। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया। वेंकुवर पुलिस के प्रवक्ता किम केप ने बताया कि हमलावर की पहचान 80 वर्षीय रॉबर्ट ई ब्रेक के रूप में की गई।

# सात समुद्र पार लंदन में कोलकाता जैसा दुर्गा पूजा का उत्साह

एजेंसी। लंदन



**बंगाल** से हजारों मील दूर ब्रिटेन में भी कोलकाता की तरह दुर्गा पूजा की रौनक है। यहां के स्लूस शहर स्थित क्रिकेट मैदान में दुर्गा पूजा पंडाल लगाया गया है जहां पर कोलकाता के मैडॉक्स चौक जैसा माहौल है और हजारों की भीड़ खींची चली आ रही है। इसी प्रकार ब्रिटेन के विभिन्न हिस्सों में शुक्रवार को पांच दिवसीय उत्सव की शुरुआत हुई।

पूजा का आयोजन कर रहे है अनिवासी बंगालियों के संगठन अड्डा के प्रसन्नजीत भट्टाचार्य ने बताया कि बर्कशायर कांउटी स्थित स्लूस के क्रिकेट मैदान में दुर्गा पूजा पंडाल लगाना ब्रिटेन में नया है क्योंकि सामान्यत: इस तरह की पूजा सामुदायिक सभागार या होटल में आयोजित की जाती रही है न कि खुले मैदान में। इस पंडाल का आकार 110 फुट गुना 70 फुट गुना 25 फुट है जिसे पश्चिम बंगाल के अलावा असम, राजस्थान, ओडिशा और गुजरात जैसे अन्य राज्यों की हस्तकलाओं से सजाया गया है। भट्टाचार्य ने बताया कि यहां पर मैडॉक्स चौक और कोलकाता के अन्य पूजा पंडालों जैसे बाग बाजार और पार्क सर्कस आदि की तरह माहौल है, मैदान में खासतौर से कोलकाता के व्यंजनों को परोसने के लिए दुकान लगाई गई है जहां पर पुचका, भेटकी माछेर चॉप, वेजिटेबल चॉप, आदि उपलब्ध होंगे। कोलकाता के मैडॉक्स स्क्वॉयर पूजा के प्रवक्ता ने कहा, हम खुश हैं कि ब्रिटेन में रहने वाले कुछ मित्रों ने स्लूस में मैडॉक्स जैसी पूजा का माहौल पैदा किया। यह दिखाता है कि हमारी पूजा ब्रांड बन गई है। ब्रिटेन के अलग-अलग हिस्सों में भी विभिन्न थीम पर दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है। उत्तरी लंदन स्थित लंदन दुर्गोत्सव समिति ने सुब्रत पॉल की कविता पर आपकी दुर्गा, मेरी दुर्गा थीम रखा है।


लंदन दुर्गोत्सव समिति के न्यासी मणिक रॉय ने कहा, इस थीम में धैर्य और निष्ठुरता को दिखाता है जिसका सामना महिलाएं करती हैं, खासतौर पर भारतीय समाज में जो त्योहार के दौरान दिखाई देने वाली धूमधाम के विपरीत एक अलग तस्वीर पेश करती है। लंदन के स्विस कॉटेज पुस्तकालय में स्थापित दुर्गा प्रतिमा को मूर्तिकार प्रद्युत पाल ने गढ़ा है और इसे पश्चिम बंगाल की कुम्हारटोली से लाया गया है। फाइबर ग्लास से बनी इस प्रतिमा में भारतीय परंपराओं का पूरा ख्याल रखा गया है। लंदन के बोरो ऑफ कैमडन में आयोजित दुर्गा पूजा में भी हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

# एल्गर और डिकाक ने कराई वापसी

**●पहला टेस्ट : शतक जड़े, दक्षिण अफ्रीका ने आठ विकेट पर 385 रन बनाए**

**●भारत से 117 रन पीछे है मेहमान टीम**

एजेंसी। विशाखापत्तनम




डीन एल्गर और क्विंटन डिकाक ने भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना करके दक्षिण अफ्रीका को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां अच्छी वापसी दिलाई।
एल्गर ने 160 रन की लाजवाब पारी खेली और वह 2010 के बाद भारतीय सरजमीं पर शतक जड़ने वाले पहले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बने, जबकि डिकाक (111) ने अपने सदाबहार अंदाज में बल्लेबाजी करके सैकड़ा जड़ा। इन दोनों की शतकीय पारियों से दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक आठ विकेट पर 385 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका अभी भारत से 117 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी सात विकेट पर 502 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। भारतीय पारी का आकर्षण मयंक अग्रवाल (215) और रोहित शर्मा (176) की सलामी जोड़ी के बड़े शतक रहे। भारत को पहले दो सत्र में केवल दो सफलताएं मिली लेकिन तीसरे सत्र में वह एल्गर और डिकाक दोनों को आउट करने में सफल रहा। रविचंद्रन अश्विन भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने अब तक 128 रन देकर पांच विकेट लिए हैं। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 39 रन से की और तब मैच एकतरफा लग रहा था लेकिन इसके बाद एल्गर ने पारी को अच्छी तरह से संवारा और उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त सहयोग मिला। एल्गर और कप्तान फाफ डुप्लेसिस (55) ने पांचवें विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी की। इसके बाद डिकाक ने बखूबी उनका साथ दिया। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए अब तक 164 रन जोड़े। अश्विन ने दूसरे सत्र में डुप्लेसिस का विकेट लेने के बाद तेजी से टर्न लेती गेंद पर डिकाक को बोल्ड किया। इससे पहले रविंद्र जडेजा (116 रन देकर दो) ने एल्गर का विकेट लेकर टेस्ट मैचों में अपना 200वां विकेट लिया। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले दसवें भारतीय गेंदबाज हैं। पिच बल्लेबाजी के अनुकूल थी लेकिन फिर दक्षिण अफ्रीका ने शानदार वापसी की, क्योंकि दूसरे दिन उसने अपने शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज जल्दी गंवा दिए थे। तीसरे दिन के पहले दोनों सत्र दक्षिण अफ्रीका के नाम रहे लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने तीसरे सत्र में अच्छी वापसी की। एल्गर तीसरे सत्र में आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे जिनका चेतेश्वर पुजारा स्क्वायर लेग पर खूबसूरत कैच लिया। डिकाक ने भी एल्गर की तरह अश्विन पर छक्का जड़कर अपना शतक पूरा किया लेकिन वह इसके बाद लंबी पारी नहीं खेल पाए। अश्विन ने वर्नोन फिलैंडर को बोल्ड करके अपना पांचवां विकेट लिया। स्टंप उखड़ने के समय सेनुरन मुतुस्वामी 12 और केशव महाराज तीन रन पर खेल रहे थे।


### स्कोरबोर्ड

भारत पहली पारी : सात विकेट पर 502 रन समाप्त घोषित, दक्षिण अफ्रीका पहली पारी - डीन एल्गर का पुजारा बो जडेजा 160, एडेन मार्कराम बो अश्विन 05, थेनिस डि ब्रूएन का साहा बो अश्विन 04, डेन पीट बो जडेजा 00, तेम्बा बावुमा पगबाधा बो इशांत 18, फाफ डुप्लेसिस का पुजारा बो अश्विन 55, क्विंटन डिकाक बो अश्विन 111, एस मुतुस्वामी खेल रहे है 12, वर्नोन फिलैंडर बो अश्विन 00, केशव महाराज खेल रहे है 03, अतिरिक्त 17, कुल (118 ओवर में, आठ विकेट पर) 385, विकेट पतन : 1-14, 2-31, 3-34, 4-63, 5-178, 6-342, 7-370, 8-376, गेंदबाजी : इशांत 14-2-44-1, शमी 15-3-40-0, अश्विन 41-11-128-5, जडेजा 37-4-116-2, विहारी 9-1-38-0, रोहित 2-1-7-0

# मुरली के शानदार शतक से तमिलनाडु की पांचवीं जीत

**●विजय हजारे ट्राफी**

एजेंसी। जयपुर



भारतीय टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज मुरली विजय (117) के शतक से तमिलनाडु ने शुक्रवार को यहां जम्मू कश्मीर को आठ विकेट से हराया जो उसकी विजय हजारे ट्राफी में लगातार पांचवीं जीत है। तमिलनाडु के सामने 239 रन का लक्ष्य था ऐसे में विजय ने बाबा अपराजित (नाबाद 86) के साथ दूसरे विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को 48 ओवर में आसान जीत दिलाई। इससे पहले जम्मू कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नौ विकेट पर 238 बनाए। उसकी तरफ से कामरान इकबाल 67, शुभम सिंह पुंडीर ने 66 और अब्दुल समद ने 50 रन बनाए। एक अन्य मैच में सेना ने रवि चौहान (118) और राहुल गहलोत (107) के शतक की मदद से मध्यप्रदेश को सात विकेट से हराया। नमन ओझा (130) के शतक और आनंद सिंह बैंस (61) के अर्धशतक से मध्यप्रदेश ने सात विकेट पर 282 रन बनाए लेकिन सेना ने 47 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। ग्रुप सी के ही मैच में त्रिपुरा ने बिशाल घोष के 128 रन की मदद से राजस्थान को 47 रन से हराया।


## छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित

छठवीं मंजिल, टॉवर "सी" कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी.डी. सेक्टर-21, नवां रायपुर, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) 492002

website-www.markfed.cg.nic.in email :Id: mf_ctrlroom_raipur@gov.in
क्र./विपणन/M/T/GT-4/19-20/3359/2019 नवां रायपुर, अटल नगर, दिनांक 3..10.2019

**खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में बारदाना परिवहन हेतु ऑनलाईन ई-निविदा सूचना**

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा धान संग्रहण केन्द्रों/ईकाईयों में बारदाना परिवहन कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा सूचना बेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में जाकर संबंधित फर्म का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन निविदा दिनांक से पूर्व इच्छुक निविदाकारों को करना आवश्यक है। बारदाना परिवहन निविदा दिनांक 04.10.2019 से 04.11.2019 तक ऑनलाईन भरी जा सकती है।

निविदा प्रारूप तथा शर्तों एवं निबंधनों का अवलोकन विपणन संघ के वेबसाईट www.markfed.cg.nic.in पर निविदाकर्ता के अध्ययन हेतु गाईडलाइन के रूप में उपलब्ध है। ई-निविदा की कार्यवाही के संबंध में अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए Mjunction में संपर्क किया जा सकता है। email-helpdesk.cgeproc@gmail.com फोन नंबर 18002582502.

संवाद-22918/6 महाप्रबंधक (विप)



## कार्यालय ग्राम पंचायत नारायनपुर वासका विकास खण्ड धौलाना जिला हापुड़

पत्रांक/मी0मो0/निविदा प्रकाशन/ग्रा0पंअ0/2019—20 दिनांकः—04—10—2019

**—: अल्पकालीन निविदा सूचना :—**

ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त/ चौहदवॉ वित्त योजना के अन्तर्गत निम्नलिखत कार्यों के लिए पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदाऐं दिनांक 11.10.2019 की सांय 2:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 11.10.2019 तक कार्यालय समय मे संबन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा अधिकृत अधिकारीयो द्वारा इच्छुक ठेकेदारो की उपस्थिति में दिनांक 12.10.2019 को सांय 3 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य का स्थल | कार्य की माप | अनु0लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सी0सी0/ नाली निर्माण | नारायणपुर में गुलावठी मार्ग से योगेन्द्र तक | — | 32900 | — | — | — |
| 2. | —0— | गुलावठी मार्ग से विपिन तक | — | 122600 | 2452 | 100 | 3 माह |
| 3. | —0— | गुलावठी मसूरी रोड़ से प्रेमचन्द के मकान तक | — | 307900 | 6158 | 300 | — |
| 4. | —0— | गुलावठी मार्ग से प्रीतम से धर्मपाल तक | — | 300600 | 6012 | 300 | — |
| 5. | —0— | राजसिंह से मन्दिर तक | — | 478400 | 9568 | 500 | — |
| 6. | —0— | बम्बेकी पटरी से साहिद के मकान तक | — | 363800 | 7276 | 400 | — |
| 7. | —0— | ईश्वर से ब्रजपाल के मकान तक | — | 488500 | 9770 | 500 | — |
| 8. | —0— | हरस्वरूप से सुखवीर के मकान तक | — | 323800 | 6476 | 300 | — |
| 9. — | —0— | मिलक सम्पर्क मार्ग से बददल के मकान तक | — | 43800 | — | — | — |
| 10. | —0— | मुजम्मिल से भद्दू के मकान तक | — | 60200 | — | — | — |
| 11. | —0— | सुभाष से सतपाल के मकान तक | — | 34700 | — | — | — |
| 12. | —0— | नारायणपुर में नाला सफाई कार्य | — | 98000 | — | — | — |

नोटः— क्रं0सं0 1,9,10,11,12 पर दिये गये कार्यों की कुटेशन मांगी जाती है। व बाकी दिये गये कार्यों की निविदायें आमंत्रित की जाती है। क्रं0सं0 02, से 08 तक के कार्यों का टैंडर जनहित में निकाला जा रहा है इन कार्यों के वर्क आर्डर डी0पी0आर0ओ0 महोदय से स्वीकृति उपरान्त ही जारी किए जाएगें।

नियम व शर्तेः—

1. अरनेस्ट मनी निविदा डालने के समय एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/पास बुक के रूप मे दी जा सकती है सम्बन्धित ग्राम पंचायत के नाम से बन्धन हो अथवा नकद जमा की जा सकती है।
2. कार्य पी0डब्लू0डी0 की विशिष्टियो के अनुरूप होगा
3. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सम्बन्धित ग्राम पंचायत को होगा।
4. निविदा केवल सरकारी विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारो को ही देय होगी।
5. ठेकेदार का पंजीयन उप श्रमायुक्त हापुड़ के यहा होना चाहिए तथा ठेकेदार को प्रत्येक कार्य का पंजीकरण उप श्रमायुक्त कार्यालय हापुड़ में कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा प्रपत्र के साथ 100/— रू क नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट के साथ लाने।
7. नियमानुसार सभी शासकीय कटौतिया की जायेगी।
8. अन्य नियम व शर्ते लागू रहेंगी।

प्रधान
ग्राम पंचायत नारायनपुर वासका
वि0ख0 धौलाना जिला हापुड़

ग्रापंअ0/ग्राविअ0 (सचिव)
ग्राम पंचायत नारायनपुर वासका
वि0ख0 धौलाना जिला हापुड़



## AXIS BANK

खुदरा आस्ति केन्द्र, नोएडा : ऐक्सिस बैंक लि., के–10, द्वितीय तल, सेक्टर–18, नोएडा, कार्यालय – ऐक्सिस बैंक लि.,ऐक्सिस हाउस, टावर टी–2, द्वितीय तल, आई–14, सेक्टर–128, नोएडा एक्सप्रेवे, जेपी ग्रीन्स विशटाउन, नोएडा (उ.प्र.)–201301 कार्पोरेट कार्यालय : ब्लॉक–बी, बॉम्बे डाइंग मिल्स कम्पाउण्ड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुंबई–400025 पंजीकृत कार्यालय : 'त्रिशूल', तृतीय तल, समर्थेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन, एलिसब्रिज, अहमदाबाद–380006

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना

जबकि यहां नीचे वर्णित कर्जदारों/सह–कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं ने ऐक्सिस बैंक लिमिटेड से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी। हम स्पष्ट करते हैं कि वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद, कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं ने ब्याज और मूलधन का प्रतिभुगतान, देय तिथि के अनुसार, करने में अनेक चूक की हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों/मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार उक्त खाता यहां नीचे वर्णित संबंधित तिथियों को अनार्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जो ऐक्सिस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरफासी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत यहां नीचे वर्णित संबंधित तिथियों को जारी की गई सूचनाओं का परिणाम था, जिनमें निम्नलिखित कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं से मांग सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान, भुगतान की तिथि तक, सूचना में वर्णित संविदात्मक दर पर आगे ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। उनको, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर भेजी गई सूचनाएं अ–वितरित के रूप में वापस प्राप्त की जा चुकी हैं और इसलिए उनको, उस बारे में, एतद्द्वारा सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचना दी जा रही है।

| कर्जदार का नाम/पता/ सह–कर्जदार एवं गारंटर का नाम | एनपीए तिथि | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की तिथि तक बकाया राशि (रू.) | ऋण राशि (रू.) | प्रत्याभूत आस्तियों का सम्पत्ति पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. श्री हनुमान प्रसाद बंसल, पुत्र श्री बनवारी लाल बंसल, मकान नंबर एल–45, जलवायु विहार, सेक्टर–25, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश, अन्य पता : श्री हनुमान प्रसाद बंसल, पुत्र श्री बनवारी लाल बंसल, मैसर्स दाता राम अंसुल कुमार प्लॉट नंबर बी–11, सेक्टर–19, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश, अन्य पता : श्री हनुमान प्रसाद बंसल, पुत्र श्री बनवारी लाल बंसल, प्लॉट नंबर 191, ब्लॉक–ए, सेक्टर–92, नोएडा–201301, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) 2. श्रीमती सोनिया बंसल पत्नी श्री रमेश बंसल, मकान नंबर एल–45, जलवायु विहार, सेक्टर–25, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश, अन्य पता : श्रीमती सोनिया बंसल पत्नी श्री रमेश बंसल, प्लॉट नंबर 191, ब्लॉक–ए, सेक्टर–92, नोएडा–201301, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) 3. श्री रमेश बंसल पुत्र श्री हनुमान बंसल, मकान नंबर एल–45, जलवायु विहार, सेक्टर–25, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश, अन्य पता : श्री रमेश बंसल पुत्र श्री हनुमान बंसल, प्लॉट नंबर 191, ब्लॉक–ए, सेक्टर–92, नोएडा–201301, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) | 12 जुलाई, 2019 | 17 अगस्त, 2019 | रू. 90,30,475/– | रू. 2,00,00,000/– | लीजहोल्ड भूमि क्षेत्रफल परिमाप 450 वर्ग मीटर आवासीय प्लॉट नंबर 191, स्थित लेआउट ऑफ नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) तथा उक्त आवासीय प्लॉट नंबर 191, ब्लॉक–ए, सेक्टर–92, नोएडा–201301, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) के ऊपर निर्मित आवासीय भवन कवर्ड एरिया 146.76 वर्ग मीटर, निर्माण संवर्ग–द्वितीय श्रेणी, लीजहोल्ड अधिकारों सहित अधिकार, स्वत्वाधिकार और हित तथा सम्पत्ति के संबद्ध सभी अनुषंगियों एवं उपयोगिताओं सहित। चौहद्दी निम्नानुसार : उत्तर : प्लॉट नंबर ए–192, दक्षिण : प्लॉट नंबर ए–190, पूरब : 12 मीटर चौड़ी रोड, पश्चिमः प्लॉट नंबर ए–172 |
| श्री राकेश कुमार वर्मा, पुत्र श्री तिवारी लाल वर्मा, निवासी एफ–67, डेल्टा–I, ग्रेटर नोएडा,उत्तर प्रदेश–201308 अन्य पता : श्री राकेश कुमार वर्मा, पुत्र श्री तिवारी लाल वर्मा, ग्राम नगला चाबछा पोस्ट मिरैची, जिला एटा, ऐटा, उत्तर प्रदेश–207120 अन्य पता : श्री राकेश कुमार वर्मा, पुत्र श्री तिवारी लाल वर्मा, प्लॉट नंबर 175, ब्लॉक–बी, गुलमोहर एस्टेट, सेक्टर–ओमीक्रोन–03, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) श्रीमती आशा लोधी, पत्नी श्री राकेश कुमार वर्मा, निवासी एफ–67, डेल्टा–I, ग्रेटर नोएडा,उत्तर प्रदेश–201308 अन्य पता : श्रीमती आशा लोधी, पत्नी श्री राकेश कुमार वर्मा, ग्राम नगला चाबछा पोस्ट मिरैची, जिला एटा, ऐटा, उत्तर प्रदेश–207120 अन्य पता : श्रीमती आशा लोधी, पत्नी श्री राकेश कुमार वर्मा, प्लॉट नंबर 175, ब्लॉक–बी, गुलमोहर एस्टेट, सेक्टर–ओमीक्रोन–03, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) | 9 अगस्त, 2019 | 26 अगस्त, 2019 | रू. 3,095,081/– | रू. 40,00,000/– | अचल आस्तियां लीजहोल्ड प्लॉट नंबर 175, ब्लॉक–बी, गुलमोहर एस्टेट, सेक्टर–ओमीक्रोन–03, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) परिमाप कुल एरिया 162 वर्ग मीटर। चौहद्दी निम्नानुसार : पूरब : लीज प्लान के अनुसार, पश्चिमः लीज प्लान के अनुसार, उत्तर : लीज प्लान के अनुसार, दक्षिण : लीज प्लान के अनुसार, |
| 1. श्री बलबीर सिंह, पुत्र श्री हरभजन सिंह, ए–2/12, सेक्टर–18, रोहिणी, दिल्ली–110085 अन्य पता : श्री बलबीर सिंह, पुत्र श्री हरभजन सिंह, दिल्ली पुलिस 8वां तल, प्रशा. शाखा/पीएचक्यू, एमएसओ बिल्डिंग, पुलिस मुख्यालय, दिल्ली–110085 2. श्रीमती बलजीत कौर भल्ला, पत्नी श्री बलबीर सिंह, ए–2/12, सेक्टर–18, रोहिणी, दिल्ली–110085 | 11 सितम्बर, 2019 | 23 सितम्बर, 2019 | रू. 1,383,805/– | रू. 19,50,000/– | प्लाट नंबर जीएच–01, सेक्टर–04, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) स्थित जीसी–06/छठा "एवेन्यू" में आवासीय फ्लैट/आवासीय यूनिट नंबर 1035/जीसी–06, 10वां तल, टावर ई, जिसमें तीन बेडरूम, एक ड्राइंग कम डाइनिंग रूम, एक किचेन, दो टॉयलेट, पांच बाल्कनी, एक स्टोर, एक स्टडी रूम तथा पावडर रूम शामिल हैं कुल एरिया परिमाप 1470 वर्ग फीट, कई ब्लॉक वाले कॉम्प्लेक्स में बिल्डिंग के नीचे उक्त भूमि के भाग में अविभाजित, अवियोजनीय, अचिन्हित यथानुपात लीजहोल्ड अधिकारों के साथ। |
| मै. धवल इम्पेक्स स्वामी श्री सिद्धार्थ जैन, 1118, डायमंड पैलेस, दूकान सं. 11, छत्ता मदनगोपाल मालीवाड़ा, चांदनी चौक, दिल्ली–110006 के माध्यम से श्री सिद्धार्थ जैन पुत्र श्री कमल प्रसाद जैन, 16, मौमस विहार, दिल्ली–110051 श्री कमल प्रसाद जैन पुत्र विमल प्रसाद जैन, 16, मौसम विहार, दिल्ली–110051 स्वर्गीय श्री अशोक जैन कानूनी वारिसों के माध्यम से श्रीमती रिंकू जैन पत्नी श्री मुनीश जैन, निवासी बी–204, सालासर आंगन, सीएचएस, निकट रौनक रेस्टोरैंट, राम नगर, निकट रामदेव पार्क, कनकिया, मीरा रोड ईस्ट, थाने, मुंबई–401107 श्री नितिन जैन पुत्र श्री कमल प्रसाद जैन, निवासी 17126, पोमार्ड सीटी, पोव, सीए 92064 (यूएसए) पोस्ट आफिस पता 2017–2017 पीओ बॉक्स 12573, ला जोला, सीए 92039 (यूएसए) कार्यालय ज्वैल बाजार आईएनसी पीओ बाक्स 28911, सैन डिएगो, सीए 92198 (यूएसए) ई–मेल : रंपदबंसपवितदपं/लीववण्बवउ अन्य पता : 16, मौमस विहार, दिल्ली–110051 अन्य पता : सी/ओ उमेश जैन, ए7ः/14, झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया, द्वितीय तल, दिल्ली–110095 श्री सिद्धार्थ जैन पुत्र श्री कमल प्रसाद जैन, 16, मौमस विहार, दिल्ली–110051 श्री कमल प्रसाद जैन पुत्र श्री बिमल प्रसाद जैन, 16, मौमस विहार, दिल्ली–110051 | 29 दिसम्बर, 2018 | 23 सितम्बर, 2019 | रू. 74,56,416/– | रू. 1,00,00,000/– | आवासीय प्लॉट नंबर 16 लेआउट प्लान आईएमडी सीएचबीएस लिमिटेड, परिमाप 202.66 वर्ग गज, मौसम विहार, नई दिल्ली चौहद्दी निम्नानुसार : उत्तर : रोड 45 चौड़ी, दक्षिण : ड्रेन, पूरब : प्लॉट नंबर 15, पश्चिमः डिस्ट्रिक्ट पार्क |
| स्व. गोकल चंद पुत्र श्री बिशंभर दयाल कानूनी वारिसों के माध्यम से श्री दीपक भारद्वाज पुत्र श्री गोकल चंद निवासी 1716, प्रथम तल, डीएलएफ फेज–4, गुड़गांव–122002, हरियाणा सुश्री सोनम भारद्वाज पुत्री स्व. गोकल चंद निवासी 1716, प्रथम तल, डीएफएफ फेज–4, गुड़गांव–122002, हरियाणा श्रीमती प्रेमवती पत्नी स्व. गोकल चंद निवासी 1716, प्रथम तल, डीएफएफ फेज–4, गुड़गांव–122002, हरियाणा श्रीमती ज्योति भारद्वाज पत्नी श्री हर्ष भारद्वाज निवासी 1716, प्रथम तल, डीएफएफ फेज–4, गुड़गांव–122002, हरियाणा, यहां पर भी : यूनिट सं. 6/504, चर्च स्ट्रीट उत्तर परामत्ता, एनएसडब्ल्यू–2151, आस्ट्रेलिया श्रीमती प्रेमवती पत्नी स्व. गोकल चंद निवासी 1716, प्रथम तल, डीएफएफ फेज–4, गुड़गांव–122002, हरियाणा | 12 मई 2018 | 17 सितंबर 2019 | रु. 72,79,830/– | रु. 64,75,000/– | सेक्टर–28, शहरी सम्पदा गुरुग्राम, तहसील एवं जिला गुरुग्राम (हरियाणा) के रूप में ज्ञात आवासीय कॉलोनी में स्थित स्वामित्वधारक भूखण्ड सं. 274, परिमापन 172.80 वर्ग मीटर (206.66 वर्ग गज)। |
| 1. श्री हितेश अग्रवाल पुत्र श्री रमेश चंद अग्रवाल यू–23/35, भूतल, पिंक टाउन भवन, यू ब्लॉक, डीएलएफ फेज–2, गुड़गांव–122002, हरियाणा यहां पर भी : श्री हितेश अग्रवाल पुत्र श्री रमेश चंद अग्रवाल, 28ए दीपाली जीवनज्योति नगर किशनगढ़, मदनगंज, अजमेर, राजस्थान –305801, यहां पर भी : श्री हितेश अग्रवाल पुत्र श्री रमेश चंद अग्रवाल प्राइस वाटर हाउस ऐंड कं. चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एलएलपी बिल्डिंग 8, 7वां एवं 8वां तल, टॉवर–बी, डीएलएफ साइबर सिटी, गुड़गांव–122002, हरियाणा 2. श्रीमती खुशबू गर्ग पत्नी श्री हितेश अग्रवाल यू–23/35 भूतल, पिंक टाउन हाउस, यू ब्लॉक, डीएलएफ फेज–III, गुड़गांव–122002, हरियाणा, यहां पर भी : श्रीमती खुशबू गर्ग पत्नी श्री हितेश अग्रवाल, शास्त्री नगर कॉलोनी, अजमेर रोड केकरी, अजमेर, राजस्थान–305404 | 9 सितंबर 2019 | 23 सितंबर 2019 | रु. 71,16,421/– एव रु. 4,95,378/– | रु. 73,50,000/– एवं रु. 5,00,000/– | ग्राम नाथूपुर, तहसील एवं जिला गुड़गांव (हरियाणा) में तथा आस–पास स्थित डीएलएफ सिटी, फेज–3 के रूप में ज्ञात आवासीय कॉलोनी (इससे पूर्व डीएलएफ कुतुब एन्क्लेव कॉम्प्लेक्स के रूप में ज्ञात) में भूखण्ड सं. 35, मार्ग सं. यू–23, में भूमि के अविभक्त एवं अविभाजित स्थगनांश, परिमापन 125.07 वर्ग मीटर, के साथ आवासीय भूतल ड्वेलिंग यूनिट सं. यू–23/35, जो 'टाउन हाउस' के नाम से पुकारा जाता है और जिसका आवृत्त क्षेत्र 7650 वर्ग मीटर (823 वर्ग फुट) का है तथा जिसका परिसीमांकन इस प्रकार है : पूर्व : सम्पत्ति सं. यू–23/36 पश्चिम : सम्पत्ति सं. यू–23/34 उत्तर : मार्ग, दक्षिण : सम्पत्ति सं. यू–22/19 |
| मोहम्मद साजिद पुत्र नूर हसन निवासी लैट सं. 1301, टॉवर–1, आशियाना उपवन इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010, यहां पर भी : श्री मोहम्मद साजिद पुत्र नूर हसन, आम्रपाली ग्रुप सी–56/29, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201301, यहां पर भी : मोहम्मद साजिद पुत्र नूर हसन, भूखण्ड सं. 50, द्वितीय तल, पॉकेट 10, सेक्टर–9, रामप्रस्थ ग्रीन, वैशाली एक्स. गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश –201010 2. रेशमा पत्नी मोहम्मद साजिद निवासी लैट सं. 1301, टॉवर–1, आशियाना उपवन इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश – 201010, यहां पर भी : रेशमा पत्नी मोह. साजिद, भूखण्ड सं. 50, द्वितीय तल, पॉकेट 10, सेक्टर–9, रामप्रस्थ ग्रीन, वैशाली एक्स., गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश – 201010 | 11 सितंबर 2019 | 17 सितंबर 2019 | रु. 46,34,679/– | रु. 47,34,742/– | भूखण्ड सं. 17, अहिंसा खण्ड इंदिरापुरम, तहसील एवं जिला–गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित द एटीएस एडवांटेज में टाईप ए. टॉवर सं. 06 में स्थित 5वें तल पर आवासीय लैट सं. 06051, जो कि उस भवन के नीचे की, जिसमें कि उक्त सम्पत्ति अवस्थित है, उक्त भूमि में अंश एवं हित तथा भवन/योजना/परिसर में उपलब्ध सुविधाओं तथा आम क्षेत्रों में अधिकार के साथ है तथा जिसका परिसीमांकन निम्नानुसार (विक्रय विलेखानुसार) है : पूर्व : विक्रय विलेखानुसार / पश्चिम : विक्रय विलेखानुसार / उत्तर : विक्रय विलेखानुसार /दक्षिण : विक्रया विलेखानुसार |
| श्रीमती नीलोफर सिंह पत्नी श्री इपिंदर सिंह निवासी 607, सर्वप्रिय विहार अपार्टमेंन्ट्स, सर्व प्रिय विहार, नई दिल्ली–110016, यहां पर भी : श्रीमती नीलोफर सिंह पत्नी श्री इपिंदर सिंह, एफ–90/33, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–1, नई दिल्ली – 110020, यहां पर भी : श्रीमती नीलोफर सिंह पत्नी श्री इपिंदर सिंह, मकान सं. 503, द्वितीय तल, ब्लॉक–ई, ग्रे.कै.–2, नई दिल्ली–110048 2. श्री हरमान सिंह पुत्र श्री इपिंदर सिंह निवासी 607, सर्वप्रियविहार अपार्टमेन्ट्स, सर्व प्रिय विहार, नई दिल्ली–110016, यहां पर भी : श्री हरमन सिंह पुत्र श्री इपिंदर सिंह, मकान सं. 503, द्वितीय तल, ब्लॉक–ई, ग्रे.कैलाश–2, नई दिल्ली–110048 3. मै. निटेक्स ओवरसीज अपनी स्वामिनी श्रीमती नीलोफर सिंह एफ–90/33, ओखला औद्योगिक क्षेत्र फेज–1, नई दिल्ली–110020 के माध्यम से, यहां पर भी : मै. निटेक्स ओवरसीज कार्यालय 287, संतनगर, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली–110065 | 9 सितंबर 2019 | 16 सितंबर 2019 | रु. 1,01,81,267/– | रु. 1,72,84,000/– | ग्रेटर कैलाश पार्ट–2, नई दिल्ली में स्थित सम्पत्ति सं. 503, ब्लॉक–ई, का संपूर्ण द्वितीय तल, परिमाप 248 वर्ग गज, जिसमें तीन शयन कक्ष, तीन स्नान घर, एक ड्राइंग डाइनिंग कक्ष, एक किचेन, एक नौकर कक्ष, तहखाने के पीछे की ओर खुला कार पार्किंग स्थल, आधा शीर्ष टेरेस जिसका उपयोग प्रथम तल के स्वामी के साथ मिलकर किया जाना है, इसके अलावा उस भवन के नीचे की, जिसमें कि उक्त सम्पत्ति अवस्थित है, उक्त भूमि में अंश एवं हित तथा भवन/योजना/परिसर में उपलब्ध सुविधाओं तथा आम क्षेत्रों का उपयोग करने का अधिकार है। |
| श्री सुमित पुत्र श्री चरणजी लाल निवासी 3291, गली सं. 28, बीडन पुरा, करोल बा, दिल्ली–110005, यहां पर भी : श्री सुमित पुत्र श्री चरणजी लाल श्रीघर, इन्श्योरेन्स ब्रोकर प्रा. लि., ए–125, सेक्टर–63, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201301, यहां पर भी : श्री सुमित पुत्र श्री चरणजी लाल, लैट सं. 703, 7वां तल, सुपरटेक–लिविंगस्टोन, टॉवर ई, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201016 श्री चरणजी लाल पुत्र श्री बद्री प्रसाद निवासी 3291, गली सं. 28, बीडनपुरा, करोल बाग, दिल्ली–110005, यहां पर भी : श्री चरणजी लाल पुत्र श्री बद्री प्रसाद, लैट सं. 703, 7वां तल, सुपरटेक–लिविंगस्टॉन, टॉवर ई, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201016 | 9 सितंबर 2019 | 16 सितंबर 2019 | रु. 25,73,358/– | रु. 27,15,000/– | ग्राम डूंडाहेड़ा, गाजियाबाद (उ.प्र.) में स्थित "क्रॉसिंग रिपब्लिक" के नाम से ज्ञात टाउनशिप में स्थित जीएच भूखण्ड सं. 6 पर निर्मित "सुपरटेक–लिविंगस्टॉन" टॉवर ई के रूप में ज्ञात उक्त भवन में दो शयनकक्षों के आवास से समाविष्ट 7वें तल पर स्थित आवासीय लैट सं. 703, अधि क्षेत्र 850 वर्ग फुट यानी 78.97 वर्ग मीटर। |
| श्री वीरपाल सिंह चौधरी पुत्र स्व. जे.डी. सिंह निवासी मकान सं. 658, सेक्टर–16, फरीदाबाद, हरियाणा–121002, यहां पर भी : श्री वीरपाल सिंह चौधरी पुत्र स्व. जे. डी. सिंह, पत्रालय एवं ग्राम पलसेदा, तहसील खैर, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश–202137, यहां पर भी : श्री वीरपाल सिंह चौधरी पुत्र स्व. जे.डी. सिंह, अपार्टमेंट नं. 102, टॉवर सं. सी–5, ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी "दि प्रणायाम", सेक्टर–82, 85, फरीदाबाद, हरियाणा–121002 श्री हितेश चौधरी पुत्र श्री वीरपाल सिंह चौधरी निवासी मकान सं. 658, सेक्टर–16, फरीदाबाद, हरियाणा–121002, यहां पर भी : श्री हितेश चौधरी पुत्र श्री वीरपाल सिंह चौधरी, पत्रालय एवं ग्राम पलसेदा, तहसील खैर, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश–202137 श्री हितेश चौधरी पुत्र श्री वीरपाल सिंह चौधरी, अपार्टमेंट सं. 102, टॉवर सं. सी–5, ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी "दि प्रणायाम", सेक्टर–82, 85, फरीदाबाद, हरियाणा–121002 | 9 सितंबर 2019 | 16 सितंबर 2019 | रु. 32,78,242/– | रु. 57,00,000/– | ग्राम भटोला, तहसील तिगांव एवं जिला फरीदाबाद (हरियाणा) की राजस्व सम्पदा में स्थित ग्रुप हाउसिंग स्कीम के भाग के रूप में भूमि के भूखण्ड पर निर्मित "दि प्रणायाम" के रूप में ज्ञात बहुमंजिला भवन के प्रथम तल पर टॉवर सी5 में अवस्थित अपार्टमेंट नं. 102, कार पार्किंग स्थल (स्थलों) एक (1) एवं एक (1) के साथ, जिसका अधि क्षेत्र 1857 वर्ग फुट का है। |
| श्री रवि पाल उदर पुत्र श्री धर्म पाल उदर निवासी मकान सं. 510, मास हाउसिंग सोसाइटी, भूखण्ड सं. 24, सेक्टर–10, द्वारका, दिल्ली–110075, यहां पर भी : श्री रवि पाल उदर पुत्र श्री धर्म पाल उदर, मै. जनक मेडिकोज, बी9 तहखाना, शंकर गार्डन, विकासपुरी, नई दिल्ली–110018 श्रीमती रचना उदर पत्नी रवि पाल उदर निवासी मकान सं. 510, मास हाउसिंग सोसाइटी, भूखण्ड सं. 24, सेक्टर–10, द्वारका, दिल्ली–110075 यहां पर भी : श्रीमती रचना उदर पत्नी रवि पाल उदर मै. जनक मेडिकोज, बी9 तहखाना, शंकर गार्डन, विकासपुरी, नई दिल्ली–110018 | 13 अप्रैल 2019 | 29 अप्रैल 2019 | रु. 12,24,166/– तथा रु. 1,64,275 | रु. 17,35,000/– तथा रु. 3,10,896/– | भवन/टॉवर सं. 12 में 7वें तल पर निर्मित अपार्टमेंट सं. सी–748 के समस्त भाग तथा अंश, जिसका एक अधि क्षेत्र 109.63 वर्ग मीटर (1180 वर्ग फुट) का है, (आवृत्त क्षेत्र 846 वर्ग फुट है, बॉलकनी तथा यूटिलिटी वार्ड 140 वर्ग फुट का है तथा आम क्षेत्र 194 वर्ग फुट का है), सम्पत्ति के साथ उस भवन के नीचे की, जिसमें कि उक्त सम्पत्ति अवस्थित है, उक्त भूमि में अंश एवं हित का समानुपातिक अंश है तथा भवन के आम क्षेत्रों में अविभाजित समानुपातिक अंश है। इतना ही नहीं। उसके साथ संबद्ध समस्त इसमेंटरी अधिकार भी हैं। सामान्य आम उपयोग होनेवाले क्षेत्रों के उपयोग तथा उक्त परिसर के अंदर समस्त रहवासियों के आम उपयोग हेतु उपलब्ध सुविधाओं के अधिकार के साथ और परिसर में आरक्षित कार पार्किंग स्थल के उपयोगाधिकार के साथ, ये सभी उस आवासीय कॉम्प्लेक्स के भाग हैं जिसका नाम "रिवर हाईट्स" है औ जो ग्राम नूर नगर, परगना लोनी, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में अवस्थित है। |

उपरोक्तानुसार परिस्थितियों में, एतद्द्वारा उपरोक्त कर्जदारों/सह–कर्जदारों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां लागू है) को इस सूचना के माध्यम से प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर उपरिवर्णित बकाया राशि का भुगतान भावी ब्याज और लागू प्रभारों सहित करने हेतु सूचना दी जाती है, जिसमें असफल रहने पर इस सूचना की तिथि के पश्चात 60 दिन की अवधि समाप्त होने पर प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में आगे कदम उठाए जाएंगे, जिनमें वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) और उनके तहत लागू नियमों के अनुसार कर्जदारों तथा बंधकदाताओं की प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा प्राप्त किया जाना शामिल है। आपका ध्यान सरफासी ऐक्ट की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है, जिसके तहत आप बैंक की पूर्ण बकाया राशि बैंक द्वारा वहन किए गए सभी खर्चों, लागतों एवं प्रभारों सहित, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रित करने द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की इस सूचना के प्रकाशन की तिथि तक ही चुका सकते हैं। कृपया यह भी नोट करें कि यदि आप बैंक की पूर्ण बकाया राशि बैंक द्वारा वहन किए गए सभी खर्चों, लागतों एवं प्रभारों सहित, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रित करने द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की इस सूचना के प्रकाशन की तिथि तक नहीं चुकाते हैं, तो आप प्रत्याभूत आस्तियां छुड़ाने के हकदार नहीं होंगे। कृपया नोट करें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के तहत, कोई भी कर्जदार, प्रत्याभूत क्रेडिटर की पूर्व लिखित सहमति के बिना, इस सूचना में संदर्भित उसकी कोई भी प्रतिभूत आस्ति बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से हस्तांतरित नहीं कर सकता है।

दिनांकित : 05–10–2019
स्थान : दिल्ली

हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी
ऐक्सिस बैंक लिमिटेड

# भारतीय महिला हाकी टीम ने ब्रिटेन को ड्रा पर रोका

## इंग्लैंड दौरे का आखिरी मैच

एजेंसी। मारलो

नवजोत कौर और गुरजीत कौर के गोल की मदद से भारतीय महिला हाकी टीम ने इंग्लैंड दौरे के अपने आखिरी मैच में ब्रिटेन को 2-2 से ड्रा पर रोका। भारत के लिए नवजोत (आठवां मिनट) और गुरजीत (48वां) ने गोल दागे जबकि ब्रिटेन के लिए एलिजाबेथ नील (55वां) और अन्ना टोमान (60वां) ने गोल किए। इसके साथ ही भारतीय टीम ने दौरे का अंत ब्रिटेन जैसी मजबूत टीम के खिलाफ ड्रा के साथ किया। भारत ने पांच मैचों में से एक जीता, एक हारा और तीन ड्रा खेले। पिछले मैच में पराजय का सामना करने वाली भारतीय टीम ने आक्रामक शुरूआत की और मेजबान के हाफ में ही खेल होता रहा। शुरूआती हमलों का फायदा आठवें मिनट में पेनल्टी कार्नर के रूप में मिला जिसे नवजोत ने गोल में बदला। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच मुकाबला बराबरी का रहा। ब्रिटेन को तीन पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता ने तीनों को बचा लिया। तीसरे क्वार्टर में भारत ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा। हाफटाइम में हीश की जगह आई एमी टिनेंट ने 40वें मिनट में गुरजीत का गोल बचाया। भारत ने 48वें मिनट में एक और गोल किया। ब्रिटेन ने हालांकि आखिरी पांच मिनट में दो गोल करके भारतीय टीम के जीत के मंसूबों पर पानी फेर दिया। यह भारतीय गोलकीपर सविता का 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच था।



# लाहिड़ी ने दो अंडर 69 का कार्ड खेला

**लास वेगास।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने श्राइनर्स हास्पिट्स फॉर चिल्ड्रन ओपन के पहले दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 67वें स्थान पर चल रहे हैं। लाहिड़ी इस सत्र में तीन शुरूआत में केवल एक में ही कट हासिल कर पाए हैं। उन्हें अब यहां कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। निक टेलर ने आठ अंडर 63 के शानदार कार्ड से ब्रायन हार्मन पर एक शाट की बढ़त बनाई हुई है।

## अदिति संयुक्त 34वें स्थान पर

**टेक्सास।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक मजबूत शुरूआत गंवा बैठी जिससे उन्होंने यहां लेडीज पीजीए टूर के वालंटियर्स ऑफ अमेरिका क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के शुरूआती दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेला। अब वह संयुक्त 34वें स्थान पर चल रही है। वह पांच होल में पांच अंडर के साथ शीर्ष पर चल रही थी लेकिन खराब मौसम के कारण लगातार तीन बोगी कर बैठी। स्टेफनी मिडो आठ अंडर 63 के कार्ड से बढ़त बनाए है। डोरी कार्टर और एमी ओल्सन 65 के कार्ड से संयुक्त दूसरे स्थान पर चल रही है।

## भुल्लर चार अंडर 67 के कार्ड से संयुक्त आठवें स्थान पर

**मैड्रिड।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने अंतिम नौ में तीन बर्डी और एक ईगल से चार अंडर 67 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह मुटुएक्टिवोस ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में संयुक्त आठवें स्थान पर चल रहे है। अन्य भारतीयों में एसएसपी चौरसिया ने अंतिम छह होल में चार बर्डी जमाई जिससे उन्होंने एक अंडर 70 का कार्ड खेला। चौरसिया संयुक्त 42वें स्थान पर चल रहे है।

## संधू को ताइवान मास्टर्स में एकल बढ़त

**तामसुई (चीनी ताइपै)।** भारत के अजीतेश संधू ने पांच बर्डी और दो बोगी की मदद से दूसरे दौर में तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया जिससे वह ताइवान मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट मे एक शाट की बढ़त पर है। संधू एक समय दो शाट की बढ़त पर थे लेकिन इसके बाद वह दो बोगी कर गए और मिगुएल कारबालो की बराबरी पर आ गए। इस भारतीय ने हालांकि 16वें होल में बर्डी बनाकर सात अंडर 137 के कुल स्कोर के साथ बढ़त बनाई। एक अन्य भारतीय एस चिक्कारंगप्पा संयुक्त छठे स्थान पर है। उनके अलावा राशिद खान और चिराग कुमार संयुक्त 17वें तथा विराज मदप्पा और खालिन जोशी संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। शिव कपूर, आदिल बेदी, अभिजीत चड्ढा, अमन राज और जीव मिल्खा सिंह कट में जगह बनाने से चूक गए।

## इंडियन ओपन गोल्फ में अमनदीप संयुक्त आठवें स्थान पर

**गुरूग्राम।** अमनदीप द्राल ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला जिससे वह हीरो महिला इंडियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद संयुक्त आठवें और भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर है। अमनदीप का कुल योग दो अंडर 142 है। उन्होंने पहले दौर में पार 72 का कार्ड खेला था। आस्ट्रेलिया की व्हिटनी हिलर ने अंतिम दो होल में बर्डी बनाई और एकल बढ़त हासिल की। वह मरियन स्कार्पनोर्ड से एक शाट आगे है। पहले दौर में संयुक्त बढ़त हासिल करने वाली मेगान मैक्लारेन स्वीडन की लिंडा वेसबर्ग के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। कट सात ओवर पर गया जिससे 68 खिलाड़ियों ने सप्ताहांत में खेलने का हक पाया। इनमें अमनदीप, त्वेशा मलिक, वाणी कपूर, दीक्षा मलिक और गौरिका बिश्नोई सहित दस भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं।

# हरमनप्रीत 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली पहली भारतीय बनी

**सूरत।** महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली भारत की पहली क्रिकेटर बन गई हैं। हरमनप्रीत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छठे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में यह उपलब्धि हासिल की। वह महिला और पुरूष दोनों वर्गों मे यह मुकाम हासिल करने वाली पहली भारतीय हैं। हरमनप्रीत के बाद महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा का नंबर आता है जिनके नाम पर समान 98 मैच दर्ज हैं। अगर महिला क्रिकेटरों की बात करें तो हरमनप्रीत 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली दुनिया की दसवीं क्रिकेटर है। भारतीय महिलाओं में उनके आगे मिताली राज (89) का नंबर आता है। पुरूष क्रिकेटरों में केवल शोएब मलिक (111) ही 100 से अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय खेल पाए है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Akhilesh Kumar** who is purchasing the Third floor, with roof rights Built on property bearing No. 113-A, area measuring 63 sq., yds., out of Khasra No. 59/16, Situated in the area of village Hastsal colony known as Mohan Garden L Block, Uttam Nagar, New Delhi from **Mr. Kamaljeet and Mr. Pankaj Ohri** and further will be mortgaging against the financial assistance from **VASTU HOUSING FINANCE CORPORATION LTD.** To comply the requirements of bank/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 07 days from the date of this notice, at below address.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor,
Masjid Moth ,Opp. Uday Park, South Ext.II,
New Delhi - 49 Contact# 011 - 40046316

**PUBLIC NOTICE**


Notice is hereby given to the Public That SMC stating legal heirs of Late **Mr. Ashok Kumar** in respect of Second Floor, Back Side, 53 Sq. Yds., built on Northern Portion of **Property No. WZ-258-A, 246 Sq. Yds., Situated at Nangal Raya Extension - II, New Delhi** has been Lost / misplaced. All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing SMC. If anyone as already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.


**For Kumar & Associates**
**(Advocates & Consultants)**
200, Second Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, New Delhi-15 Ph : 011 - 41112527-28
kumarassociates.advocate@gmail.com

# गोला फेंक एथलीट तूर और धावक जॉन्सन बाहर

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

एजेंसी। दोहा





भारत के गोला फेंक एथलीट तेजिंदर पाल सिंह तूर और 1500 मीटर धावक जिनसन जॉन्सन विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में अपनी स्पर्धाओं के फाइनल्स में क्वालीफाई करने में असफल रहे और बाहर हो गए।

दोनों एशियाई खेलों के स्वर्ण पदकधारी हैं। 24 साल के तूर ने सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास 20.43 मीटर से ग्रुप बी क्वालीफिकेशन दौर में आठवां स्थान हासिल किया और 34 प्रतिस्पर्धियों में 18वें स्थान पर रहे। जिनसन गुरूवार को पहले दौर की हीट में तीन मिनट 39.86 सेकेंड के समय से 10वें स्थान पर रहे। 43 धावकों में वह 34वां स्थान ही हासिल कर पाए। तूर ग्रुप बी में सबसे पहले आए लेकिन ग्रुप ए से पहले ही आठ गोला फेंक एथलीट फाइनल दौर के क्वालीफाइंग मार्क 20.90 मीटर को पार कर चुके थे। पंजाब के इस एथलीट का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 20.75 मीटर का है जो राष्ट्रीय रिकार्ड भी है। तूर ने 20.43 मीटर से शुरूआत की लेकिन अगले प्रयास में फाउल कर बैठे। उनके ग्रुप के तीन प्रतिस्पर्धी पहले ही प्रयास में स्वत: क्वालीफाइंग मार्क को पार कर चुके थे जिससे उन पर दबाव बढ़ रहा था। तीसरे और अंतिम प्रयास में वह 19.55 मीटर की दूरी ही तय कर पाए और चैम्पियनशिप से बाहर हो गए। मौजूदा विश्व चैम्पियन और 2016 रियो ओलंपिक के कांस्य पदकधारी थामस वाल्श 21.92 मीटर के थ्रो से क्वालीफाइंग दौर में शीर्ष पर रहे। तूर ने जकार्ता 2018 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने अप्रैल में 20.22 मीटर के थ्रो से एशियाई चैम्पियनशिप में भी पहला स्थान प्राप्त किया था। भारत के 28 वर्षीय जिनसन ने पिछले महीने तीन मिनट 35.24 सेकेंड के समय से अपने राष्ट्रीय रिकार्ड को तोड़ा था। लेकिन वह विश्व चैम्पियनशिप में उसी ऊर्जावान प्रदर्शन को दोहराने में असफल रहे। वह एक के बाद एक प्रतिस्पर्धियों से पिछड़ते रहे और अंत में अपने सर्वश्रेष्ठ समय से चार सेकेंड ज्यादा का समय निकाल सके।

## कैटरीना बनी हेप्टाथलन विश्व चैंपियन



**दोहा।** ब्रिटेन की कैटरीना जानसन-थामसन ने गुरूवार को यहां विश्व चैम्पियनशिप की हेप्टाथलन स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपनी झोली मे डाला। छब्बीस साल की ब्रिटिश स्टार ने मौजूदा विश्व और ओलंपिक चैम्पियन नफीसाटोऊथियाम को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। कैटरीना ने सात स्पर्धाओ मे 6981 अंक जुटाए जबकि बेल्जियम की नफीसाटोऊने 6677 अंक के साथ रजत पदक जबकि आस्ट्रिया की वेरेना प्रेनर ने 6560 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। वही साल्वा इड नासेर ने 400 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर सनसनी फैला दी, जिन्होंने 48.14 सेकेंड से इतिहास में तीसरा सबसे तेज समय निकाला। इस तरह नासेर प्रबल दावेदार मानी जा रही शौनाए मिलर यूइबो को पीछे छोड़ते हुए पहले स्थान पर रही।

# चीन ओपन में मरे का सफर क्वार्टरफाइनल में खत्म

एजेंसी। बीजिंग

ब्रिटेन के तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता एंडी मरे को शुक्रवार को चीन ओपन के क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीय डोमिनिक थिएम से 2-6 6-7 से हार का मुंह देखना पड़ा। पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मरे ने जनवरी में कूल्हे की सर्जरी कराई थी और वह वापसी कर रहे हैं। चीन ओपन में चार दिन में यह उनका तीसरा मैच था और वह बुधवार को कैमरन नोरी के खिलाफ तीन सेट की जीत के बाद थके हुए दिख रहे थे। छब्बीस साल के पांचवीं रैंकिंग पर काबिज थिएम का सामना अंतिम चार में रूस के चौथे वरीय कारेन खाचानोव से होगा जिन्होंने इटली के फैबियो फोगनिनी को तीन सेट तक चले मैच में पराजित किया।



## टेनिस राउंड अप

### जोकोविच दमदार जीत से सेमीफाइनल में

**तोक्यो।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने शुक्रवार को अपने तेजर्तार खेल का अद्भुत नजारा पेश करके जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के लुकास पोइली के खिलाफ अपनी बादशाहत दिखाई और 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। उनके दमदार और सटीक शॉट तथा बेहतरीन ड्राप शॉट का पोइली के पास कोई जवाब नहीं था। यह मुकाबला केवल 50 मिनट तक चला जिसके बाद जोकोविच ने कहा, मैं मशीन नहीं हूं लेकिन मैं आज जैसा खेलना पसंद करता हूं। मैंने इस साल जितने मैच खेले उनमें यह सर्वश्रेष्ठ था। इस जीत से जोकोविच ने यह भी दिखा दिया कि वह अब बाएं कंधे की चोट से पूरी तरह उबर गए हैं जिसके कारण वह यूएस ओपन के बीच से हट गए थे। उसके बाद जोकोविच का यह पहला टूर्नामेंट हैं। अन्य मैचों में आस्ट्रेलिया के जॉन मिलमैन ने जापान के टारो डेनियल को 6-4, 6-0 से जबकि अमेरिका के रीली ओपेलका ने जापानी क्वालीफायर यासुतका उचियामा को 6-3, 6-3 से पराजित किया।

### कलाई की चोट के कारण शंघाई मास्टर्स से हटे नडाल

**शंघाई।** राफेल नडाल कलाई की चोट के कारण अगले सप्ताह से शुरू होने वाले शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं। स्पेन के विश्व में नंबर दो खिलाड़ी नडाल इस वजह से पिछले महीने लीवर कप से भी हट गए थे। यह लगातार दूसरा साल है जबकि 19 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नडाल शंघाई मास्टर्स में नहीं खेलेंगे। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने बयान में कहा, जैसा कि आप सभी संभवत: जानते हैं कि लीवर कप के दौरान मेरे बाएं हाथ की कलाई में दर्द था और मेरे पास इस शानदार प्रतियोगिता के लिए तैयार होने का समय नहीं है।

**PUBLIC NOTICE**

**TO WHOMSOEVER IT MAY BE CONCERNED**

This to acknowledge that Ms. Mamta Devi W/o Mr. Dalbir Kapoor resident of House No. 235, Jai Vihar, Phase-I, Gali No. 5, A Block, New Delhi-110043, India with sound health and in mentally fit condition without any fear, coercion of undue influenceis willingdebarring her eldest son Kuljinder Kapoor aged about 15 years S/o Mr. Dalbir Kapoor and Ms. Mamta Devi R/o House No. 235, Jai Vihar, Phase-I, Gali No. 5, A Block, New Delhi-110043, India from all my movable and immovable properties because of Kuljinder Kapoor bad character and he does not take-care of his mother as well as he is not residing with his mother anymore.

**Saurabh Sharma, Advocate**
**Ch. No. 866, Patiala House** Courts, New Delhi-01, M. No. 9899087861

# पहलवान रवि दहिया टॉप्स में शामिल, साक्षी बाहर

## लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना

**एजेंसी। नई दिल्ली।** हाल में विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले युवा पहलवान रवि दहिया को शुक्रवार को लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में शामिल किया गया जबकि फार्म में जूझ रही साक्षी मलिक को इससे बाहर कर दिया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की मिशन ओलंपिक इकाई ने यह फैसला किया। रवि ने कजाखस्तान के नूर सुल्तान में पुरूष 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। उनके कांस्य पदक ने अगले साल होने वाले तोक्यो खेलों के लिए भारत का ओलंपिक कोटा भी सुनिश्चित किया। साक्षी ने 2016 रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। वह पिछले कुछ समय से फार्म से जूझ रही हैं इसलिए उन्हें टॉप्स से बाहर कर दिया गया। वह नूर सुल्तान में 62 किग्रा वर्ग के शुरूआती दौर से बाहर हो गई थी। भारोत्तोलक रागाला वेंकट राहुल को भी टॉप्स से बाहर कर दिया गया जिसमें 50,000 रूपए की मासिक वित्तीय सहायता दी जाती है।

**RAMSONS PROJECTS LIMITED**
Regd. Off.: 815, 8th Floor, Hemkunt Chamber, Nehru Place New Delhi 110019

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to SEBI Circular SEBI/HO/MIRSD/DOS3/CIR/P/2018/139 dated 6th November 2018, the Company has received requests from the following transferee to transfer the below mentioned securities held in the name of the security holder mentioned there against as detailed below, to his name. These securities were claimed to have been purchased by him, detailed hereunder:

| Folio No. | Name(s) of the Holder(s)/ Transferor | Security Type and Face Value | Number of Securities | Share Certificate No. | Distinctive Nos. From - To | Name(s) of the Transferee(s) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0000444 | C. RAMA RAJU | 10/- | 1000 | 15247-15251<br>22841-22841<br>22903-22906 | 1524601-1525100<br>2284001-2284100<br>2290201-2290600 | VINOD MADAN |

Any person who has a claim in respect of the above mentioned securities, should lodge such claim with the Company at its Registered Office within 30 days from this date along with appropriate documentary evidence thereof in support of such claim, else the Company will proceed to transfer the securities in favour of the above proposed Transferee(s), without any further intimation.

**Place: New Delhi**
**Date: 04.10.2019**

Sd/-
**Ramsons Projects Limited**

# जमुना बोरो भारत को जीत से दिलाई शुरुआत

## विश्व महिला मुक्केबाजी

एजेंसी। उलान उदे



जमुना बोरो (54 किलो) ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में भारत को शानदार शुरूआत दिलाते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। बोरो ने मंगोलिया की मिचिडमा एर्डेनेडालाइ को 5-0 से हराया। अब उनका सामना अल्जीरिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त उदाद फाउ से होगा। विश्व चैम्पियनशिप 2017 की स्वर्ण पदक विजेता फाउ को पहले दौर में बाई मिली थी। शनिवार को पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन नीरज (57 किलो) और स्वीटी बूरा (75 किलो) अपने अपने मुकाबले खेलेंगी। नीरज का सामना चीन की कियाओ जीरू से होगा जबकि स्वीटी की टक्कर मंगोलिया की म्यागमाजगराल एम से होगी। इस टूर्नामेंट में 57 देशों के 224 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

**ICICI Bank**
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाड्रा रोड, वडोदरा–390 007, गुजरात
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पू). मुंबई–400 051
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, द्वितीय तल, वीडियोकॉन टावर, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथा कि उसके अतिरिक्त, यहां नीचे वर्णित उक्त कर्जदारों की सूचना के प्रयोजनार्थ, उक्त कर्जदारों को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राज कुमार, शशि, फ्लैट नंबर 4ए, प्लॉट नंबर 9, राधे श्याम पार्क, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश खाता सं. :– एलबीडीईएल00001935446 एवं एलबीडीईएल00001933704 | प्लॉट नंबर 197, ब्लॉक–बी, सेक्टर–पी–3, (फाई–01) ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर पूर्व : प्लॉट नंबर 192, दक्षिण पूर्व : प्लॉट नंबर 196, उत्तर पश्चिम :प्लॉट नंबर 195, दक्षिण पश्चिम : 12 मीटर चौड़ी रोड, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 16–08–2019 रू. 7,22,647/– रू. 13,35,688/– | 28–02–2019 |

उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान धारा 13(2) के अधीन सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, धारा 13(2) के अधीन सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन की अवधि समाप्त होने पर, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

हस्ता./–
तिथि : 05–10–2019
प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

वसूली अधिकारी–।। का कार्यालय
ऋण वसूली न्यायाधिकरण–।।, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग,
नई दिल्ली–110001

ई–नीलामी बिक्री सूचना — दिनांकित : 07–09–2019
आर.सी. सं. 34/2016

आईसीआईसीआई बैंक बनाम श्री राजीव सिंह

बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं को देय ऋण की वसूली अधिनियम, 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की दूसरी अनुसूची के नियम 38, 52 (2) के तहत बिक्री की उद्घोषणा

सीडी रु 1 श्री राजीव सिंह पुत्र श्री टेक चन्द निवासी आरयू–161, पीतमपुरा, निकट पावर हाउस, दिल्ली–110088
अन्य पता : फ्लैट नंबर पीपी/बी–1201, 12वां तल, प्लॉट नंबर 1/2 वैभव खण्ड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010
अन्य पता : मैसर्स सीमा एंटरप्राइजेज, ई–3/49, बेसमेंट चाणक्य पैलेस, पार्ट–1, सीता पुरी, दिल्ली–110082
सीडी रु 2 श्रीमती सीमा सिंह, निवासी आरयू–161, पीतमपुरा, निकट पावर हाउस, दिल्ली–110088
अन्य पता : फ्लैट नंबर पीपी/बी–1201, 12वां तल, प्लॉट नंबर 1/2 वैभव खण्ड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010
अन्य पता : मैसर्स सीमा एंटरप्राइजेज, ई–3/49, बेसमेंट चाणक्य पैलेस, पार्ट–1, सीता पुरी, दिल्ली–110082
सीडी रु 3 एचआरसी इंजीनियर्स एस्टेट प्रा. लि., जिसका पंजीकृत कार्यालय 914, नई दिल्ली हाउस, बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001 में स्थित है।
अन्य पता : एचआरसी इंजीनियर्स एस्टेट प्रा. लि., जिसका पंजीकृत कार्यालय 902, नई दिल्ली हाउस, बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001 में स्थित है।
अन्य पता : एचआरसी इंजीनियर्स एस्टेट प्रा. लि., जिसका पंजीकृत कार्यालय प्लॉट नंबर 1/2 वैभव खण्ड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 में स्थित है।
सीडी रु 4 श्री जगदीश सिंह पुरोहित पुत्र श्री हेम सिंह पुरोहित, निवासी सी–28, गौरव अपार्टमेंट, पटपड़गंज, दिल्ली–110092
अन्य पता : फ्लैट नंबर पीपी/बी–1201, 12वां तल, प्लॉट नंबर 1/2 वैभव खण्ड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010

आदेश

मेरे आदेश दिनांकित 07–09–2019 के अनुसार उक्त वसूली प्रमाणपत्र में निम्नवर्णित सम्पत्तियां दिनांक 23–10–2019 को सार्वजनिक ई–नीलामी द्वारा बेची जाएगी :–
नीलामी बिक्री वेबसाइट www.bankeauctions.com के माध्यम से "ऑनलाइन ई–नीलामी" होगी
नीलामी की तिथि एवं समय : 23–08–2019 को अप. 03.00 बजे तथा अप. 04.00 बजे के बीच
(अप. 04.00 बजे के बाद 5 मिनट के विस्तारों सहित, यदि अपेक्षित है)

सम्पत्ति का वर्णन

| सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य (रू. में) | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू. में) |
|---|---|---|
| फ्लैट नंबर पीपी/बी–1201, 12वां तल, प्लॉट नंबर 1/2 वैभव खण्ड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 | 43,00,000/- | 4,30,000/- |

नियम और शर्तें

1. नीलामी बिक्री वेबसाइट: www.bankeauctions.com के माध्यम से "ऑनलाइन ई–नीलामी" होगी।
2. ईएमडी "वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली खाता आर/सी सं. 34/2016" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से जमा करनी होगी। ईएमडी के लिए उक्त डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर, पहचान पत्र (निर्वाचन आई कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट), जिसमें आगे संचार/पत्रव्यवहार के लिए पता होना चाहिए, की स्व–सत्यापित प्रति तथा पैन कार्ड की स्व–सत्यापित प्रति और कम्पनी के मामले में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति अथवा कोई अन्य दस्तावेज, जो कम्पनी का प्रतिनिधि/प्राधिकार धारक होने की पुष्टि करता है, की प्रति के साथ वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली के कार्यालय में अधिकतम 21–10–2019 अप. 4.00 बजे तक पहुंच जाना चाहिए। उसके बाद प्राप्त ईएमडी अथवा ईएमडी के भुगतान के मूल प्रमाण पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. ईएमडी सन्निहित लिफाफे पर "आरसी सं. 34/2016" तथा प्रेषक का विवरण अर्थात पता, ई–मेल आईडी और मोबाइल नम्बर इत्यादि शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
4. सम्पत्ति की बिक्री "जैसा है जहां है आधार" पर की जा रही है।
5. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली देने तथा ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए पोर्टल www.bankeauctions.com अच्छी तरह पढ़ लें तथा/अथवा श्री मुकेश शर्मा, प्रबंधक, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, द्वितीय तल, वीडियोकॉन टावर, झंडेवालान एक्सटेंशन, दिल्ली, मोबाइल नंबर 7087239052, ई–मेल आईडी : mukesh.sh@icicibank.com से सम्पर्क करें।
6. भविष्यलक्षी बोलीदाताओं से पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करवाना तथा ईएमडी जमा करने के बाद, मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि., उद्योग विहार, फेज–2, बिल्डिंग नंबर 301, गुरूग्राम, हरियाणा – 122015, फोन नंबर 7291981124/25/26 सम्पर्क व्यक्ति : श्री विनोद चौहान मोबाइल नंबर 9813887931, ई–मेल आईडी : delhi@c1india.com तथा support@bankeauctions.com से यूजर आईडी/पासवर्ड पर्याप्त अग्रिम में प्राप्त किया जाना अपेक्षित है, जो उपरोक्त ई–नीलामी में बोलीदान के लिए अनिवार्य है।
7. इच्छुक बोलीदाता ईएमडी जमा करने के बाद, मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि., उद्योग विहार, फेज–2, बिल्डिंग नंबर 301, गुरूग्राम, हरियाणा – 122015, फोन नंबर 7291981124/25/26 सम्पर्क व्यक्तिः श्री विनोद चौहान मोबाइल नंबर 9813887931, ई–मेल आईडी: delhi@c1india.com तथा support@bankeauctions.com से ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
8. केवल वे बोलीदाता ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राह्य होंगे जो वैध यूजर आईडी एवं पासवर्ड और डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से ईएमडी भुगतान पुष्टि के धारक हैं।
9. संभावित खरीदार साइट का निरीक्षण 14–10–2019 तथा 15–10–2019 को 10.30 बजे से 04.00 बजे तक कर सकते हैं।

रजिस्ट्रार, डीआरटी–।।, दिल्ली के पक्ष में रू. 1000/– तक 2 प्रतिशत निरोध शुल्क तथा रू. 1000/– से ऊपर सकल राशि पर 1 प्रतिशत निरोध शुल्क के साथ (शेष 75 प्रतिशत राशि डाक द्वारा जमा करने की स्थिति में यह वसूली अधिकारी को उपरोक्तानुसार प्राप्त हो जानी चाहिए)।

7.8 निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में, बिक्री की नई उद्घोषणा के बाद, सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी। चूककर्ता क्रेता द्वारा जमा की गई राशि, बिक्री संबंधी खर्चे काटकर, यदि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपयुक्त समझा जाता है, सरकारी खाते में जब्त कर ली जाएगी तथा सम्पत्ति या उसके किसी अंश की अनुवर्ती बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के संबंध में चूककर्ता क्रेता के सभी दावे जब्त माने जाएंगे।

8. सम्पत्ति की बिक्री "जैसा है जहां है आधार" तथा "जो है जैसा है आधार" पर की जा रही है।
9. अधोहस्ताक्षरी के पास किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने, यदि अतार्किक पाई जाती हैं, अथवा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी प्रास्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

सम्पत्ति की अनुसूची

| बिक्री की जा रही सम्पत्ति का वर्णन | सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर निर्धारित राजस्व | सम्पत्ति के संबंध में देय किसी ऋणभार का विवरण | सम्पत्ति के बाबत पेश किया गया कोई दावा तथा अन्य कोई ज्ञात विवरण जो सम्पत्ति की प्रकृति और मूल्य को प्रभावित करता है। |
|---|---|---|---|
| फ्लैट नंबर पीपी/बी–1201, 12वां तल, प्लॉट नंबर 1/2 वैभव खण्ड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |

मेरे हस्ताक्षर और मोहर लगाकर 07–09–2019 को दिया गया।

(अविनाश चन्द्र)
वसूली अधिकारी–।।,
डीआरटी–।।, दिल्ली

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 5 अक्टूबर, 2019



# हॉरर और एक्शन फिल्में करना चाहती हूं: सोनम



वर्ष 2007 की अपनी फिल्म सांवरिया के बाद सोनम कपूर आहूजा फैशन की दुनिया में ही अधिक दिखीं हैं। या फिर वाद-विवाद में बेबाक बोलने के लिए ही वो चर्चा में बनी रह सकी हैं ये सही है कि अपनी अभिनय क्षमता के कारण उन्हें याद नहीं किया जाता था। लेकिन 2016 की फिल्म नीरजा के बाद ऐसे लोगों की उनके बारे में राय में परिवर्तन आया। उन्हें अपने कॅरियर से संतोष है। लेकिन अब वो हॉरर या

> 'मुझे अभिनय और फैशन पसंद हैं। मैं हर चयन अपने विश्वास और धुन के आधार पर ही करती हूं, ये सोचते हुए कि इससे सकारात्मक परिणाम मिल सकता है।'

ऐक्शन फिल्मों में काम करना चाहती हैं। सोनम ने बताया, 'मैंने अभी तक हॉरर या ऐक्शन फिल्म नहीं की है और मैं इन्हीं दो जॉनर में अब हाथ आजमाना चाहती हूं। मेरे लिए ये रोमांचित कर देने वाली बात होगी क्योंकि मैंने अभी तक किसी ऐक्शन फिल्म में काम नहीं किया है। अत: मेरे लिये अब इन दो जॉनर में काम करना काफी रोचक होगा।' सोनम अब विशाल भारद्वाज और सूजित सरकार जैसे निर्माताओं के साथ काम करना चाहती हैं। सोनम ने अपने कॅरियर का प्रारंभ संजय लीला भंसाली के सहायक निर्देशक के रूप में किया था। सांवरिया के असफल होने से जुड़ी बातें याद करके कुछ दार्शनिक अंदाज में उन्होंने बताया, 'किसी भी फिल्म का भविष्य किसी अभिनेता के हाथों में नहीं होता। अत: मैं उस बारे मे ये नहीं कह सकती कि उसमें कुछ ऐसा या वैसा किया जा सकता था। लेकिन लोगों ने हमें-रणबीर और मुझे पसंद किया था। उसके बाद से हम दोनों ने ही देश के कुछ शीर्ष फिल्म निर्माताओं के साथ काम किया है।'

'मेरा मानना है कि जब तक लोग आपके साथ काम करना चाहते हैं और जब तक किसी अभिनेत्री को अच्छी कहानियों का हिस्सा बनने का अवसर मिलता हो, हमें किसी फिल्म की असफलता पर ही अपना ध्यान केन्द्रित नहीं कर लेना चाहिये। रणबीर आज एक सुपरस्टार है और मेरा भी समय अच्छा चल रहा है, मुस्कुराते हुए उन्होंने बताया। अपनी बात जारी रखते हुए उन्होंने कहा, 'प्रारंभ में बिना किसी कारण के आलोचना किये जाने पर मैं निराश हो गई थी। ऐसा भी समय था जब लोग मेरी आलोचना करते और मुझे गंभीरता से नहीं लेते थे क्योंकि मुझे फैशन करना और कपड़े पहनने का शौक था। मुझे बुरा लगता था लेकिन मुझे अभिनय और फिल्म निर्माण की प्रक्रिया से इतना प्यार है कि इसके प्रति मेरी धुन कम नहीं होती।' हाल में आई फिल्म 'द जोया फैक्टर' में उन्होंने दलकेर सलमान के साथ काम किया था। इस बारे में उन्होंने बताया, 'मुझे अभिनय और फैशन पसंद हैं। मैं हर चयन अपने विश्वास और धुन के आधार पर ही करती हूं, ये सोचते हुए कि इससे सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। मैंने धैर्य रखना सीख लिया है और जीवन में इसके महत्व का भी मुझे पता चल गया है।' प्रख्यात अभिनेता अनिल कपूर की पुत्री होने और सोनम के बारे में उनकी राय संबंधी प्रश्न पर उन्होंने कहा, 'मेरे डैड के लिए मेरा कॅरियर गौण है लेकिन उन्हें समय के साथ परिपक्व हुई अपनी बेटी से अत्यंत प्रसन्नता है। एक व्यक्ति के तौर पर उन्हें मुझपर गर्व है। मैंने अत्यंत कम आयु में अपना कॅरियर प्रारंभ किया था और लोगों और मीडिया की सघन निगरानी ने मुझे सशक्त किया है। मेरे पिता को ये बात अच्छी लगती है। उनके लिए एक अच्छा मनुष्य बनना बहुत महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्हें फिल्मों के मेरे चयन पर भी प्रसन्नता होती है।'

## टेड टॉक असल जीवन की कहानियों से दर्शकों को बांधे रखता है : शाहरुख



**मुंबई।** टेड टॉक के दूसरे सीजन के होस्ट के रूप में वापसी करने वाले सुपरस्टार शाहरुख खान का मानना है कि यह शो असल जीवन की कहानियों से दर्शकों को बांधे रखता है। शाहरुख ने कहा, यह शो किसी के जीवन की अच्छी बातों को लोगों तक पहुंचाता है। लोग नई बातों के मुकाबले अच्छी बातों से प्रेरित होते हैं चाहे वे किसी भी तरह से कही जाएं। मनोरंजन के दो पहलू होते हैं, या तो यह आपको हंसा सके या फिर यह आपको बांधकर रख सके।

उन्होंने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि टेड टॉक में आप नए लोगों से मिलते हैं, बातें करते हैं और वे लोग अपनी बातों से लोगों के जीवन पर छाप छोड़ते हैं। बातें करना आसान होता है, लेकिन संबंधित राह पर चलना मुश्किल होता है।


शाहरुख ने शो के बारे में कहा, मुझे यहां लोगों के दिल और दिमाग में झांकने का मौका मिलता है तथा इस तरह मैं बहुत कुछ सीखता हूं। आखिरी बार पर्दे पर फिल्म 'जीरो' में नजर आए अभिनेता शाहरुख खान का कहना है कि वे आगामी एक या दो महीने में अपनी अगली फिल्म की घोषणा करने वाले हैं। उन्होंने बताया कि वे फिलहाल दो, तीन स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। इस दौरान उनके साथ टीईडी के प्रमुख क्रिस एंडरसन, स्टार इंडिया (हिंदी एंटरटेनमेंट) के अध्यक्ष गौरव बनर्जी और स्टार इंडिया के प्रबंध निदेशक संजय गुप्ता भी मौजूद थे।

## अभिनेत्री दीपिका अस्पताल में भर्ती



**मुंबई।** टेलीविजन धारावाहिक 'ससुराल सिमर का' की अभिनेत्री दीपिका कक्कर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसे में उनके अभिनेता पति जल्द से जल्द उनके ठीक होने की दुआएं मांग रहे हैं। इसी धारावाहिक में काम करने वाले शोएब ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर दीपिका के साथ वाली अपनी एक तस्वीर साझा की। तस्वीर में दीपिका, शोएब की बांहों में लेटी हुईं नजर आ रही हैं। तस्वीर के कैप्शन में शोएब ने लिखा है, 'बस अब जल्दी ठीक हो जाओ यार बच्चा। जल्दी ठीक होने के लिए प्रार्थना कीजिए।' हालांकि दीपिका की बीमारी के बारे में अभी कोई खुलासा नहीं किया गया है। दीपिका ने साल 2010 में 'नीर भरे तेरे नैना देवी% के साथ टेलीविजन पर अपनी पारी की शुरुआत की थी। इसके बाद वह 'अगले जनम मोहे बिटिया न कीजो' में भी नजर आईं। साल 2011 से 2017 तक उन्होंने 'ससुराल सिमर का' में सिमर भारद्वाज का किरदार निभाया। 2015 में दीपिका ने 'झलक दिखला जा 8' में भाग लिया और 2017 में वह शोएब संग 'नच बलिए 8' में भी नजर आईं। दीपिका 'बिग बॉस 12' में भी शामिल हो चुकी हैं।

## अनकही कहानियों की विरासत आगे बढ़ाने का लक्ष्य : भारतबाला




**मुंबई।** फिल्म निर्माता भारतबाला अपनी सर्वाधिक महत्त्वाकांक्षी परियोजना वर्चुअल भारत के माध्यम से भारत की अनकही कहानियों की विरासत को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं। वंदे मातरम और जन गण मन जैसे बहुचर्चित एवं लोकप्रिय एलबम देने वाले फिल्म निर्माता भारतबाला अब अपने ड्रीम प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। उनका यह ड्रीम प्रोजेक्ट देश की 1,000 अनकही और सच्ची लघु कहानियों का एक संग्रह है। उन्होंने बताया कि यह परियोजना उनके पिता के लिए श्रद्धांजलि है। उनके पिता स्वतंत्रता सेनानी थे। देश से जुड़ी कहानियों को दुनिया के सामने लाने की प्रेरणा भी भारतबाला को अपने पिता से ही मिली। 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के आधिकारिक गीत जियो उठो बढ़ो जीतो संगीत वीडियो का निर्देशन करने वाले भारतबाला का मानना है कि जब कलाकार सांस्कृतिक रूप से सार्वभौमिक कहानियों को बयान करना चाहते हैं, तब वह भारतीय कहानियों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।वर्चुअल भारत के माध्यम से भारतबाला भारतीय संस्कृति, लोक-साहित्य, कला संगीत समेत भारत के विविध पहलुओं को दिखाना चाहते हैं।भारतबाला ने कहा मैं चाहता हूं कि जब कोई ए फिल्में देखे तो उसे भारतीय होने पर और भारतीय संस्कृति के बारे में गर्व महसूस हो। इन फिल्मों की समयावधि 10 मिनट से कम होगी।

## दिशा पटानी ने पशु क्रूरता रोकने की अपील की



**नई दिल्ली।** वन्यजीवों के संरक्षण को लेकर बॉलीवुड स्टार्स आगे रहते हैं। इतना ही नहीं वह अपने सोशल अकाउंट और नेशनल लेवल में लोगों को जानवरों को बचाने की अपील करते नज़र आते रहतें है। इसी बीच अभिनेत्री दिशा पटानी भी सामने आईं हैं। उन्होंने ट्विटर अकाउंट में एक पोस्ट शेयर करके पशुओं को बचाने की अपील की है। दिशा की पोस्ट की हुई इस तस्वीर में बाइक सवार मुर्गों को बांधकर लेकर जा रहा है। इसपर उन्होंने तस्वीर के साथ #Stop Animal Cruelty ट्वीट किया है। लेकिन दिशा को यह पोस्ट शेयर करना थोड़ा महंगा पड़ गया, क्योंकि इस पोस्ट के कारण वह ट्रोल हो गई। हर कोई यहीं कह रहा है कि अगर आप चिकन खाती है तो फिर दूसरों से कैसे उम्मीद कर सकती है। कई फैंस ने तो स्क्रीन शॉट्स लगाए है। जिनमे यह दिखाया गया कि दिशा सीफूड्स के अलावा चिकन, एग वर्कआउट के बाद खाती है।

## फिल्म कृष-4 पर जल्द काम शुरू करेंगे:ऋतिक



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन ने कहा कि वह जल्द ही सुपर हीरो पर आधारित फिल्म कृष की चौथी कड़ी पर काम शुरू करेंगे। इस फिल्म की पहली कड़ी कोई मिल गया थी जिसका निर्देशन उनके पिता राकेश रोशन ने 2003 में किया था। इसके बाद 2006 में कृष और 2013 में कृष-3 आई। ऋतिक रोशन ने 2017 में सुपरहीरो पर आधारित इस फिल्म की अगली कड़ी बनाने का फैसला किया। वार फिल्म के अभिनेता ने कहा कि वह इस फिल्म की कड़ी को लेकर उत्साहित हैं जिसे उनके पिता की खराब सेहत की वजह से टाल दिया गया था। राकेश रोशन को जनवरी में गले का कैंसर होने का पता चला था। ऋतिक ने कहा, फिल्म वार के बाद मैं अपने पिता के साथ बैठूंगा और सभी के साथ मिलकर कृष-4 पर दोबारा काम शुरू करेंगे। पापा की सेहत के मद्देनजर हमने इससे थोड़ा किनारा कर लिया था लेकिन अब वह बेहतर हैं, हम इस पर एक बार फिर काम शुरू करेंगे।

## ग्लैमर अवतार में दिखे महीनों हो गए: परिणीति



**मुंबई।** अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का कहना है कि पिछले कई महीनों से वह ग्लैमरस अवतार में नजर नहीं आई हैं क्योंकि वह 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' की हिंदी रीमेक और बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल की बायोपिक, इन दो यथार्थवादी फिल्मों में काम करने के चलते व्यस्त हैं। परिणीति ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपने ग्लैमरस अवतार को साझा किया। इस तस्वीर में वह एक लाल रंग की ड्रेस में नजर आ रही हैं। लाइट मेकअप और क्लासिक रेड लिपस्टिक के साथ परिणीति ने अपने इस लुक को कम्प्लीट किया है। तस्वीर के कैप्शन में परिणीति ने लिखा, 'फिलहाल साइना नेहवाल पर बन रही फिल्म की तैयारी में व्यस्त हूं और अभी-अभी 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' की शूटिंग पूरी हुई है। दोनों यर्थाथवादी फिल्में हैं। पिछले कई महीनो से मेकअप नहीं किया है! यह तस्वीर इंस्टाग्राम के लिए कम और मेरे लिए ज्यादा है। परिणीति ने हाल ही में फिल्म 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' की शूटिंग खत्म की है। यह इसी नाम से बनी हॉलीवुड फिल्म की हिंदी रीमेक है। फिल्म की कहानी साल 2015 में आई पाउला हॉकिन्स की बेस्ट सेलर किताब पर आधारित है। फिल्म की कहानी एक तलाकशुदा महिला की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक लापता व्यक्ति की जांच में इस कदर उलझ जाती है जो उसकी जिंदगी की दिशा ही बदल देती है। रिलायन्स एंटरटेनमेंट द्वारा इस साइकोलॉजिल थ्रिलर को प्रोड्यूस किया गया है। रिभु दासगुप्ता द्वारा निर्देशित यह फिल्म अभी तक शीर्षकविहीन है।

## पूजा बेदी की बेटी आलिया एफ ने किया तीन फिल्मों का करार



**मुंबई।** अभिनेत्री पूजा बेदी की बेटी अलिया ने निर्माता जय शिवाकरमणि के बैनर नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स के साथ तीन-फिल्मों का करार किया है।

प्रोडक्शन हाउस ने एक बयान में कहा कि इस युवा अभिनेत्री की पहली फिल्म सैफ अली खान और तब्बू के साथ जवानी जानेमन होगी।यह एक कामेडी फिल्म है जिसमें दिखाया गया है कि कैसे एक आदमी अपने जीवन की कड़वी सच्चाइयों का सामना करता है। आलिया एफ फिल्म में सैफ की बेटी का किरदार निभाएंगी। फिल्म में आलिया को लेने को बारे में निर्माता शिवाकरमणि ने कहा मैनें अपने मन की बात सुनी और आलिया को इस फिल्म में ले लिया। उनके साथ जवानी जानेमन में काम करने के बाद मुझे यह विश्वास हो गया कि आलिया अच्छे से जानती हैं कि उन्हें इस क्षेत्र में क्या करना है। फिल्म 29 नवंबर को रिलीज होने वाली है।

# बचाव अभियान का स्वाभाविक चित्रण है फिल्म 'द केव'

**हॉलीवुड फिल्म निर्देशक टॉम वॉलर ने अपनी आने वाली फिल्म 'द केव' के लिए वास्तविक स्थानों पर ही शूटिंग को प्राथमिकता दी है। फिल्म वास्तव में थाईलैंड के फुटबॉल खेलने वाले उन 12 लड़कों और उनके कोच की कहानी है जो पिछले साल थाईलैंड के पहाड़ों के एक बाढ़ग्रस्त गुफा पर फंस गए थे।**

इस कहानी ने दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर खींचा था। लेकिन संकल्पबद्ध थाई गोताखोरों ने समय और बाढ़ के विरुद्ध संघर्ष करते हुए 2 सप्ताह तक चले इस बचाव अभियान के बाद सभी 13 लोगों को उस बाढ़ग्रस्त गुफा से बचाने में सफलता प्राप्त की।

ये घटना पिछले साल जून और जुलाई के आरंभिक सप्ताह के दौरान घटी थी और इसी के तुरंत बाद फिल्म निर्देशकों द्वारा इस रोमांचकारी अभियान की पूरी कहानी को फिल्मी परदे पर उतारने की होड़ सी लग गई। इनमें से पहली फिल्म आपको इसी सप्ताह प्रीमियर होनी है। दक्षिण एशिया के बूसान फिल्म महोत्सव में वॉलर की इस फिल्म को दिखाया जाना है।

फिल्म इसी साल चली तीन महीने की शूटिंग के बाद पूरी हो चुकी थी लेकिन शूटिंग के बाद की प्रक्रियाओं के लिए इसमें थोड़ा समय लग गया। थाईलैंड में जन्मे ब्रिटेन में पलेबढ़े 45 वर्षीय वॉलर थाईलैंड की फुटबॉल टीम वाइल्ड बोअर्स की कहानी को किसी भी स्थिति में परदे पर लाना चाहते थे। थाइलैंड की ये फुटबॉल टीम और उसके कोच अभ्यास के बाद थैम लुआंग गुफा प्रांगण देखने गए थे जब वहां बाढ़ के कारण अचानक जलस्तर बढ़ने लगा। बचाव महाअभियान के बावजूद इन लड़कों और उनके कोच का पूरी नौ रातों तक कुछ भी पता नहीं चल सका था। बाद में एक विषेषज्ञ ने उन्हें ढूंढने में सफलता पाई। बाद में 8 दिन और लगे जिसके बाद ही उन्हें उस क्षेत्र से सुरक्षित निकाला जा सका।



वॉलर अपने पिता से मिलने आयरलैंड गए थे और वहीं उन्होंने ने इस पूरे घटनाक्रम को टेलिविजन पर देखा। उन्होंने बताया, 'मैंने सोचा कि परदे पर दिखाने के लिए ये अद्भुत कहानी साबित हो सकती है।' लेकिन बाद में टुकड़ों में चले बचाव अभियान को जोड़कर कहानी के रूप मे प्रस्तुत करना काफी चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। थाईलैंड में उस समय सैन्य सरकार सत्ता में थी। उन्हें ये कहानी बाहर जाने देने में कुछ समस्या थी। उन्होंने टीम के खिलाड़ियों या उनके माता-पिता से बात करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया। कई बार तो वॉलर को भी लगा कि उन्हें फिल्म निर्माण भी बंद करना पड़ सकता था। उनके लिए अच्छी बात ये थी कि चियांग रे प्रांत में थैम लुआंग गुफा की इस घटना के कई परिप्रेक्ष्य और रोचक चरित्र थे। इसमें बचावकर्ताओं की कहानियां भी अत्यंत रोचक थीं, विशेषकर उन गोताखोरों की जो दुनिया भर से उस बचाव अभियान में सहयोग करने आए थे। उन्होंने गोताखोरों की इसी स्वयंसेवी भावना को अपनी फिल्म की कहानी का आधार बनाया। जबकि कुछ अन्य लड़कों के दृष्टिकोण से इस कहानी को बनाने का सुझाव दे रहे थे। बाद में नेटफ्लिक्स ने थाई सरकार के साथ एक अनुबंध करके इस डील को अंतिम रूप देकर इस कहानी के अधिकार प्राप्त कर लिये।

वॉलर ने कहा, 'मेरा विचार ये था कि हम उन लोगों की कहानी बताने जा रहे हैं जिन्हें हम जानते ही नहीं जैसे कि गुफा में उतरने वाले गोताखोर जो दुनिया भर से अपनी स्वयं की पहल और जोखिम पर वहां जुटे थे। उन्होंने सहायता के लिए अपने सभी काम रोककर वहां आना जरूरी समझा। तभी मुझे लगा कि ये कहानी सभी के लिए अत्यंत रोचक होने वाली है कि उन लड़कों को किस प्रकार बाहर निकाला गया और इसके लिए उन्होंने क्या क्या किया।'

वॉलर ने बचाव दल के आधा दर्जन से अधिक लोगों को भी फिल्म का हिस्सा बनाया था ताकि वे अपना चरित्र स्वयं निभा सकें। उन्होंने बताया कि वे तो स्वाभाविक अभिनेता थे और वे पेषेवर अभिनेताओं से अच्छे ढंग से हिलमिल गए थे। उन्हें हमारी सटीक व्यवस्था और निर्माण से जुड़े लोगों का भी निकट सहयोग मिल रहा था जो बारीक से बारीक चीज पर नजर रख रहे थे।

वॉलर ने उन्हें बताया, 'आपको बस इतना करना है कि आप याद करके वही कीजिये जो आपने उस दिन किया था और उस समय आप क्या अनुभव कर रहे थे। हमारे लिए ये बहुत ही भावनात्मक क्षण थे क्योंकि ये वास्तव में हुआ था।' वॉलर ने बताया कि इस फिल्म का कुछ लोगों पर मानसिक प्रभाव पड़ सकता है जिसके कारण उन्हें पानी से डर भी घर कर सकता है। वॉलर ने बताया, 'ये पूरी तरह से मगन होने वाला अनुभव होगा जिसमें वातावरण की ध्वनि भी सम्मिलित होगी। ये अत्यंत अंधकारपूर्ण और धुंधली बन सकी है और पानी भी साफ नहीं है।' वैसे जब भी हॉलीवुड फिल्में बनती हैं तो उनमें जल को बिलकुल स्वच्छ दिखाया जाता है लेकिन इस फिल्म में जल को धुंधला रखा गया है और इस फिल्म में यही मुख्य अंतर है। हम फिल्म के माध्यम से एक वास्तविक अनुभव सामने लाना चाहते थे।' इसके कुछ दृष्य तो थैम लुआंग गुफा के प्रवेषद्वार पर ही फिल्माए गए हैं। लेकिन अधिकांष ऐक्शन दूसरे स्थानों पर फिल्माए गए हैं। हमनें उन जलगुफाओं में शूटिंग संपन्न की जहां सालभर बाढ़ रहती है। वास्तविक गुफाओं, बाढ़ग्रस्त सुरंग, गोताखोर और अंदर रेंगने के मामले में फिल्म प्रमाणिक है।। हमारे लिए ऐसी गुफाओं में टीम को ले जाना और वहां शूटिंग पूरी करना कम बड़ी उपलब्धि नहीं है। (फिल्म थाईलैंड में 28 नवंबर को रिलीज हो रही है)